राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 12 अप्रैल 2026
वर्ष 07, अंक 189, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

कैकेयी' के भव्य मंचन ने जीता दिल, देशभर में प्रदर्शन की उठी मांग...03

इस्लामाबाद मीटिंग के बाद चीन का बड़ा खेल, तेहरान में सैकड़ों टन बम और मिसाइल!..12

# बंगाल SIR: दलित मतुआ बीजेपी के कोर वोटर, फिर भी सबसे ज्यादा नाम कटे

**ब्यूरो प्रयागराज।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की मतदाता सूची में किए गए 'विशेष गहन संशोधन' (Special Intensive Revision - SIR) के चौंकाने वाले 6 सामने आए हैं। चुनाव आयोग द्वारा की गई इस विवादित प्रक्रिया में कुल 90 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। 'द हिंदू' द्वारा बूथ स्तर के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि हटाए गए नामों में 63% हिंदू और 34% मुस्लिम मतदाता हैं। हिंदू मतदाताओं में दलित मतुआ ज्यादा प्रभावित हुए हैं। कुल हटाए गए नामः 90 लाख -हिंदू मतदाताः 57.47 लाख (कुल कटौती का 63%) ,मुस्लिम मतदाताः 31.1 लाख (कुल कटौती का 34%)

यह आंकड़े इसलिए महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं क्योंकि 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य में मुस्लिम आबादी 27% है, जबकि मतदाता सूची से उनके नाम हटाने की दर 34% रही है, जो उनकी जनसंख्या के अनुपात से अधिक है। वहीं, हिंदू आबादी 70.54% है, जबकि नाम उड़ाने की दर 63% है। हालांकि इनमें से बहुत सारे नाम मृत लोगों, पता बदलने वाले, दस्तावेज पेश न करने वाले हो सकते हैं। लेकिन किसी ने चुनाव आयोग में चैलेंज नहीं किया है। इसीलिए चुनाव आयोग इसे वास्तविक आंकड़ा बता रहा है।

द हिन्दू की रिपोर्ट के अनुसार, भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे उन निर्वाचन क्षेत्रों में हिंदुओं के नाम बड़ी संख्या में काटे गए हैं जहाँ 'मतुआ' समुदाय का दबदबा है। मतुआ दलित हिंदू (नमोशूद्र) समुदाय का एक हिस्सा हैं, जो बड़ी संख्या में बांग्लादेश से विस्थापित होकर आए हैं। भाजपा ने इन्हें नागरिकता संशोधन अधिनियम (ष्ट) के तहत नागरिकता देने का वादा किया था। मतुआ समुदाय पर इसी रिपोर्ट में आगे पूरी जानकारी दी जाएगी।

उत्तर 24 परगना (बागदा सीट): यहाँ 50,230 नाम हटाए गए, जिनमें 46,826 हिंदू और 3,264 मुस्लिम थे।बोंगों उत्तरः 42,164 नाम हटाए गए, जिसमें 37,101 हिंदू और 4,310 मुस्लिम शामिल थे।जंगलमहल क्षेत्रः झाड़ग्राम जैसे जिलों में जहाँ मुस्लिम आबादी बहुत कम है, वहाँ करीब 94% हटाए गए नाम हिंदुओं के हैं। बांकुरा में यह आंकड़ा 91% और पुरुलिया में 88% है। एसआईआर के दौरान 60 लाख नामों को न्यायिक अधिकारियों द्वारा जांच के



दायरे में रखा गया था। 6 अप्रैल को इस प्रक्रिया के अंत में 27 लाख और नाम हटा दिए गए। लेकिन न्यायिक अधिकारी जहां एसआईआर के लिए अधिकृत थे, वहां सबसे अधिक कटौती मुस्लिम बहुल जिलों में देखी गई।


**मुर्शिदाबाद:** यहाँ 11.01 लाख नाम जांच के लिए भेजे गए थे, जिनमें से 4.55 लाख नाम काट दिए गए।मालदा और उत्तर 24 परगनाः यहाँ भी न्यायिक प्रक्रिया के दौरान क्रमशः 2.39 लाख और 3.25 लाख नाम हटाए गए।भबानीपुर और नंदीग्राम जैसे हाई-प्रोफाइल निर्वाचन क्षेत्रों में भी मुस्लिम मतदाताओं की कटौती हिंदुओं की तुलना में अधिक रही।

मतदाताओं की संख्या में बड़ी गिरावटः अक्टूबर 2025 में स्ढ्ढक्रप्रक्रिया शुरू होने से पहले राज्य में 7.66 करोड़ मतदाता थे। अब, मतदान से मात्र दो सप्ताह पहले, पश्चिम बंगाल में कुल मतदाताओं की संख्या घटकर 6.75 करोड़ रह गई है। यह 2021 के विधानसभा चुनाव के समय उपलब्ध 7.34 करोड़ मतदाताओं से भी काफी कम है। कई वर्षों तक, भाजपा का बंगाल के मतुआ शरणार्थियों के साथ संबंध एक ही वादे पर टिका था - पार्टी का समर्थन करें और उनकी नागरिकता को लेकर लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितता दूर हो जाएगी। लेकिन चुनाव आयोग के एसआईआर के बाद जारी अंतिम मतदाता सूची ने उस वादे को भगवा पार्टी की सबसे बड़ी कमजोरी में बदल दिया है। नदिया और उत्तर 24 परगना जिलों में मतुआ समुदाय के लाखों नामों को हटाए जाने से शरणार्थी हिंदू बहुल क्षेत्र में भाजपा के खिलाफ सुगबुगाहट देखी जा रही है। हालांकि 2019 से बंगाल में भाजपा को इस इलाके से भारी समर्थन मिलता रहा है।

टीएमसी ने भबानीपुर (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का क्षेत्र) से 2024 में 8,297 वोटों के अंतर से बढ़त बनाई थी। इस बार भाजपा के भारी भरकम नेता सुवेंदु अधिकारी यहां चुनाव लड़ने वाले हैं। भबानीपुर में 48,680 मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। टीएमसी ने कोलकाता पोर्ट, राशबिहारी, बालिगंज, चौरंगी, एंटली, बेलेघाटा, माणिकतला और काशीपुर-बेलगाछिया सीटों पर भी बढ़त बनाई थी। इनमें से चार सीटों पर अंतर 10,000 वोट से कम थाः **राशबिहारी-** 1,691 वोट,भबानीपुर- 8, 297 वोट, माणिकतला- 3,575 वोट, काशीपुर-बेलगाछिया- 7,268 वोट पांचों सीटों पर हटाए गए अधिकांश मतदाता मुस्लिम समुदाय के हैं, जो पिछले कई चुनावों में टीएमसी को वोट देते रहे हैं। ऐसे में इन सीटों पर टीएमसी के लिए खतरा बढ़ गया है। बाकी चार सीटों पर टीएमसी की बढ़त 25,000 वोट से ज्यादा थी, लेकिन वहां भी हटाने की संख्या बहुत बड़ी है, इसलिए पार्टी खुद को पूरी तरह सुरक्षित नहीं मान रही है।

## पीएम मोदी की सुरक्षा से समझौते का दावा... बिहार के इस शख्स ने अमेरिकी खुफिया एजेंसी को भेजा मैसेज, पैसे भी मांगे

**बिहार के बक्सर में शख्स को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में सेंध लगाने का दावा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है**




बिहार के बक्सर जिले में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है. उस पर आरोप है कि उसने एक विदेशी खुफिया एजेंसी की वेबसाइट पर मैसेज भेजकर दावा किया था कि वह पैसे के बदले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में सेंध लगा सकता है. इसकी जानकारी पुलिस की तरफ से दी गई. आरोपी की पहचान सिमरी इलाके के अमल कुमार तिवारी के रूप में हुई है. उसे गुरुवार रात को पकड़ा गया. पुलिस ने उसके घर से एक लैपटॉप, मोबाइल फोन और दूसरे डिजिटल सबूत जब्त किए हैं।

बक्सर पुलिस ने कहा कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि अमल कुमार ने अमेरिका की खुफिया एजेंसी की वेबसाइट पर एक मैसेज पोस्ट किया था. उसने भारतीय प्रधानमंत्री की सुरक्षा में सेंध लगाने के बदले पैसे की मांग की थी।

**डॉर्क वेब तक मैसेज के लिए कई ऐप्स का इस्तेमाल**

पुलिस ने बताया कि उसके जब्त किए गए मोबाइल फोन में कई वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) और कुछ ऐप्स इंस्टॉल मिले, जिनका इस्तेमाल डार्क वेब तक पहुंचने के लिए किया जाता था. VPN एक ऐसा टूल है जो सार्वजनिक नेटवर्क पर किसी के इंटरनेट ट्रैफिक के लिए एक एन्क्रिप्टेड, निजी सुरंग बनाता है, जिससे बेहतर गोपनीयता मिलती है. वहीं, डार्क वेब इंटरनेट का वह हिस्सा है जिसे सर्च इंजन इंडेक्स नहीं करते हैं और जिस तक पहुंचने के लिए विशेष सॉफ्टवेयर की जरूरत होती है।

पुलिस ने कहा कि उसके घर से नकली पहचान पत्र भी बरामद किए गए हैं, जिनका इस्तेमाल साइबर अपराधों के लिए किया जा रहा था. पूछताछ के दौरान, आरोपी ने इस घटना में खुद के शामिल होने की बात को स्वीकार कर लिया है. यह भी पता चला कि इससे पहले वह कोलकाता हवाई अड्डे की वेबसाइट को हैक करने की धमकी देने के एक मामले में भी शामिल रहा था. अमल तिवारी से पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### महंगाई भत्ते को लेकर कर्मियों-पेंशनभोगियों में भेदभाव न करें राज्य, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महंगाई से निपटने के लिए भत्ते बढ़ाने के मामले में राज्य सेवारत कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के बीच भेदभाव नहीं कर सकता। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समानता के अधिकार को बरकरार रखते हुए एक महत्वपूर्ण फैसले में, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने केरल राज्य और केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की ओर से दायर अपीलों को खारिज कर दिया और पुष्टि की कि महंगाई सेवारत और सेवानिवृत्त दोनों कर्मचारियों को समान रूप से प्रभावित करती है। फैसला लिखने वाले जस्टिस मिश्रा ने कहा, वास्तव में, समानता और मनमानी एक दूसरे के कट्टर दुश्मन हैं। एक गणतंत्र में कानून के शासन का हिस्सा है, जबकि दूसरा निरंकुश राजा की सनक और मनमानी का। संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का हवाला देते हुए, फैसले में कहा गया है कि यह वर्ग-आधारित कानून बनाने पर रोक लगाता है, लेकिन उचित वर्गीकरण की अनुमति देता है, जिसे दो कसौटियों को पूरा करना होगा। दोहरी कसौटियों के अनुसार, वर्गीकरण एक ऐसे बोधगम्य अंतर पर आधारित होना चाहिए जो एक समूह में रखे गए लोगों को दूसरों से अलग करता हो, और दूसरा, उस अंतर का अधिनियम से प्राप्त किए जाने वाले उद्देश्य के साथ तर्कसंगत संबंध होना चाहिए।

### यूजीसी कमेटी के सचिव मनीष जोशी हटाए गए

**ब्यूरो प्रयागराज** यूजीसी के मुद्दे पर सवर्ण समाज की लड़ाई के रुझान आने लगे हैं !इस मुद्दे को लेकर सवर्ण समाज में काफी आक्रोश पैदा हुआ था और पूरे देश में इसके विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया गयाओर बीजेपी के खिलाफ नारे लगे।यही नहीं कई सवर्ण अधिकारियों ने अपने पदों से इस्तीफा तक दे दियाऔर इसे समाज को बांटने वाला तथा सवर्ण समाज के बच्चों का भविष्य बरवाद करने वाला बताया।इसी बीच सर्वोच्च न्यायालय ने इस कानून पर स्थगन आदेश पारित कर दिया लेकिन सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की। लेकिन विरोध का असर सत्तारूढ़ बीजेपी को दिखाई पड़ने लगा और चुनाव में उसे अपना भारी नुकसान की आशंका हुई,जिसका असर यह हुआ यूजीसी कमेटी का संयुक्त सचिव को इस्तीफा देना पड़ा।

## माया की निद्रा में प्रशासन भागीरथ बने सुदामाबिलुप्त हो रही पौराणिक नदियों को बचाने की लड़ाई अब भूख हड़ताल

**माया रूपी निद्रा सबकी आंखों में हैः नेता की, अफसर की, ठेकेदार की, औरहमारी-आपकी भी। अगर अब भी नहीं जागे तो अगली पीढ़ी हमें पूछेगी राम की नदी कहां गई?' और हमारे पास जवाब नहीं होगा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में नदियों के संरक्षण और बढ़ाने के लिए किया जा रहा प्रयास के लिए धरना प्रदर्शन अब भूख हड़ताल में बदल दिया गया अधिकारियों द्वारा नदियों के उद्धार चंद्रमणि पांडे द्वारा जगह-जगह सफाई किया गया लेकिन प्रशासन नदियों के सफाई में पूर्व में हुए करोड़ों रुपए की घोटाले को दबाने के चक्कर में कोई अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा हैजब नदियां मरती हैं तो संस्कृति मरती है नदी सिर्फ पानी की धारा नहीं होती। वह सभ्यता की नस है। बस्ती और आसपास का इलाका इस मामले में सौभाग्यशाली रहा है कि यहां मनोरमा, कुआनो, रामरेखा जैसी पौराणिक नदियां बहती हैं। पर आज यही नदियां अपने अस्तित्व के लिए लड़ रही हैं। गाद से पटी, नालियों के जहर से काली, अतिक्रमण से सिकुड़ी। और इन्हें बचाने की मांग को लेकर पिछले चार दिन से चल रहा प्रदर्शन अब भूख हड़ताल में बदल गया है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला प्रशासन को 'गहरी निद्रा' से जगाने के लिए समाजसेवी चन्द्रमणि पांडे 'सुदामा' के नेतृत्व में आंदोलन चल रहा है। मांग तीन हैंः **एक पौराणिक नदियों में जल प्रवाह बहाल हो** दूसरा प्रदूषण मुक्ति के लिए ठोस कार्ययोजना बने तीसरा गाद निकालकर गहराई बढ़ाई जाएचार दिन तक धरना-प्रदर्शन के बाद जब प्रशासन नहीं चेता, तो आंदोलनकारियों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी फिर भी जिला प्रशासन और विधायक सांसद प्रतिनिधि यो के संरक्षण के लिए ना तो कोई बजट जारी कर रहे हैं ना ही समर्थन कर रहे हैं अधिकारी द्वारा पूर्व में नदी सफाई मेंकरोड़ों के घोटाले हुए अफसर शाही केवल फोटो खिंचवाने में नदी की सफाई करवा दिए हैं लेकिन नदी की हालत जस तस बनी हुई है

**कौन हैं चन्द्रमणि पांडे 'सुदामा'** चन्द्रमणि पांडे हरैया विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रह चुके हैं। जनसरोकार के मुद्दों पर मुखर हैं। आरोप-प्रत्यारोप के बीच उनकी छवि 'भ्रष्टाचार के दुश्मन और सामाजिक कार्यों में अग्रणी' की बनी है। कहा जाता है कि सामाजिक मुद्दों पर सरकार से भी टकरा जाते हैं, इसलिए वे संगठन में 'हजम नहीं हो रहे।' जनसामान्य में उन्हें 'सुदामा' नाम से पुकारा जाता है। कार्य भी सामाजिक कार्य में बाढ़-चल कैसा लेते हैं और गरीबों के मजलूमों के साथ धरने पर बैठकर उनको न्याय दिलाते हैं लेकिन जिला प्रशासन 5 दिन से 6 दिन से इस मामले को नहीं ध्यान दे रहा है कोई बड़ी घटना कभी भी घट सकती है क्योंकि सुदामा जी समाज सेवा के लिए अपनी जान भी कुर्बान कर देते हैं उन्होंने या महत्वपूर्ण के लिए धरना दिया आत्मदाह का भी प्रयास किया उन्हें अस्पताल भर्ती कराया गया था जहां पर उप जिला अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह द्वारा द्वारा उनकी मांगे मान कर धरना और आत्मदाह समाप्त कराया था लेकिन आज के प्रशासन कोई अधिकारी उन तक पहुंचाने की कोशिश नहीं कर रहा इसका जीता जागता है जिले के जिलाधिकारी अपनी जेब भरने में मत दिखाई दे रहे हैं बिना कार्य कराए ग्राम पंचायत में हो रहे भुगतानों को रोकने के लिए कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं न्याय दे पा रहा है

**मनोरमा उद्दालक की गंगा, आज बेहाल क्यों** सीता जी के मन को रमने वाले राम जी के प्राकट्य में सहाय मनोरमा को 'उद्दालक की गंगा' कहा जाता है। पौराणिक मान्यता है कि इसी के पावन तट पर मखौड़ा धाम स्थित मख क्षेत्र में ऋषि श्रृंगी ने महाराज दशरथ का पुत्रेष्टि यज्ञ कराया था। यज्ञ कुंड से अग्निदेव प्रकट हुए और पायस दिया, जिसके पान से राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का प्राकट्य हुआ। ऐसी



मोक्षदायिनी, मन को रमाने वाली मनोरमा का आज हाल बेहाल है।

**वर्तमान स्थितिः 5 बड़े संकट**

1. प्रदूषित जल- नगरों की नालियां, उद्योगों का दूषित जल, कई गांवों में शौचालय का बहाव सीधे नदी में जल काला, बदबू, जलीय जीवन समाप्त
2. गाद और उथलापन- दशकों से सिल्ट सफाई नहीं, गहराई 2-3 फीट बची बाढ़ में ओवरफ्लो, गर्मी में सूखा
3. अतिक्रमण तटों पर अवैध कब्जे, खेती, निर्माण नदी की चौड़ाई घटी, प्रवाह बाधित
4. उद्गम स्थल पर उपेक्षा स्रोत पर जलागम क्षेत्र में तालाब सूखे, चेकडैम टूटे नदी में पानी आना ही बंद
5. प्रशासनिक उदासीनता बजट आता है, कागज पर खर्च होता है, धरातल पर जीरो आस्था और पर्यावरण दोनों का नुकसान

शेष खबर..12

## मोनालिसा की शादी में बड़ा फर्जीवाड़ा, पति फरमान पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा, छिपाई गई कुंभ गर्ल की उम्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा की शादी का मामला अब नया मोड़ ले चुका है। जांच में सामने आया है कि जिस लड़की को बालिग बताकर शादी कराई गई थी, वह वास्तव में नाबालिग है। इसके बाद पति फरमान के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। राष्ट्रीय जनजाति आयोग (NCST) की जांच में यह खुलासा हुआ कि शादी के समय मोनालिसा की उम्र महज 16 वर्ष 2 माह थी। आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य के नेतृत्व में हुई जांच में संबंधित दस्तावेज और स्थानीय रिकॉर्ड की पड़ताल की गई।जांच के बाद मध्य प्रदेश के महेश्वर थाने में आरोपी फरमान के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

आयोग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय जनजाति आयोग की ओर से केरल और मध्य प्रदेश पुलिस के डीजीपी को दिल्ली तलब किया है, ताकि पूरे मामले की विस्तृत जानकारी ली जा सके और आगे की कार्रवाई तय की जा सके। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने



के बाद इस शादी को लेकर कई सवाल उठे थे, जिसके बाद आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की थी। जांच में उम्र संबंधी रिकॉर्ड सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और दस्तावेजों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फरमान मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बागपत जनपद के रहने वाले हैं। पिछले कुछ वर्ष पहले ही वह अपने परिवार को छोड़कर फिल्मों में काम करने का सपना लेकर मुंबई चले गए। यहीं पर उनकी मुलाकात मोनालिसा से हुई। इस जोड़े ने हाल ही में केरल में शादी की। जिसके बाद से ही ये मामला चर्चा में बना हुआ है। हालांकि फरमान के परिवार का कहना है कि वे इस शादी को नहीं मानते और न ही मोनालिसा को अपनी बहू के रूप में स्वीकार करते हैं।

## फिरोजाबादः किशोरी से दुष्कर्म मामले में पड़ोसी को आजीवन कारावास की सजा

- **न्यायालय ने दो लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया**
- **1.80 लाख रुपये पीड़िता को दिए जाने का आदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** न्यायालय ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दोषी पड़ोसी को आजीवन कारावास से दंडित किया है। साथ ही उस पर दो लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड में से 1.80 लाख रुपये पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया है।

**कोर्ट ने दो लाख रुपये का अर्थदंड लगाया** नारखी थाना क्षेत्र में पीड़िता के पिता ने 11 अगस्त 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसकी 13 वर्षीय बेटी को पड़ोसी दिलशाद बहला फुसला कर ले गया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर पीड़िता को अजमेर से बरामद किया था। बयान के बाद मामले में पास्को एवं दुष्कर्म की धारा बढ़ाई थी। जांच के बाद विवेचक ने दिलशाद के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया।

**नारखी थाना क्षेत्र में 2024 की थी घटना**

मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश एवं अपर विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या एक की न्यायाधीश करुणा सिंह की कोर्ट में हुई। अभियोजन की तरफ से एडीजीसी संजीव




शर्मा ने पक्ष रखा। साक्ष्य एवं गवाहों के बयान के आधार पर न्यायालय ने दिलशाद को दोषी पाया। उसे आजीवन कारावास और दो लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

**किशोरी को बहला फुसला कर ले जाने में दोषी को तीन वर्ष की सजा**

न्यायालय ने किशोरी को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में एक दोषी को तीन वर्ष की सजा और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला थाना दक्षिण क्षेत्र में 2020 का है। पीड़ित पिता ने बेटी को बहला फुसला कर ले जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। विवेचक ने जांच के बाद प्रदीप कुमार निवासी कोटकी पचोखरा के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश एवं अपर विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या एक की न्यायाधीश करुणा सिंह की कोर्ट में हुई। अभियोजन की तरफ से एडीजीसी संजीव शर्मा ने पक्ष रखा। साक्ष्य एवं गवाहों के बयान के आधार पर न्यायालय ने प्रदीप को दोषी पाया। उसे तीन वर्ष की सजा और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## दिल्ली के आनंद पर्वत इलाके में ट्रक की ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा, एक की मौत; भीड़ ने ड्राइवर को पीटा



**आनंद पर्वत में ट्रक ब्रेक फेल होने से हादसा।**

**अनियंत्रित ट्रक से कुचलकर एक व्यक्ति की मौत।**

**गुस्साई भीड़ ने चालक को पीटा, पुलिस को सौंपा।**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के आनंद पर्वत औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार को एक ट्रक की ब्रेक फेल हो जाने से भीषण सड़क हादसा हो गया। ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े लोगों पर चढ़ गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने गुस्से में आकर ट्रक चालक को मौके पर पकड़ लिया और जमकर पीटा। बाद में लोगों ने चालक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दिल्ली में 1991 का मर्डर सुलझा; 35 साल से फरार आरोपी बच्चों की शादी तक में नहीं गया, आखिर कैसे पकड़ा गया?

**आरोपी छवि लाल वर्मा लुधियाना से गिरफ्तार, सुरक्षा गार्ड था**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने 35 साल पुराने हत्या के मामले को सुलझाते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित वारदात के बाद वर्ष 1991 से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए देशभर में अपने ठिकाने बदलकर पुलिस को गुमराह कर रहा था।

**मकान मालकिन और उसे बेटे की हत्या की थी**

इसने लूटपाट का विरोध करने पर मकान मालकिन और उसके बेटे पर चाकू से कई वार किए थे, जिससे महिला की मौत हो गई थी। आरोपित की पहचान यूपी, सुल्तानपुर के छवि लाल वर्मा के रूप में हुई है, जिसे पुलिस टीम ने लुधियाना से गिरफ्तार किया। पुलिस इससे पूछताछ कर मामले में आगे की जांच कर रही है। उपायुक्त आदित्य गौतम के मुताबिक, दो अगस्त 1991 को त्रिलोक पुरी थाने में वेस्ट विनोद नगर इलाके में चाकूबाजी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर, पुलिस ने 55 वर्षीय पीड़िता को बेहोशी की हालत में पाया, जिसकी गर्दन पर चाकू के कई निशान थे। उसका लगभग 20 वर्षीय बेटा भी घायल मिला, जिसके चेहरे पर चाकू के घाव थे। दोनों पीड़ितों को तुरंत एलएन अस्पताल ले जाया गया, जहां महिला की मौत हो गई।




जांच के दौरान पता चला कि आरोपित छवि लाल वर्मा उनके घर में किराए पर रहता था।

**1996 में भगोड़ा घोषित किया गया था**

घटना के बाद आरोपित फरार हो गया और बाद में 10 मई 1996 को उसे पीओ घोषित कर दिया गया। मामला क्राइम ब्रांच को सौंपा गया और उसे पकड़ने के लिए एसीपी रमेश चंद्र की देखरेख में और इंस्पेक्टर मनमीत मलिक के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने पिछले छह महीनों में, टेक्निकल सर्विलांस और फील्ड इंटेलिजेंस के जरिए उस पर नजर रखी और आरोपित के घर पहुंचकर उसके रिश्तेदारों से जुड़ी जगहों पर काफी पूछताछ की।

**मुंबई, गोवा और कोलकाता समेत कई जगहों पर छिपा**

फिर मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपित लुधियाना, पंजाब में छिपा हुआ है। 10 अप्रैल को छापेमारी कर उसे दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसे लगता था कि उसकी मकान मालकिन के पास काफी नकदी है, क्योंकि उसका पति विदेश में रहता था। लूटपाट करने के इरादे से वह रात में उसके कमरे में घुस गया और मकान मालकिन और उसके बेटे के विरोध करने पर दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद वह 35 साल तक फरार रहा और गिरफ्तारी से बचने के लिए कोलकाता, मुंबई, नागपुर, गोवा और पंजाब में बार-बार जगहें बदलता रहा। वह अपने घर कभी नहीं लौटा और गिरफ्तारी के डर से अपने बच्चों की शादियों सहित परिवार के फंक्शन में भी शामिल नहीं हुआ। वह लुधियाना में सुरक्षा गार्ड के रूप में नौकरी कर रहा था।

## संक्षिप्त खबरें

### डेथ सर्टिफिकेट न बनाने को लेकर ग्राम पंचायत सेक्रेटरी की शिकायत

मुख्यमंत्री पोर्टल व तहसीलदार से की वृद्धा ने शिकायत

महमूदाबाद-सीतापुर विकास खण्ड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत सेमरी निवासिनी 60 वर्षीय वृद्धा अपने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दर दर की ठोकर खा रही है, वृद्धा का आरोप है कि ग्राम पंचायत सेक्रेटरी रिपोर्ट नही लगा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज महमूदाबाद तहसील पहुंचकर एसडीएम को संबोधित शिकायती पत्र महमूदाबाद के तहसीलदार को शिकायती पत्र दिया। वृद्धा रूपरानी ने बताया कि वह कई दिन से ब्लॉक रामपुर मथुरा के चक्कर लगा रही है, किन्तु ग्राम पंचायत सेक्रेटरी मिलते ही नही है, और जब मिलते है भी है तो मृत्यु प्रमाण पत्र सम्बन्धी कागजातों में रिपोर्ट लगाने में आनाकानी करते है। वृद्धा रूपरानी ने बताया कि उसके पति ब्रह्मादीन की मृत्यु 14 फरवरी 2016 में हो गई थी, जो परिवार रजिस्टर की नकल में दर्ज है, वृद्धा के पति पूर्व में स्थित महमूदाबाद कताई मिल में कर्मचारी थे, जिनकी मृत्यु उपरांत पति की पेंशन मिलना है, जो ऑनलाइन मृत्यु प्रमाण पत्र न बनने के कारण रुकी हुई है वृद्धा ने बताया कि वह असहाय है तथा उसके तीन पुत्रियां हैं जिनमें से एक पुत्री नेत्रहीन है और दो पुत्रियां शादी करने लायक हो गई है। उसने शिकायत की है कि ब्लॉक रामपुर मथुरा के ग्राम सेमरी के ग्राम पंचायत सेक्रेटरी रिपोर्ट नहीं लगा रहे हैं और बार-बार दौड़ा रहे हैं जिस कारण उसके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। उसने बीडीओ रामपुर मथुरा को ऑनलाइन और एसडीएम महमूदाबाद को संबोधित शिकायती पत्र तहसील जाकर तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देते हुए शिकायत की है और मांग की है कि उसके पति के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को आदेशित किया जाए।

### कानपुर ब्लॉक से लगभग रोजाना लेट रही शताब्दी एक्सप्रेस, मुंबई एसी सुपरफास्ट समेत कई ट्रेनें कैंसिल



**लखनऊ।** कानपुर में गंगा नदी के पुल पर डाउनलाइन के गर्डर को बदलने के कारण रेलवे ने ब्लाक लिया है। इस ब्लाक के चलते शताब्दी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के रूट बदल गए हैं। शताब्दी एक्सप्रेस जैसी वीआइपी ट्रेन को उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल पर रास्ता ही नहीं मिल रहा है। मुरादाबाद होकर लखनऊ पहुंची यह ट्रेन 3:05 घंटे लेट हो गई। वहीं, रविवार को इसका अधिक असर पड़ेगा। मुंबई से आने वाली एसी सुपरफास्ट को कानपुर में निरस्त किया जाएगा। जबकि एलटीटी-सीतापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस को तो साढ़े तीन घंटे कानपुर मे रोकने की तैयारी है। रेलवे 12 मई तक सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक मेगा ब्लाक लेकर गर्डर का बदलने का काम कर रहा है। हालांकि इसी स्थान पर आठ साल पहले भी करीब एक माह का ब्लाक लेकर गर्डर बदले गए थे। इस काम के कारण आठ घंटे तक डाउन लाइन पूरी तरह बंद रहती है। जबकि अप लाइन से ट्रेनों का संचालन होता है। शताब्दी एक्सप्रेस को वाया मुरादाबाद चलाया जा रहा है। शनिवार को यह ट्रेन सुबह 6:10 बजे अपने सही समय पर लखनऊ के लिए रवाना हुई थी। लखनऊ दोपहर एक बजे की जगह शाम 4:05 बजे आ सकी। लखनऊ जंक्शन पर यात्री प्लेटफार्म नंबर छह पर ट्रेन का इंतजार करते रहे। लखनऊ से ट्रेन डेढ़ घंटे की देरी से शाम पांच बजे रवाना हो सकी। शुक्रवार को भी यह ट्रेन डेढ़ घंटे और गुरुवार को एक घंटे लेट आयी थी। इसी तरह वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी जंक्शन-लखनऊ इंटरसिटी को गोविंदपुरी में निरस्त किया जा रहा है। आगरा-लखनऊ इंटरसिटी कानपुर में निरस्त हो रही है।

### उत्तर प्रदेश में तीन IPS अधिकारियों का ट्रांसफर, प्राची सिंह को जिले की कमान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लगातार मजबूत रखने के क्रम में योगी आदित्यनाथ सरकार आईपीएस अधिकारियों का लगातार तबादला कर रही है। बीते दिनों 12 आईपीएस अधिकारियों को पहली तैनाती दी गई तो शनिवार को तीन आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया। तीन में से दो अधिकारियों को जिले की कमान सौंपी गई है, जबकि एक को पुलिस महानिदेशक कार्यालय से अटैच किया गया है। एसपी संजीव सुमन को देवरिया से हटाया गया है। प्राची सिंह को एसपी अंबेडकरनगर और अभिजीत आर शंकर को देवरिया के पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात किया गया है। संजीव सुमन को पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। अभिजीत आर शंकर इससे पहले अंबेडकरनगर के एसपी थे और प्राची सिंह 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ में सेनानायक थीं।

# कैकेयी' के भव्य मंचन ने जीता दिल, देशभर में प्रदर्शन की उठी मांग

**● मुंबई में शानदार प्रस्तुति, दर्शकों ने बताया 'अविस्मरणीय अनुभव '**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मुंबई से विशेष रिपोर्ट-** अंधेरी (पश्चिम) स्थित वेदा कुनबा थिएटर में 2 अप्रैल को अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्थान, लखनऊ (ABSS थियेटर ग्रुप-मुंबई) द्वारा प्रस्तुत नाटक 'कैकेयी' का भव्य मंचन दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ गया। यह प्रस्तुति केवल एक नाटक नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और विचारोत्तेजक अनुभव बनकर उभरी। प्रख्यात रंगकर्मी राजेंद्र तिवारी के लेखन एवं निर्देशन में तैयार इस नाटक ने पारंपरिक धारणा से हटकर 'कैकेयी' के व्यक्तित्व को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया। नाटक में उनके त्याग, संघर्ष और मातृत्व के भाव को बेहद संवेदनशीलता के साथ मंचित किया गया, जिसने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया।

कुमार मंजुल के संगीत निर्देशन ने नाटक के हर दृश्य को जीवंत बना दिया। सशक्त संवाद, प्रभावशाली पटकथा, सटीक प्रकाश व्यवस्था और बैकग्राउंड स्कोर ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक अंत तक अपनी सीटों से जुड़े रहे। भावनात्मक दृश्यों में जहां आंखें नम हुई, वहीं कई मौकों पर तालियों की गूंज ने कलाकारों का उत्साह दोगुना कर दिया।

**कलाकारों ने बांधा समां**

नाटक में गीतांजलि चव्हाण, डिंपल नेगी, मोनिका भारती, देविका पटेल, अक्षयारिका दास, प्रिया पाचोरी, प्रतिक्षा निर्मल, कशिश रीना सिंह, शैरन मथायास, मनी कुमार, जय कुमार, कर्ण, कृष्णा, नकुल शर्मा, संदीप मिश्रा, ध्रुवा खानचंदानी, धैर्य खानचंदानी, प्रेम अग्रवाल, दीपक यादव, अर्श, साकेत राय और प्रांजल जेटली सहित सभी कलाकारों ने शानदार अभिनय किया। विशेष रूप से कैकेयी, मंथरा और दशरथ के दृश्यों ने दर्शकों के दिल को गहराई से छू लिया।

**तकनीकी टीम का भी रहा अहम योगदान** बैकस्टेज टीम की सटीक लाइटिंग, साउंड इफेक्ट्स और बेहतरीन समन्वय ने प्रस्तुति को और अधिक प्रभावशाली बना दिया।

**देशभर में प्रदर्शन की मांग** संस्था के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रमुख अश्वनी कुमार शुक्ला ने बताया कि नाटक को मिली अभूतपूर्व सराहना के बाद दर्शकों ने इसकी पुनः प्रस्तुति और देश के विभिन्न शहरों में मंचन की जोरदार मांग की है। कार्यक्रम के अंत में दर्शकों ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरी टीम का अभिनंदन किया, जो इस बात का प्रमाण था कि 'कैकेयी' ने हर दर्शक के दिल में अपनी खास जगह बना ली है।

## 'समाज सुधार में योगदान अविस्मरणीयट', केशव प्रसाद मौर्य ने ज्योतिबा फुले को किया नमन



**उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने ज्योतिबा फुले को श्रद्धांजलि दी।**

**फुले का समाज सुधार, शिक्षा में योगदान अविस्मरणीय।**

**नारी सशक्तिकरण और सामाजिक समता के लिए समर्पित।**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर समाज सुधारक एवं शिक्षाविद महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर नमन किया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज सुधार के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने सामाजिक समता, शिक्षा के प्रसार और नारी सशक्तिकरण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके विचार एवं कार्य आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। वे एक प्रखर विचारक, लेखक और क्रांतिकारी दार्शनिक भी थे। आज के समय में उनके आदर्शों को आत्मसात कर ही एक समरस और सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

## न्यायालय के आदेश पर दिगंबर जैन मंदिर की जमीन कब्जा मुक्त



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद-सीतापुर** कस्बे के वार्ड नई बाजार कोतवाली रोड़ स्थित दिगंबर जैन मंदिर की जमीन गाटा संख्या 103 जो राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, पर न्यायालय लघुवाद सीतापुर में कई वर्षों से विवाद चल रहा था मामले की गहन सुनवाई के बाद गत 12 जनवरी को न्यायालय ने मंदिर के पक्ष में फैसला सुनाया, न्यायालय के आदेश के फैसले के उपरांत मंदिर पक्ष द्वारा कब्जे की कार्यवाही शुरू की गई। न्यायालय ने मंदिर को जमीन का भौतिक कब्जा दिलाने हेतु आदेश पारित किया है। न्यायालय के आदेश अनुपालन में गत दिनांक 7 मार्च को स्थानीय पुलिस और मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में वीडियोग्राफी करवाते हुए एवं गवाहों के समक्ष मंदिर को कब्जा दिला दिया गया, विदित हो कि जिसकी रिपोर्ट भी न्यायालय को प्रेषित की गई है, उच्च न्यायालय से जीत के बाद विपक्षी दल द्वारा इस आदेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच में अपील दाखिल की गई थी, जिस पर उच्च न्यायालय ने मामले के तत्वों और मेरिट का बारीकी से अध्ययन करने के बाद दिनांक 25 3 2026 को मंदिर के पक्ष में फैसला सुनाया और विपक्षीगण की आपत्तियों को खारिज कर दिया। अफवाहों का खंडन करते हुए मंदिर प्रबंधन समिति का कहना है कि वर्तमान में महमूदाबाद नगर में कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा इस जमीन को लेकर तरह-तरह की भ्रातियां और अफवाहें फैलाई जा रही हैं, जो पूरी तरह निराधार और गलत है समिति स्पष्ट करती है कि मंदिर अपनी जमीन पर पूरी तरह से काबिज और दाखिल है जमीन का कब्जा न्यायालय, पुलिस प्रशासन और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में वैधानिक रूप से प्राप्त किया गया है, उच्च न्यायालय ने भी मेरिट के आधार पर मंदिर के हक में मोहर लगा दी है, जैन समाज के अध्यक्ष प्रदीप जैन ने सम्मानित आम जनमानस से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और केवल प्रमाणित तथ्यों पर ही विश्वास करें। जैन समाज के प्रयासों से कई वर्षों बाद न्यायालय के आदेश पर दिगंबर जैन मंदिर की जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करा दिया गया है। कोतवाली रोड पर स्थित अवैध कब्जे को न्यायालय ने हटाने का आदेश दिया, जिससे जैन समाज में खुशी की लहर है। न्यायालय को जैन समाज द्वारा बधाई भी दी गई है।

## लखनऊ में पुलिस ने कब्र की खुदाई कराकर निकाला सास का शव, बहू की करतूत जान दंग रह गए लोग



**● बहू ने प्रेम प्रसंग में बाधा बनी सास को जहर दिया।**

**● मजिस्ट्रेट की अनुमति से कब्र खोदकर शव बाहर निकाला गया।**

**● आरोपी बहू हिरासत में, भांजे की तलाश जारी है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**काकोरी (लखनऊ)।** काकोरी के इब्राहिम गंज में प्रेम प्रंसग में बाधा बनी सास को बहु ने रोटी में जहर देकर मार दिया था। मामले में जांच पड़ताल के लिये पुलिस ने मजिस्ट्रेट से अनुमति मिलने के बाद शनिवार को एसीपी काकोरी की मौजूदगी में कब्र की खुदाई कराकर शव को बाहर निकलवाया गया। निकाले गए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया ।

इब्राहिम गंज गांव निवासी मनोज रावत की पत्नी शालिनी रावत ने भांजे से प्रेम प्रंसग के चलते बाधा बन रही सास शांति देवी को बीती 5 अप्रैल को रात के खाने में रोटी में जहर मिला कर दिया था। जहर मिली रोटी खाने से सास की तबीयत बिगड़ गई। जिसकी इलाज के दौरान बीती 6 अप्रैल को मौत हो गई थी। परिजनों ने शांति देवी का शव खेत मे दफना कर अंतिम संस्कार कर दिया था। परिवार के एक नाबालिग सदस्य ने जहर देने की बात का खुलासा किया। जिसके बाद सख्ती पूछताछ के बाद आरोपी बहु शालिनी रावत ने घटना को स्वीकार कर लिया। मामले में पुलिस ने मनोज रावत की तहरीर पर शालिनी रावत व भांजे करन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी ।जांच पड़ताल में पुलिस ने जहर से मिली बची रोटी भी बरामद कर ली थी।

शनिवार को मजिस्ट्रेट से अनुमति मिलने के बाद एसीपी काकोरी शकील अहमद के मौजूदगी में पुलिस ने करीब 6 दिन पूर्व खेत मे दफनाई गई शांति देवी के शव को कब्र की खुदाई करा बाहर निकलवाया। 6 दिन पुराने शांति देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस दौरान मनोज रावत समेत परिजन मौजूद रहे।

एसीपी काकोरी शकील अहमद ने बताया कि मामले में आरोपी बहु शालिनी रावत हिरासत में है जबकि आरोपी भांजे करन की तलाश की जा रही है। वही एसीपी ने बताया कि पोस्टमार्टम में जहर की पुष्टि नही होगी। जहर की पुष्टि के लिये बिसरा को फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा। जिसके बाद जहर की पुष्टि होगी।

**ग्रामीण एकत्र रहे, गांव में रही दहशत**

मृतिका शांति देवी की कब्र की खुदाई शनिवार देर शाम ग्रामीणों की मदद से फावड़े से कराई गई। इस दौरान खेत के आस पास ग्रामीण एकत्र रहे। घटना को लेकर ग्रामीण आपस मे चर्चा करते रहे। वही गांव में दहशत बनी रही।

## 2027 का चुनाव भी साथ मिलकर लड़ेगी सपा-कांग्रेस? अखिलेश यादव ने खुद गठबंधन को लेकर क्लियर कर दिया रुख



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश के विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन के बरकरार रहने की बात दोहराई है। सपा प्रमुख ने कहा कि मौजूदा समय में जो गठबंधन है, वही विधान सभा चुनाव में भी काम करेगा, पार्टी किसी नए दल से गठबंधन नहीं करेगी। शनिवार को जयपुर में विजन इंडिया कार्यक्रम के बाद पत्रकार वार्ता में सपा प्रमुख ने कहा कि हमारी पार्टी ने अलग-अलग समय में गई पार्टियों से गठबंधन किया है और हमारे पास गठबंधन का काफी अनुभव है। इंडी गठबंधन यूपी में और मजबूत होगा।

**एसआइआर पर क्या बोले सपा प्रमुख?**

एसआइआर के प्रश्न पर कहा कि भाजपा ने फर्जी दस्तखत करके फार्म-7 के जरिए सपा के वोटरों का वोट काटने का षड्यंत्र किया। पीडीए प्रहरियों ने इस फर्जीवाड़े को पकड़ लिया, परंतु चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। अभी सपा हर बूथ पर जांच करेगी कि कहीं पार्टी के वोट के साथ कोई गड़बड़ी तो नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में नशे का कारोबार बढ़ रहा है। हर जिले में गांजा पकड़ा जा रहा है। अगर यह स्थिति रही तो आने वाले समय में ओटीटी पर गांजागंज और धुंआ-धुंआधार जैसी फिल्में भी आ जाएगी। एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा विरासत की दुश्मन है। भाजपा सरकार ने हमारी विरासत मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त करा दिया। अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को तोड़ दिया। भाजपा विरासत और इतिहास को मिटाकर अपना इतिहास बनाना चाहती है। जनता इस बार हराकर इनको जवाब देगी।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरैंचा में शिक्षा चौपाल सम्पन्न

**● अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाएं और उनके भविष्य को सुधारें:- पवन सिंह अध्यक्ष**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खैराबाद सीतापुर** संकुल धरैंचा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरैंचा में संकुल शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एस आर जी करुणेश मिश्र ने की जबकि कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राम किशोर को मुख्य अतिथि बनाया गया कार्यक्रम का सफल संचालन नोडल संकुल शिक्षक काज़िम हुसैन ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया इसके पश्चात विद्यालय की बच्चियों ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत पढ़ कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ इसके बाद सभी अतिथियों का माल्यार्पण तथा बैच लगाकर करके स्वागत किया गया। कार्यक्रम में एस आर जी करुणेश मिश्र के अतिरिक्त नोडल ए आर पी संजीव पटेरिया,जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ खैराबाद के अध्यक्ष नरेश मिश्र प्राथमिक के पवन कुमार सिंह मंत्री ज़हीर आलम तथा प्राथमिक के अमित त्रिपाठी वरिष्ठ उपाध्यक्ष काज़िम हुसैन,संकुल शिक्षक हसन जमाल रिज़वी मुदित पाण्डेय एजाज अहमद फ़ैजुल हसन तथा आयोजक अंजू राजवंशी तथा ग्राम प्रधान ने संबोधित किया।

इस अवसर पर करुणेश मिश्र ने कहा कि आप सभी लोग यह तय करें कि अपने आस पास के सभी छोटे बच्चों का प्रवेश सरकारी विद्यालय में ही करवाएं क्योंकि यह आज की आवश्यकता है श्री मिश्र ने कार्यक्रम के बारे में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से नई स्फूर्ति प्राप्त होती है। अध्यक्ष नरेश मिश्र एवं पवन कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम बहुत ही लाभप्रद और सारगर्भित रहा नेता द्वय ने कहा कि सरकार सरकारी विद्यालयों में हर प्रकार की सुविधा दे रही है कि हमारे बच्चे पढ़ लिखकर आगे बढ़ें लेकिन हम स्वार्थ वश अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजते ही नहीं है जिससे बच्चे कमज़ोर रहते हैं। ए आर पी संजीव पटेरिया ने कहा कि शिक्षा के बिना जिंदगी अधूरी है इस लिए अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाएं और अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजे। इसी अवसर पर मार्च माह में सबसे अधिक उपस्थिति वाले बच्चों को तथा ईको क्लब में अच्छा कार्य करने वाले बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया जबकि जूनियर हाईस्कूल के बच्चे जो विज्ञान प्रतियोगिता में उत्तीर्ण हुए थे उन्हें विज्ञान एक्सपोजर विजिट के लिए लखनऊ भेजा गया था उसमें संकुल धरैंचा के 12 बच्चे भी शामिल थे जिन्हें आज मेडल पहना कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम आयोजक अंजू राजवंशी प्रधानाध्यापिका तथा नोडल संकुल शिक्षक काज़िम हुसैन ने अतिथियों तथा उपस्थित अभिभावकों को उपहार देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में विद्यालय स्टाफ में फिरोजा बानो, प्रियंका वर्मा, रोली तिवारी, तथा संकुल शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया लेकिन विद्यालय स्टाफ ने बच्चों को तैयार करके विभिन्न प्रकार के गीत, नाटक आदि की प्रस्तुति करवाई जिसमें अनपढ़ बीवी, ईको क्लब एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नाटक, लिलिपुट डांस,बेटी हमारा गौरव,जुंबा डांस आदि की प्रस्तुतिकरण करवाई जिसको सभी ने सराहा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यालयों के बच्चों शिक्षकों अभिभावकों को जलपान एवं बच्चों को भोजन भी करवाया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान राम किशोर ने घोषणा करते हुए कहा कि यदि किसी प्रकार की ग्रांट पंचायत को मिली तो इस विद्यालय के जिन कक्षा कक्षों में टायलीकरण नहीं हुआ है उसे पूर्ण करवा दूंगा।अन्त में अंजू राजवंशी ने आभार व्यक्त किया और राष्ट्रीय गान के बाद कार्यक्रम के समापन की घोषणा कर दी गई।

## बच्चों को संस्कारवान बनाने में शिक्षक शिक्षिकाओं की अहम भूमिका: कुंवर दिव्यदर्शी

**● श्रद्धा मांटेसरी स्कूल बिसवा का परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बिसवा (सीतापुर)** श्रद्धा माण्टेसरी स्कूल दुर्गापुरी कालोनी सत्तिनपुरवा बिसवां का हिन्दी मीडियम का परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल जज बिसवां कुंवर दिव्यदर्शी, बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव एड ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि सिविल जज कुँवर दिव्यदर्शी ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करने के साथ ही साथ संस्कारवान बनाने विद्यालय परिवार के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चों की प्रगति देखकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि विद्यालय परिवार बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए सजगता के साथ शिक्षा प्रदान कर रहा है। सभी को बहुत बहुत बधाई एवं बच्चों को आशीर्वाद।

विद्यालय प्रबंधक प्रमोद कुमार श्रीवास्तव एड.एवं सह प्रबंधक अरुणेश कुमार श्रीवास्तव एड.के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सिविल जज बिसवां कुंवर दिव्यदर्शी सहित सभी अतिथियों द्वारा क्लास में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार,परीक्षाफल एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के सर्वाधिक अंक एवं प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड एवं अन्य बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के सम्मानित आचार्य प्रेम शंकर बाजपेई द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

विद्यालय के डायरेक्टर अरूणेश श्रीवास्तव, अध्यापिकाएं रुची वर्मा,पूर्णिमा मिश्रा,अंजनी यादव, सुनीता यादव, प्रिया वर्मा, शिवानी सिंह, प्रीती यादव ने आए हुए मुख्य अतिथि सिविल जज कुँवर दिव्यदर्शी,बिसवां बार एसोसिएशन सचिव नीरज श्रीवास्तव एडवोकेट,बिसवां बार एसोसिएशन अध्यक्ष राज किशोर यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कठेरिया एड, उपाध्यक्ष इंतिखाब आलम सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष अनमोल मौर्या एड,जितेंद्र कुमार मिश्रा, कौशल किशोर वर्मा,जितेन्द्र भार्गव आदि का बैज लगाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

विद्यालय परिवार के डायरेक्टर अरूणेश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सिविल जज बिसवां कुंवर दिव्यदर्शी, बिसवा बार एसोसिएशन अध्यक्ष राज किशोर यादव एवं सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव, संतोष कठेरिया,इंतिखाब आलम सिद्दीकी, प्रबंधक प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, जितेन्द्र मिश्रा, अनमोल कन्हैया, जितेन्द्र भार्गव, कौशल वर्मा, अमरेन्द्र श्रीवास्तव आदि अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार के प्रमोद कुमार श्रीवास्तव एड एवं अरुणेश श्रीवास्तव एड ने अतिथि रजनीकांत दीक्षित,प्रभाष को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव एवं उप प्रधानाचार्या श्रीमती अणिमा श्रीवास्तव ने विद्यालय परिवार की तरह से सभी सम्मानित अतिथियों के प्रति बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए साधुवाद दिया।

## यूपी में घर-घर जाकर समस्याओं का निस्तारण करेंगे विद्युत अधिकारी, 7 दिनों तक चलेगा अभियान, CM योगी का सख्त निर्देश

**● गलत बिलिंग पर तुरंत जांच, हेल्पलाइन 1912 की समीक्षा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की शिकायतों पर योगी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निर्देश के बाद यूपी पावर कॉरपोरेशन लि. ने पूरे प्रदेश में व्यवस्था सुधारने और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए व्यापक कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके लिए वह जल्द ही 7 दिनों का विशेष अभियान चलाएगा। इस अभियान के तहत अधिकारी घर-घर जाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं को जानेंगे और उसका यथाशीघ्र समाधान करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद उप्र. पावर कारपोरेशन लि. के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बैठक कर जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों का प्रतिदिन निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में 7 दिन का विशेष अभियान चलाने का भी निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं के बारे में जानेगा और उसका यथाशीघ्र समाधान करेगा।

**हर अधिकारी को सौंपी जाएगी जिम्मेदारी**

यूपी पावर कारपोरेशन लि. की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, इस अभियान में सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। किसी अधिकारी को 10 से 20 उपभोक्ताओं की तो किसी अधिकारी इससे भी ज्यादा उपभोक्ताओं की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। इसमें कॉर्पोरेशन एवं डिस्कॉम के अधिकांश कार्मिकों की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए हैं। इस अभियान के जरिये अधिकारी स्मार्ट मीटर और हेल्प लाइन नम्बर 1912 पर मिलने वाली शिकायतों का निदान करेंगे। इसके बाद उस शिकायत का फीडबैक लेकर विभाग को अवगत कराएगा।

**स्मार्ट मीटर से जुड़ी सभी शिकायतों का रोजाना निस्तारण**

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अध्यक्ष डॉ. गोयल ने लखनऊ स्थित शक्ति भवन में उप्र. पावर कारपोरेशन के प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार, डिस्काम के प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ अधिकारी के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि स्मार्ट मीटर से जुड़ी सभी शिकायतों का रोजाना निस्तारण किया जाए। डिस्कॉम स्तर पर इसके लिए बनाए गये कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग सेल लगातार समीक्षा करें। गलत बिलिंग पर जिम्मेदारी तय कर होगी कार्रवाई

इसके साथ ही डॉ. आशीष गोयल ने निर्देश दिया कि ओवर बिलिंग या गलत बिल नहीं बनने चाहिए। अगर उपभोक्ता गलत बिलिंग की शिकायत करता है तो तत्काल



जांच करके जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाए। साथ ही गलत बिल तत्काल ठीक किया जाए। इसमें हर स्तर पर सावधानी बरती जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की समस्याओं को तत्काल हल कराया जाए। साथ ही हेल्पलाइन नम्बर 1912 की लगातार समीक्षा करें। साथ ही इस पर आने वाली शिकायतों खासकर स्मार्ट मीटर से संबंधित सूचना और शिकायतों का उसी दिन निस्तारण किया जाए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. आशीष गोयल ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन निगेटिव बैलेंस के कारण स्वतः कट गए हैं, उनसे संपर्क कर यह समझने का प्रयास किया जाएगा कि उन्होंने रिचार्ज क्यों नहीं कराया। यह भी समझा जाएगा कि उन्हें किस तरह की समस्या आ रही है। साथ ही जिन उपभोक्ताओं के रिचार्ज कराने के बावजूद कनेक्शन नहीं जुड़ा है, उनके मामलों की भी गहन जांच कर तत्काल समाधान किया जाएगा।

# कोलकाता में मतदाता सूची बदलाव से बदलता चुनावी संतुलन

पश्चिम बंगाल की राजनीति में कोलकाता लंबे समय से तृणमूल कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है लेकिन हाल ही में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद जो तस्वीर सामने आई है वह आगामी चुनावों के लिए नए संकेत दे रही है इस प्रक्रिया के तहत शहर की सभी 11 विधानसभा सीटों से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं और यह संख्या इतनी अधिक बताई जा रही है कि वह कई सीटों पर पिछले चुनावों के जीत हार के अंतर से भी ज्यादा है ऐसे में यह स्वाभाविक है कि इस बदलाव का असर सीधे तौर पर चुनावी गणित पर पड़ेगा और राजनीतिक दलों की रणनीतियों को भी प्रभावित करेगा निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया को लेकर अलग अलग राजनीतिक व्याख्याएं सामने आ रही हैं जहां एक ओर इसे सूची को शुद्ध और अद्यतन करने की नियमित प्रक्रिया बताया जा रहा है वहीं दूसरी ओर इससे जुड़े सामाजिक और राजनीतिक प्रभावों पर भी चर्चा तेज हो गई है खासकर तब जब यह कहा जा रहा है कि हटाए गए मतदाताओं में बड़ी संख्या मुस्लिम महिला और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से जुड़े लोगों की है जिन्हें परंपरागत रूप से तृणमूल कांग्रेस का कोर वोट बैंक माना जाता रहा है ऐसे में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी के सामने नई चुनौती खड़ी होती दिख रही है क्योंकि जिन इलाकों में पहले मामूली अंतर से जीत मिली थी वहां अब समीकरण बदल सकते हैं। रासबिहारी मानिकतला काशीपुर बेलगछिया और भवानीपुर जैसी सीटें पहले से




ही प्रतिस्पर्धी रही हैं और यदि हजारों मतदाताओं के नाम सूची से हटते हैं तो इसका सीधा असर परिणामों पर पड़ सकता है। विशेष रूप से भवानीपुर सीट जहां से मुख्यमंत्री स्वयं चुनाव लड़ चुकी हैं वहां बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटने की खबर ने राजनीतिक हलकों में हलचल बढ़ा दी है यदि पिछले चुनावों में जीत का अंतर अपेक्षाकृत कम रहा हो और अब मतदाताओं का आधार बदल जाए तो स्वाभाविक रूप से मुकाबला और कड़ा हो जाता है हालांकि इस पूरे घटनाक्रम को केवल एक पार्टी के नजरिए से देखना अधूरा विश्लेषण होगा क्योंकि इसका प्रभाव भारतीय जनता पार्टी पर भी पड़ सकता है।

भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में कोलकाता सहित पूरे राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश की है और 2024 के लोकसभा चुनाव में भी उसे कुछ सीटों पर बढ़त मिली थी लेकिन जिन क्षेत्रों में हिंदी भाषी हिंदू मतदाताओं का प्रभाव माना जाता है वहां भी बड़ी संख्या में नाम हटने की बात सामने आ रही है ऐसे में भाजपा के लिए भी यह स्थिति पूरी तरह अनुकूल नहीं कही जा सकती सुवेंदु अधिकारी जैसे नेताओं के लिए यह जरूरी होगा कि वे अपने समर्थक वर्ग के बीच इस मुद्दे को समझें और उन्हें फिर से सूची में शामिल कराने की प्रक्रिया पर जोर दें क्योंकि यदि समर्थक मतदाता ही सूची से बाहर रह जाएं तो चुनावी रणनीति कमजोर पड़ सकती है यही कारण है कि विशेषज्ञ इस पूरी प्रक्रिया को दोधारी तलवार के रूप में देख रहे हैं एक ओर यह तृणमूल कांग्रेस के पारंपरिक वोट बैंक को प्रभावित कर सकती है तो दूसरी ओर भाजपा के उभरते आधार को भी झटका दे सकती है। इसके अलावा एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि मतदाता सूची से नाम हटने का मुद्दा केवल राजनीति तक सीमित नहीं है बल्कि यह लोकतांत्रिक भागीदारी से भी जुड़ा हुआ है यदि बड़ी संख्या में लोग मतदान के अधिकार से वंचित हो जाते हैं तो इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की व्यापकता पर भी सवाल उठ सकते हैं इसलिए यह आवश्यक है कि इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे और जिन लोगों के नाम किसी कारणवश हटे हैं उन्हें उचित अवसर दिया जाए कि वे अपनी पात्रता साबित कर सकें और सूची में दोबारा शामिल हो सकें ।राजनीतिक दृष्टि से देखें तो कोलकाता की 11 सीटें हमेशा से प्रतीकात्मक और रणनीतिक महत्व रखती हैं यहां का परिणाम पूरे राज्य की राजनीतिक दिशा का संकेत देता है यदि इन सीटों पर मुकाबला कड़ा होता है तो इसका असर राज्य स्तरीय सत्ता संतुलन पर भी पड़ सकता है। तृणमूल कांग्रेस के लिए यह समय अपने संगठन को मजबूत करने और उन वर्गों तक फिर से पहुंच बनाने का है जिन पर उसका परंपरागत भरोसा रहा है।

वहीं भाजपा के लिए यह अवसर भी है और चुनौती भी क्योंकि यदि वह इस स्थिति का लाभ उठाना चाहती है तो उसे जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ानी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके संभावित मतदाता सूची में बने रहें अंततः यह कहा जा सकता है कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर बदलाव ने कोलकाता की राजनीति को एक नए मोड़ पर ला खड़ा किया है। जहां किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन इतना तय है कि आने वाले चुनाव पहले की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी और अनिश्चित होंगे और सभी दलों को अपनी रणनीति नए सिरे से तैयार करनी होगी इस पूरी प्रक्रिया का अंतिम असर क्या होगा यह तो चुनाव परिणाम ही बताएंगे। लेकिन फिलहाल यह मुद्दा पश्चिम बंगाल की राजनीति के केंद्र में आ चुका है और आने वाले समय में इस पर बहस और तेज होने की संभावना है।

**कांतिलाल मांडोत**

# इस्लामाबाद वार्ता पर मंडराता संकट ईरान-अमेरिका संवाद, सुरक्षा खतरे और इजराइल की नाराज़गी



पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद इन दिनों अंतरराष्ट्रीय राजनीति का केंद्र बनी हुई है। यहां प्रस्तावित ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता केवल एक सामान्य कूटनीतिक बैठक नहीं, बल्कि मध्य पूर्व के बदलते समीकरणों का निर्णायक मोड़ मानी जा रही है। शहर को जिस तरह से सुरक्षा घेरे में लिया गया है, वह इस बात का संकेत देता है कि इस बैठक से जुड़े जोखिम कितने गंभीर हैं। सेरेना होटल के आसपास का पूरा इलाका बंद कर दिया गया है, हजारों सुरक्षाकर्मी तैनात हैं और हर आने-जाने वाले रास्ते पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। यह सब केवल एक बैठक के लिए नहीं, बल्कि उस संभावित खतरे के कारण है जो इसमें शामिल नेताओं पर मंडरा रहा है।

इस वार्ता में अमेरिका की ओर से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल शामिल हो रहा है। वेंस को एक संतुलित और व्यावहारिक नेता माना जाता है, जिन्होंने इस पूरे संकट के दौरान अपेक्षाकृत शांत और संयमित रुख अपनाया है। उनके साथ स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर जैसे प्रभावशाली लोग भी मौजूद हैं, जो पहले भी मध्य पूर्व की जटिल कूटनीतिक प्रक्रियाओं में भूमिका निभा चुके हैं। दूसरी ओर, ईरान की ओर से विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस वार्ता का नेतृत्व कर रहे हैं, जो अपने अनुभव और कूटनीतिक कौशल के लिए जाने जाते हैं। उनके साथ मोहम्मद बाघेर गालिबाफ जैसे प्रभावशाली नेता भी शामिल हैं, जिनकी भूमिका केवल राजनीतिक ही नहीं, बल्कि सैन्य और सुरक्षा मामलों में भी महत्वपूर्ण रही है।

इस पूरी प्रक्रिया में सबसे दिलचस्प और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इजराइल को इस वार्ता से पूरी तरह अलग रखा गया है। यही कारण है कि इजराइल इस समझौते को लेकर न केवल असहज है, बल्कि खुलकर विरोध भी कर रहा है। इजराइल की चिंता यह है कि यदि अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता होता है, तो इससे ईरान को क्षेत्र में और अधिक ताकत मिल सकती है। इजराइल लंबे समय से ईरान को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानता रहा है, और वह नहीं चाहता कि ईरान को किसी भी प्रकार की कूटनीतिक या सैन्य राहत मिले। इसके अलावा, लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ चल रही कार्रवाई भी इजराइल के लिए प्राथमिकता है, और वह इस संघर्ष को बीच में रोकने के पक्ष में नहीं दिखता।

इसी कारण से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का रुख काफी आक्रामक नजर आ रहा है। उन्होंने कई बार यह संकेत दिया है कि वे किसी भी ऐसे समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे, जो इजराइल की सुरक्षा के हितों के खिलाफ हो। हाल ही में लेबनान में हुए हमले इस बात का प्रमाण हैं कि इजराइल अपनी रणनीति से पीछे हटने के मूड में नहीं है। यह स्थिति अमेरिका के लिए भी चुनौतीपूर्ण बन जाती है, क्योंकि उसे एक ओर अपने सहयोगी इजराइल के हितों का ध्यान रखना है और दूसरी ओर ईरान के साथ तनाव कम करने की कोशिश करनी है।

इस पूरी स्थिति में पाकिस्तान की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। पाकिस्तान इस वार्ता के जरिए खुद को एक प्रभावशाली मध्यस्थ के रूप में स्थापित करना चाहता है। लंबे समय से कूटनीतिक स्तर पर हाशिए पर रहे पाकिस्तान के लिए यह एक बड़ा अवसर है। यदि यह वार्ता सफल होती है, तो पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि मजबूत होगी और उसे एक विश्वसनीय मध्यस्थ के रूप में देखा जाएगा। लेकिन यदि यह प्रयास विफल होता है, तो इसका उल्टा असर भी पड़ सकता है और पाकिस्तान की साख को नुकसान पहुंच सकता है।

सुरक्षा को लेकर पाकिस्तान की चिंता भी पूरी तरह वाजिब है। जिस तरह से ईरानी नेताओं को सुरक्षित तरीके से इस्लामाबाद लाने के लिए हवाई मार्ग पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई, वह इस बात को दर्शाता है कि किसी भी बाहरी हमले की आशंका को गंभीरता से लिया जा रहा है। आशंका यह भी है कि इजराइल या उसके सहयोगी किसी भी तरह से इस वार्ता को बाधित करने की कोशिश कर सकते हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान के भीतर सक्रिय आतंकी समूह भी इस तरह के उच्चस्तरीय आयोजन के लिए खतरा बन सकते हैं।

शहर में लागू लगभग बंद जैसे हालात इस बात का संकेत हैं कि सरकार कोई भी जोखिम उठाने को तैयार नहीं है। आम नागरिकों की आवाजाही सीमित कर दी गई है और केवल सुरक्षा बलों को ही प्रमुख क्षेत्रों में आने-जाने की अनुमति है। यह स्थिति एक तरह से यह भी दर्शाती है कि यह बैठक केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत संवेदनशील है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि इस्लामाबाद में होने वाली यह वार्ता केवल एक समझौते की कोशिश नहीं, बल्कि कई देशों के हितों, आशंकाओं और रणनीतियों का संगम है। जहां एक ओर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर इजराइल की नाराज़गी और संभावित हस्तक्षेप इस प्रक्रिया को और जटिल बना रहे हैं। पाकिस्तान के लिए यह एक बड़ी परीक्षा है, जिसमें उसकी कूटनीतिक क्षमता और सुरक्षा व्यवस्था दोनों की कसौटी परख ली जाएगी। आने वाले समय में यह स्पष्ट होगा कि यह वार्ता मध्य पूर्व में शांति की दिशा में एक कदम साबित होती है या फिर एक और असफल प्रयास बनकर रह जाती है।

**कांतिलाल मांडोत**

# कहानी: एक और अध्याय

साँझ धीरे-धीरे आँगन में उतर रही थी। सूरज की अंतिम किरणें जैसे किसी थके हुए यात्री की तरह दीवारों से टिककर ठहर जाना चाहती थीं। घर के कोने-कोने में एक अनकही निस्तब्धता पसरी हुई थी।

समीरा खिड़की के पास बैठी थी। सामने नीम का वही पेड़ था, जिसकी छाँव में कभी हँसी के छोटे-छोटे मेले लगा करते थे। आज उसी पेड़ की पत्तियाँ भी जैसे चुप थीं। हवा आती तो बस हल्की-सी सरसराहट होती– जैसे कोई पुरानी याद धीरे से दस्तक दे रही हो।

आज जीवन का एक और अध्याय बंद हो गया था। सुबह जब वह स्टेशन से लौटी थी, तब तक उसके भीतर कुछ टूट चुका था। प्लेटफॉर्म पर खड़ी गाड़ी दूर तक चली गई थी और उसके साथ जैसे कोई रिश्ता, कोई विश्वास, कोई सहारा भी धीरे-धीरे ओझल हो गया था।

**लोग कहते हैं—** समय सब कुछ सिखा देता है। पर समय कभी-कभी सिखाने से पहले बहुत कुछ छीन भी लेता है।

समीरा ने मेज़ पर रखी पुरानी डायरी खोली। पन्नों के बीच कुछ सूखे गुलाब के फूल दबे हुए थे। वे फूल किसी समय बहुत ताज़ा रहे होंगे–ठीक वैसे ही जैसे कभी उसके जीवन में उम्मीदें ताज़ा हुआ करती थीं।

**उसने एक पन्ने पर लिखा—** जीवन से आज एक और चैप्टर क्लोज़ हुआ। शायद मैं आज पहले से ज़्यादा अकेली हो गई हूँ। कल तक जो लोग उसके जीवन के केंद्र में थे, आज वे स्मृतियों के हाशिए पर चले गए थे।

**उसे याद आया—** जब पहली बार उसने सपनों के साथ जीवन की राह पकड़ी थी, तो लगा था कि रास्ते में साथ चलने वाले लोग कभी नहीं छूटेंगे। मगर रास्ते का सच अलग होता है– कई लोग कुछ दूर तक साथ चलते हैं, फिर किसी मोड़ पर चुपचाप अलग हो जाते हैं।

नीम के पेड़ से एक सूखी पत्ती टूटकर ज़मीन पर गिरी। समीरा ने उसे उठाया और हथेली पर रख लिया।

'क्या हर कहानी का अंत ऐसा ही होता है?' उसने मन ही मन पूछा। पर तभी भीतर कहीं से एक हल्की-सी आवाज़ आई–

'नहीं... यह अंत नहीं, बस एक अध्याय का विराम है। ' उसे अचानक महसूस हुआ कि जीवन किताब की तरह ही होता है। कुछ अध्याय बहुत उजले होते हैं, कुछ बहुत कठिन। लेकिन किताब तब तक खत्म नहीं होती, जब तक आखिरी पन्ना लिखा न जाए। समीरा उठी। उसने खिड़की खोल दी।

ठंडी हवा कमरे में भर गई। दूर आकाश में एक-एक कर तारे चमकने लगे थे। उसने डायरी के उसी पन्ने पर नीचे एक और पंक्ति लिखी–



'हाँ, आज मैं पहले से अधिक अकेली हूँ... पर शायद यही अकेलापन मुझे अपने असली स्वरूप से मिलाने वाला है। ' कभी-कभी जीवन हमें लोगों से नहीं, खुद से मिलाने के लिए अकेला कर देता है।

समीरा ने दीपक जलाया। कमरे में हल्की रोशनी फैल गई। बाहर रात गहराने लगी थी, लेकिन उसके भीतर कहीं एक छोटी-सी लौ जल चुकी थी–

**एक ऐसी लौ, जो कह रही थी—** कहानी अभी बाकी है।


**डॉ. प्रीति कुमारी**

# शिक्षित, आत्मनिर्भर नारियां राष्ट्र की संस्कृति, संस्कारों की सशक्त संवाहिका

आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई हैद्य वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है।

पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी में ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं।वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था ।

वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है कि बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित



बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है।


समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। आज का सबसे ताजा उदाहरण कॉमनवेल्थ गेम में महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है और गोल्ड मेडल की तालिका में साक्षी मलिक बहनो, फोगाट बहनों ने विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है। उन्होंने भारत के लिए एक स्वर्णिम इतिहास भी बनाया है।अब भारत में नारियों की स्थिति प्रथम पंक्ति में मानी जाती है। ऐसे में भारत में नारी शिक्षा, उनकी सहभागिता तथा उनकी आत्म निर्भरता भारत के भविष्य की शक्तिशाली ऊर्जा एवं संपत्ति ही होगी। भारत की नारियों को नमन, प्रणाम एवं अभिनंदन।

**संजीव ठाकुर**

# बिहार के मुख्यमंत्री पद के लिए उपयुक्त हैं - रविशंकर प्रसाद

बिहार, जो देश के प्रमुख और खनिज संपदाओं से समृद्ध राज्यों में गिना जाता है, जल्द ही एक नए नेतृत्व का साक्षी बन सकता है। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद मुख्यमंत्री पद पर परिवर्तन लगभग तय माना जा रहा है। ऐसे में राजनीतिक गलियारों में नए चेहरे को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी के भीतर मुख्यमंत्री पद के लिए कई नाम सामने आ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित लगभग एक दर्जन नेता इस दौड़ में बताए जा रहे हैं। हालांकि, इन चर्चाओं में देश के प्रख्यात विधिवेत्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद का नाम अपेक्षाकृत कम सुनाई देना आश्चर्यजनक है। रविशंकर प्रसाद भाजपा के अनुभवी और प्रभावशाली नेताओं में से एक हैं। वे अटल बिहारी वाजपेई और नरेंद्र मोदी की सरकारों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। उनके पिता भी जनसंघ के प्रमुख संस्थापकों में शामिल रहे हैं, जिससे उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि और भी सुदृढ़ बनती है। एक कुशल वकील के रूप में सर्वोच्च न्यायालय में उनकी पहचान रही है, और कानून के गहरे जानकार होने के कारण उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों की व्यापक समझ है। यही कारण है कि वे भाजपा ही नहीं, बल्कि पूरे देश में एक प्रभावशाली और विश्वसनीय प्रवक्ता के रूप में जाने जाते हैं।

सुशील कुमार मोदी के निधन और नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद



बिहार की राजनीति में एक नया शून्य उत्पन्न हुआ है। इस परिप्रेक्ष्य में रविशंकर प्रसाद का शांत, संतुलित, शालीन और बेदाग व्यक्तित्व उन्हें मुख्यमंत्री पद के लिए एक मजबूत और उपयुक्त दावेदार बनाता है। वे न केवल एक अनुभवी राजनेता हैं, बल्कि बिहार के सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने की गहरी समझ भी रखते हैं। यदि भाजपा राज्य में अपनी पकड़ को और मजबूत करना चाहती है, तो उसे ऐसे ही अनुभवी और जनस्वीकार्य नेतृत्व पर विचार करना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में भाजपा नेतृत्व ने कई अप्रत्याशित लेकिन रणनीतिक निर्णय लिए हैं। ऐसे में, पार्टी के स्थापना के 47वें वर्ष में बिहार को पहला भाजपा मुख्यमंत्री देने के अवसर पर, एक परिपक्व, अनुभवी और लोकप्रिय चेहरे का चयन करना समय की मांग है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भाजपा नेतृत्व रविशंकर प्रसाद के रूप में बिहार को एक सक्षम नेतृत्व प्रदान कर राज्य के विकास को नई दिशा देगा और प्रदेशवासियों को एक नई सौगात देगा।

**अरविंद रावल**

# परिवर्तन की दहलीज पर बिहार

बिहार एक बार फिर परिवर्तन के मुहाने पर खड़ी है। यह परिवर्तन केवल शासन के शीर्ष पर बैठे व्यक्ति का बदलाव नहीं है, बल्कि बिहार की उस राजनीतिक शैली का अंत है जिसने पिछले दो दशकों से राज्य की दिशा तय की थी। लंबे समय तक राज्य की बागडोर संभालने वाले नीतीश कुमार का राज्यसभा की ओर प्रस्थान करना एक ऐसे शून्य को जन्म दे रहा है, जिसे भरने के लिए दिल्ली से लेकर पटना तक मंथन की लहरें उठ रही हैं। उनके प्रस्थान के साथ ही यह लगभग निश्चित हो गया है कि वे मुख्यमंत्री पद का त्याग करेंगे। यह क्षण केवल एक पद की रिक्ति नहीं, बल्कि बिहार में एक नए युग के सूत्रपात का प्रतीक है। अब तक बिहार की राजनीति गठबंधन के इर्द-गिर्द घूमती रही थी, जहाँ क्षेत्रीय दलों का वर्चस्व रहा, किंतु वर्तमान परिस्थितियाँ संकेत दे रही हैं कि अब भारतीय जनता पार्टी पहली बार पूर्ण रूप से और स्वतंत्र रूप से मुख्यमंत्री पद की कमान संभालने की तैयारी में है। यह राजनीतिक परिदृश्य भाजपा के लिए जितना गौरवशाली है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी है, क्योंकि अब तक वह सहयोगी की भूमिका में थी, परंतु अब सफलता और विफलता का संपूर्ण दायित्व उसी के कंधों पर होगा।

देश की राजधानी दिल्ली में इस समय बैठकों का अनवरत क्रम जारी है। इन उच्चस्तरीय चर्चाओं का मुख्य केंद्र वह चेहरा है, जो बिहार के भविष्य की रूपरेखा तैयार करेगा। विभिन्न नामों पर गहन विचार-विमर्श हो रहा है, जिसमें सबसे प्रबल नाम सम्राट चौधरी का उभरकर सामने आया है। वर्तमान में उपमुख्यमंत्री का उत्तरदायित्व निभा रहे सम्राट चौधरी की संगठन में पकड़ अत्यंत सुदृढ़ मानी जाती है। राजनीतिक विश्लेषकों और जनसंचार माध्यमों के विवरणों के अनुसार, वे इस दौड़ में अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। उनकी पहचान एक प्रखर और आक्रामक नेता के रूप में रही है। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने और विपक्षी दलों के समक्ष एक सशक्त प्रतिरोध खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके व्यक्तित्व में वह संगठनात्मक क्षमता दिखाई देती है जो इस समय सत्ता परिवर्तन के दौर में पार्टी की पहली प्राथमिकता हो सकती है।

तथापि, बिहार जैसी जटिल राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले राज्य में केवल अनुभव और पद ही निर्णय के आधार नहीं होते। यहाँ की राजनीति की आत्मा जातीय समीकरणों, सामाजिक संतुलन और सूक्ष्म चुनावी रणनीतियों में बसती है। ऐतिहासिक रूप से बिहार में जातीय पहचान एक निर्णायक कारक रही है। इसी कारण राष्ट्रीय नेतृत्व किसी ऐसे व्यक्तित्व की खोज में है जो समाज के विभिन्न वर्गों को एक सूत्र में पिरो सके। सम्राट चौधरी अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंध रखते हैं, जो बिहार के सामाजिक और राजनीतिक मानचित्र पर अत्यंत प्रभावशाली और संख्यात्मक रूप से सशक्त समूह है। ऐसे में उनका नाम चर्चा में सबसे ऊपर होना स्वाभाविक है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व यह भली-भाँति जानता है कि यदि इस वर्ग का पूर्ण समर्थन प्राप्त करना है, तो उन्हें सत्ता के शीर्ष पर प्रतिनिधित्व देना एक रणनीतिक आवश्यकता बन जाता है।

परिवर्तन की इस लहर में एक और नाम अत्यंत तीव्रता से उभरा है, और वह है श्रेयसी सिंह का। वे एक युवा, शिक्षित और लोकप्रिय प्रत्याशी के रूप में देखी जा रही हैं। उनकी ख्याति केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, अपितु अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में भी उन्होंने राष्ट्र का मान बढ़ाया है। उनके दिवंगत पिता दिग्विजय सिंह एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार से रहे हैं, जिससे उन्हें एक समृद्ध विरासत और राजनीतिक समझ विरासत में मिली है। यदि भारतीय जनता पार्टी महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने और युवाओं के बीच अपनी पैठ बढ़ाने की योजना पर कार्य करती है, तो श्रेयसी सिंह एक अत्यंत प्रभावी विकल्प सिद्ध हो सकती हैं। बिहार के इतिहास में महिला मुख्यमंत्री का प्रयोग अत्यंत विरल रहा है, ऐसे में यह कदम न केवल राज्य की आधी आबादी को एक सशक्त संदेश देगा, बल्कि राजनीति के पारंपरिक ढर्रे को बदलने का एक साहसपूर्ण प्रयास भी माना जाएगा।

इन दो प्रमुख नामों के अतिरिक्त, राजनीतिक गलियारों में संजीव चौरसिया, जनक राम और धर्मशीला गुप्ता जैसे नामों की भी चर्चा है। संजीव चौरसिया का अपना एक समर्पित कार्यक्षेत्र और सामाजिक आधार है, वहीं जनक राम अनुसूचित जाति के प्रतिनिधित्व और अपनी सादगीपूर्ण कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। धर्मशीला गुप्ता का नाम भी सांगठनिक निष्ठा के कारण दौड़ में बना हुआ है। इन सभी नेताओं के अपने-अपने क्षेत्रीय प्रभाव हैं जो उन्हें इस महत्वपूर्ण पद की गरिमा के अनुकूल बनाते हैं। पार्टी के समक्ष सबसे बड़ी दुविधा यह है कि वह ऐसे नाम का चयन करे जो न केवल दल के भीतर निर्विवाद रूप से स्वीकार्य हो, बल्कि आम जनता के बीच भी विश्वास और आशा का संचार कर सके। दिल्ली की बैठकों का उद्देश्य मात्र एक नाम का चयन करना नहीं है, बल्कि एक ऐसी व्यापक कार्ययोजना तैयार करना है जो आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी को विजय के द्वार तक ले जा सके। पार्टी यह सुनिश्चित करना चाहती है कि नया मुख्यमंत्री न केवल लोकप्रिय हो, बल्कि उसमें प्रशासनिक दक्षता और राजनीतिक संतुलन बनाए रखने का धैर्य भी हो। बिहार का यह घटनाक्रम केवल प्रादेशिक सीमाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध राष्ट्रीय राजनीति से है। नीतीश कुमार का केंद्र की राजनीति में जाना यह स्पष्ट संकेत है कि राष्ट्रीय स्तर पर नए समीकरणों की रचना हो रही है। उनके हटने से बिहार में सत्ता का केंद्र पूरी तरह परिवर्तित हो जाएगा। अब तक की कार्यशैली में क्षेत्रीय दलों की मान्यताओं का सम्मान करना अनिवार्य था, किंतु अब भाजपा को अपनी नीतियों, योजनाओं और विकास के एजेंडे को स्वतंत्र रूप से लागू करने का ऐतिहासिक अवसर प्राप्त होगा। यह परिवर्तन प्रक्रिया जितनी सुगम दिखाई दे रही है, उतनी है नहीं। दल के भीतर भी विभिन्न वैचारिक समूह और क्षेत्रीय आकांक्षाएँ सक्रिय हैं। हाल ही में पटना की सड़कों पर सम्राट चौधरी के पक्ष में लगे और फिर हटाए गए विज्ञापनों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अंतिम सहमति की राह में अभी कुछ अवरोध शेष हैं। यह आंतरिक मंथन इस बात का प्रमाण है कि पार्टी कोई भी निर्णय लेने से पूर्व सभी पक्षों को संतुष्ट करना चाहती है।

पिछले दो दशकों से बिहार की सत्ता में जो स्थिरता देखी गई, वह अब एक नए मोड़ पर है। नीतीश कुमार का लंबा कार्यकाल राज्य में विकास और कानून व्यवस्था के लिए जाना गया, किंतु अब जनता एक नए दृष्टिकोण और आधुनिक सोच की प्रतीक्षा कर रही है। नया मुख्यमंत्री केवल एक प्रशासनिक प्रमुख नहीं होगा, बल्कि वह उस नई पीढ़ी की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब भी होगा जो रोजगार, तकनीकी विकास और बेहतर जीवन स्तर की मांग कर रही है। यह पहली बार है जब भारतीय जनता पार्टी अपने सामर्थ्य पर बिहार का नेतृत्व करेगी। यह उसके लिए जहाँ अपनी क्षमता सिद्ध करने का एक सुनहरा अवसर है, वहीं एक कठिन परीक्षा भी है। अब वह गठबंधन के साथियों पर अपनी विफलता का दोष मढ़ने की स्थिति में नहीं होगी।

सम्राट चौधरी की आक्रामकता हो या श्रेयसी सिंह का नवीन दृष्टिकोण, जो भी निर्णय लिया जाएगा वह बिहार के आने वाले दशकों की नियति तय करेगा। पार्टी नेतृत्व कभी-कभी पूर्णतः अप्रत्याशित चेहरे को सामने लाकर सबको चकित करने की प्रवृत्ति भी रखता है, जैसा कि हमने हाल के वर्षों में अन्य राज्यों में देखा है। ऐसे में किसी नए या कम चर्चित चेहरे की संभावना को भी नकारा नहीं जा सकता। अंततः, बिहार इस समय एक महान राजनीतिक संक्रमण काल से गुजर रहा है। यह संघर्ष केवल पदों का नहीं, बल्कि वैचारिक अधिष्ठान, सामाजिक न्याय और भविष्य की विकासोन्मुख राजनीति का संगम है। आने वाले कुछ दिन बिहार की राजनीति के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे, क्योंकि इन्हीं दिनों में यह तय होगा कि गंगा की इस पावन भूमि पर शासन का अगला सूर्य किस रूप में उदित होगा। पूरा राज्य और देश अब उस अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा कर रहा है जो बिहार की सत्ता की नई दिशा और दशा को निर्धारित करेगा।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ऐनुअल फंक्शन में पीएसटी के बच्चों ने दिखाया टैलेंट



**-प्रशस्ति पत्र व मेडल से नवाजा**

**रूद्रपुर, देवरिया।** तहसील क्षेत्र के लक्ष्मीपुर स्थित पीएसटी एलिमेंट्री स्कूल में शुक्रवार को एनुअल फंक्शन व रिजल्ट डिस्ट्रीब्यूशन धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बच्चों ने एक से एक टैलेंट का परिचय दिया तो वहीं स्कूल प्रशासन ने उन्हें प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित भी किया। 4 घंटे तक अनवरत चले वार्षिक उत्सव समारोह में स्कूल के बच्चों ने एक से एक भाव नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। अभिभावकों और बच्चों से खचाखच भरे स्कूल परिसर में लोगों ने बच्चों की कला का तालियों की गड़गड़ाहट से भरपूर समर्थन किया। संचालक विकास पांडे व जूनियर संचालक विद्यालय के दो बच्चों ने अपनी प्रस्तुतीकरण से अभिभावकों का भरपूर मनोरंजन किया। समारोह में अभिभावकों के अलावा पत्रकारिता जगत और शिक्षा जगत से जुड़े तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रेम मुफलिस,सत्यजीत मनि, रविकांत मणि त्रिपाठी सुशील तिवारी अभिषेक मणि वैभव कुमार रूपा प्रतिभा द्विवेदी अंजू त्रिपाठी श्याम जी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। प्रधानाचार्य अभिषेक त्रिपाठी ने सभी का स्वागत किया व अतिथियों को सम्मानित भी किया। वही स्कूल के डायरेक्टर रत्नेश त्रिपाठी ने आए हुए सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया व बच्चों की कला पर शिक्षकों को साधुवाद दिया।

### मार्निंग वॉक करते समय व्यक्ति को स्कूटी चालक ने मारी टक्कर




**सड़क पर चल रहा व्यक्ति हुआ बुरी तरह घायल**

**गोलाबाजार गोरखपुर-** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम चिलवां निवासी सचिव साधन सहकारी समिति चिलवां एवंरानीपुर घनश्याम मौर्य को शनिवार की सुबह छः बजे मार्निंग वाक करते समय चिलवां से गोला कौड़ीराम रोड पर स्थित डड़वापार चौराहे के पास डाड़ी कि तरफ से आ रहा स्कूटी चालक ने उन्हें पीछे से ठोकर मार दिया। ठोकर इतनी जबर दस्त लगा कि वह मुंह के बल गिर पड़े बेसुध हो गए। स्कूटी चालक मौका देख वहां फरार हो गया। वहां भीड़ जुट गई दुर्घटना की जानकारी जब मौर्य परिवार को लगी तो परिजन आकर उनको गोरखपुर एक निजी अस्पताल पर ले गए। जहाँ पर वह आई सी यू में भर्ती हैं । इलाज चल रहा है।

### डंपर की टक्कर से 11 हजार वोल्ट बिजली का पोल टूटा, ग्रामीणों में आक्रोश

**गोलाबाजार गोरखपुर ।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम चवरिया में डंपर की लापरवाही के कारण शनिवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ग्रामीण देवनारायण यादव के घर के पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन का बिजली पोल डंपर की टक्कर से टूटकर उनके मकान की छत पर गिर गया। घटना से पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। प्राप्त विवरण के अनुसार, मिट्टी ढुलाई के लिए रात के समय डंपरों का लगातार आवागमन होता है। शनिवार सुबह करीब छह बजे तेज रफ्तार डंपर ने बिजली के पोल में टक्कर मार दी। इससे पोल टूटकर मकान की छत पर गिर गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

पीड़ित देवनारायण यादव ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले भी इन्हीं डंपरों की चपेट में आकर उनकी गाय के बछड़े का पैर टूट गया था। जब उन्होंने डंपर संचालकों से इस रास्ते से वाहन न चलाने की बात कही, तो उन्हें गाली-गलौज के साथ जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद ग्रामीणों में रोष है। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस से शिकायत की है।

# गोरखपुर में फर्जी शादी के नाम पर अंतरराज्यीय ठगी गैंग का भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर-** थाना चिलुआताल पुलिस ने एक बड़े अंतरराज्यीय ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 6 अभियुक्तों और 1 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह शादी का झांसा देकर लोगों को गोरखपुर बुलाता था और फर्जी शादी रचाकर खुद को पुलिस अधिकारी बताकर बंधक बनाकर लाखों रुपये की वसूली करता था। पुलिस ने इनके कब्जे से 1,66,600 रुपये नकद, दो फर्जी पुलिस पहचान पत्र और दो आधार कार्ड बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में की गई। थाना चिलुआताल की टीम ने मुकदमा संख्या 247/26 में वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, गिरोह का सरगना राजू शर्मा अपने साथियों के साथ मिलकर अन्य राज्यों के लोगों को शादी का झांसा देता था। पीड़ित को लड़की की फोटो भेजकर विश्वास में लिया जाता और फिर उसे गोरखपुर बुलाया जाता। यहां अभियुक्ता शैला देवी के माध्यम से लड़की उपलब्ध कराई जाती और अंकुर सिंह के घर पर फर्जी शादी कराई जाती थी। शादी के बाद गिरोह के सदस्य खुद को पुलिस अधिकारी और सिपाही बताकर मौके पर पहुंचते थे। वे पीड़ित और उसके परिजनों को बंधक बनाकर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देते और मोटी रकम की वसूली करते थे। इसी तरह एक मामले में पीड़ित से 3.11 लाख रुपये की रंगदारी वसूली गई थी। इस घटना की शिकायत राजस्थान के कोटा सिटी के अनंतपुरा थाने में दर्ज कराई गई थी, जिसे बाद में गोरखपुर स्थानांतरित किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में अंकुर सिंह, राजू शर्मा, धीरेन्द्र यादव उर्फ टुनटुन, रवि चौधरी, मुन्ना जायसवाल, नवमी शर्मा और शैला देवी शामिल हैं। इनमें से कई अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिसमें लूट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि गिरोह लंबे समय से इस तरीके से लोगों को निशाना बना रहा था। फिलहाल सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी।

### कबाड़ गोदाम में भीषण आग, ढाई लाख का नुकसान

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला जुगपुरा स्थित एक कबाड़ गोदाम में शनिवार को अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। आग की इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, कोतवाली सदर क्षेत्र के नेहरू नगर निवासी रहमान ने देवगढ़ मार्ग स्थित जुगपुरा मोहल्ले में किराए पर गोदाम ले रखा है, जहां वह कबाड़ का सामान एकत्र करता है। शनिवार सुबह करीब 11 बजे गोदाम में रखी किताबों की रद्दी और प्लास्टिक की बोतलों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास के इलाके में हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाडियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया और बड़े हादसे को टाल दिया।

## फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन बेचने वाला गिरोह बेनकाब, दो आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर –** गोरखपुर में जमीन धोखाधड़ी के मामलों पर शिकंजा कसते हुए थाना कैण्ट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने के आरोप में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने वादी की जमीन के फर्जी कागजात तैयार कर उसे तीसरे पक्ष को बेच दिया था। पीड़ित की तहरीर पर थाना कैण्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान साक्ष्य मिलने पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मुस्ताक अहमद और अहमद हुसैन के रूप में हुई है। दोनों आरोपी गोरखपुर शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ मु0अ0सं 554/25 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस पूरी कार्रवाई को प्रभारी निरीक्षक कैण्ट के नेतृत्व में, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण तथा पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह व कांस्टेबल रवि कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जमीन से जुड़े फर्जीवाड़े के मामलों में संलिप्त अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है और जल्द ही और खुलासे हो सकते हैं।

## आग की चपेट में घर का पूरा सामान जलकर खाक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नवाबगंज (गोंडा)-** थाना क्षेत्र के तुरकौली गांव में बीती रात अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने पांच परिवारों की गृहस्थी उजाड दी। तुरकौली गांव के मुरावन पुरवा में शुक्रवार की रात्रि करीब 10:45 पर राम प्रसाद के छप्पर के मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने पास के ही बद्री, पाटनदीन, देवी दीन और दिनेश के छप्पर के आशियानों को भी अपने आगोश में ले लिया। सूचना पर मौके पर पंहुची डायल 112 टीम और पुलिस ने गांव के लोगों के साथ मिलकर घंटो कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। पीड़ित बद्री पुत्र रामकुमार ने बताया कि आग लगने से तीन पंखा, चार्जर, राशन,तीन साइकिल, कपड़े सहित जेवर और तीन लाख की नगदी जलकर राख हो गई है। देवी दीन ने बताया कि उनका कूलर, पंखा, साइकिल, बिस्तर, कपड़े और चारपाई जल गई है। राम प्रसाद का छप्पर और भूसा, दिनेश सिंह का डेढ क्विंटल सरसों और कपडे, मुन्ना का छप्पर, राशन, चारा काटने की मशीन, कपड़े, जलकर राख हो गया । सुशीला की बाइक और बद्री का आटो भी क्षतिग्रस्त हो गया है। गांव के प्रधान प्रतिनिधि राहुल सिंह ने बताया कि अग्निकांड की सूचना तहसील में दे दी गई है। पीड़ित परिवारों को यथा संभव सहायता भी दी जा रही है।

# वन माफिया बेखौफ, विभाग मौन! कटरा व हलधरमऊ रेंज में 300 पेड़ों पर चला आरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोण्डा।** जिले के कटरा वन रेंज और हलधरमऊ वन रेंज क्षेत्र में वन माफियाओं का आतंक चरम पर है, जबकि जिम्मेदार विभाग की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। हलधर मऊ वन रेंज के केरवा घाट के निकट फलाहारी कुट्टी क्षेत्र समेत आसपास के इलाकों में कुल मिलाकर करीब 150 सागौन सहित अन्य प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटान का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक कटरा वन रेंज के ग्राम पंचायत जमुनही हरदोपट्टी, देवारिया कला, पिपरा चौबे, भुडकुड़ी और फरेंदा शुक्ल सहित कई गांवों में खुलेआम पेड़ों पर आरा चलाया जा रहा है। यह सिलसिला एक-दो दिन नहीं बल्कि लगातार जारी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मामले में बड़ा खेल सामने आने की भी चर्चा है। बताया जा रहा है कि कुछ पेड़ों के लिए परमिट जारी कराकर उसी की आड़ में बड़ी संख्या में अन्य प्रतिबंधित पेड़ों की कटान की जा रही है। इससे पूरे प्रकरण में विभागीय मिलीभगत की आशंका भी गहराती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि रात के अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिए लकड़ी को बाहर भेजा जा रहा है। इससे एक ओर जहां पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकारी राजस्व को भी भारी चूना लगाया जा रहा है। घटना को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो तथा क्षेत्र में चल रहे अवैध कटान पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए।

## गर्भपात के आरोपियों को छोड़ने वाले दरोगा बने पीआरओ

**●28 दिन पहले भेजे गए थे लाइन, 4 और दरोगा हुए इधर से उधर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सुल्तानपुर में पुलिस कप्तान चारू निगम ने शनिवार को विभाग में फेरबदल किया है। उन्होंने पांच उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इन तबादलों में एक उप निरीक्षक को अपना पीआरओ (जनसंपर्क अधिकारी) बनाए जाने पर सवाल उठ रहे हैं, जिन्हें 28 दिन पहले ही लाइन हाजिर किया गया था। उप निरीक्षक रविंद्र सिंह को पुलिस लाइन से हटाकर पुलिस कप्तान का पीआरओ बनाया गया है। रविंद्र सिंह को 13 मार्च को गर्भपात के आरोपियों को थाने से छोड़ने की शिकायत के बाद लाइन में भेजा गया था। यह आरोप उन पर कोतवाली देहात में तैनाती के दौरान लगे थे। अन्य तबादलों में, कोतवाली नगर के पयागीपुर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक यशवंत द्विवेदी को पुलिस लाइन भेजा गया है। पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक राजेश कुमार को लंभुआ कोतवाली भेजा गया है। इसी तरह, कोतवाली नगर के केएनआईटी चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक कृष्णपाल सिंह को मोतिगरपुर थाने भेजा गया है। कोतवाली नगर के चौक घंटा घर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक अभिषेक सिंह को कोतवाली देहात थाने में नई जिम्मेदारी दी गई है। रविंद्र सिंह का नाम पहले भी विवादों में रहा है। कूरेभार थाना प्रभारी रहते हुए उनकी एक हिस्ट्रीशीटर के साथ पार्टी मनाते हुए फोटो सामने आई थी। उस समय तत्कालीन एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने उन्हें निलंबित कर दिया था।

# राजस्व निरीक्षक पर गेहूं की फसल कटा कर उठा ले जाने का आरोप

**●पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर किया शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां /गोरखपुर-** सहजनवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत रानीडीह निवासी बृजेश त्रिपाठी पुत्र रामसेवक त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि सीओ चकबंदी के आदेश पर चक का बटवारा करा कर कब्जा दिलाया गया था। आदेश दो चक को अलग अलग दिया गया था। पीड़ित ने चकबंदी विभाग में शिकायत कर एक जगह चक देने का शिकायत किया था। जिसे निरस्त होने के बाद अप संचालक चकबंदी में निगरानी प्रस्तुत किया। जिसकी निगरानी स्वीकार कर ली गई।न्यायालय द्वारा विपक्षी को नोटिस दी गई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद गुण दोष के आधार पर पत्रावली का निस्तारण कराने का आदेश दिया गया। चक संख्या 265 और 266 उपचकबंदी के आदेश पर विपक्षी द्वारा गेहूं की बुआई कराई गई थी। फसल तैयार होने के बाद काटने गए तो विपक्षी गाली गलौज करते हुए मारपीट आमादा हो गए। पीड़ित की पत्नी ने डीएम से शिकायत किया। एसडीएम खजनी को जांच कर कारवाई कराने का निर्देश दिए थे। शुक्रवार को राजस्व निरीक्षक ने विपक्षी से मिलकर पीड़ित का बुआई कराया गया गेहूं की फसल कटा कर उठा ले गए। पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर शिकायत कर कारवाई कराने की मांग किया है।

इस संदर्भ में राजस्व निरीक्षक जगन्नाथ मिश्रा ने कहा कि एसडीएम के आदेश पर जिसने गेहूं के फसल की बुआई कराया था। वह काट कर ले गया है। आरोप बेबुनियाद है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में था वांछित**

**तालबेहट।** कोतवाली पुलिस टीम ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया । पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान में कोतवाली पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित आरोपी रानू अहिरवार (19) निवासी चौबयाना, कस्बा तालबेहट को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि आरोपी के विरुद्ध नाबालिग के साथ दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर आरोप दर्ज थे। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया। इस कार्रवाई को प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अंजाम दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# दहेज हत्या मामले में सास-ससुर गिरफ्तार, चौरी चौरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद के थाना चौरी चौरा क्षेत्र में दहेज हत्या के गंभीर मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त और एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, थाना चौरी चौरा में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 0130/2026, धारा 80(2), 85, 115(2) भारतीय न्याय संहिता एवं ड दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित मामले में यह गिरफ्तारी की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी।

गिरफ्तार अभियुक्तों में करन पुत्र हीरालाल एवं चन्द्रावती पत्नी हीरालाल निवासी सरैया (मरचहवा टोला पहाड़ी लाइन), थाना चौरी चौरा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों पर दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न एवं हत्या जैसे गंभीर आरोप हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पीड़िता को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था, जिसके बाद यह दर्दनाक घटना हुई। पुलिस टीम ने सटीक सूचना और साक्ष्यों के आधार पर दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मनीष कुमार श्रीवास्तव, महिला उपनिरीक्षक किर्ति, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र तिवारी, कांस्टेबल प्रियेश कुमार एवं कांस्टेबल सत्यम सिंह शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले में अन्य संभावित साक्ष्यों को भी जुटाया जा रहा है। साथ ही, घटना से जुड़े हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है ताकि पीड़िता को न्याय दिलाया जा सके। इस कार्रवाई को महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस की गंभीरता और प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि महिला उत्पीड़न और दहेज जैसे अपराधों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## अवैध लकड़ी कटान का विरोध करने पर दबंगों की धमकी, ग्रामीण ने लगाई गुहार





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** जनपद के खरगूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमुनही हरदो पट्टी (बाबूपुरवा) में अवैध लकड़ी कटान का मामला सामने आया है। विरोध करने पर दबंगों द्वारा ग्रामीण को गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। ग्राम निवासी राजेन्द्र प्रसाद ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के ही राजेश सिंह पुत्र शिव नारायण सिंह द्वारा प्रतिबंधित लकड़ी काटकर बेचने का कार्य किया जा रहा है। आरोप है कि 9 अप्रैल को दो सागौन के पेड़ काटकर लकड़ी उठा ले जाई गई। पीड़ित के अनुसार, उसी रात करीब 9:30 बजे आरोपी गाली-गलौज करते हुए गांव में आए और उसके घर पहुंचकर उसे व उसके परिवार को अपमानित किया। विरोध करने पर आरोपी ने धमकी दी कि यदि कहीं शिकायत की गई तो उसे गांव से उजाड़ दिया जाएगा और जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित ने यह भी बताया कि वह गांव में चौकीदार है और अधिकारियों को सूचना देने के कारण ही उसे निशाना बनाया जा रहा है।पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ।

### महरौनी में मंदिर के बाहर मोटरसाइकिल चोरी

**अंजनी माता दर्शन के लिए गए परिवार को लगा लाखों का झटका**

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरी की घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। शनिवार 4 अप्रैल 2026 की सुबह अंजनी माता मंदिर में दर्शन करने गए जीवनलाल की मोटरसाइकिल मौके पर से चोरी हो गई। बम्हौरीघाट निवासी जीवनलाल पुत्र अनुप ने बताया कि 4 अप्रैल को सुबह करीब 6 बजे वह अपने परिवार के साथ अंजनी माता मंदिर दर्शन करने अपनी मोटरसाइकिल नंबर यू.पी.94 एस 2681 पर गए थे। मंदिर के पास मोटरसाइकिल खड़ी करके परिवार सहित दर्शन करने चले गए। जब दर्शन कर वापस लौटे तो मोटरसाइकिल गायब थी। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद कहीं कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित ने बताया कि मैंने मंदिर परिसर में ही बाइक खड़ी की थी। दर्शन के बाद देखा तो बाइक नहीं थी। अज्ञात चोर ने इसे चुरा लिया। इस चोरी से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया है।

# सुल्तानपुर में SI समेत चार पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज

**●CJM कोर्ट के आदेश पर ई-रिक्शा चालक ने लगाया लूट-मारपीट का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





सुल्तानपुर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (CJM) नवनीत सिंह के आदेश पर चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इन पर एक ई-रिक्शा चालक ने लूटपाट, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। नगर कोतवाल संदीप राय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। चौक घंटाघर, कोतवाली नगर के निवासी ई-रिक्शा चालक आकाश तिवारी ने न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई थी। उनके अनुसार, 13 मार्च 2025 को रात करीब 10:30 बजे कुड़वार नाका पर कोतवाली नगर पुलिस ने उन्हें रोककर ई-रिक्शा खड़ा करवा लिया। पुलिसकर्मियों ने उनसे गाड़ी के कागजात लेकर कोतवाली आने को कहा। आकाश तिवारी जब पैदल कोतवाली पहुंचे और बताया कि कागजात घर पर हैं, तो वहां मौजूद एक कांस्टेबल ने उनसे 2500 रुपये और मोबाइल जमा करवा लिया। उन्हें बताया गया कि सुबह कागजात दिखाकर अपना मोबाइल और पैसे ले जाना। अगले दिन, 14 मार्च 2025 को रात 8:00 बजे जब आकाश कोतवाली गए, तो एक महिला कांस्टेबल ने बताया कि पैसे और मोबाइल दीवान संजय सोनकर को दे दिए गए हैं।

आकाश ने जब दीवान संजय सोनकर से अपने पैसे और मोबाइल मांगे, तो उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी सामान ले गई है। आकाश ने बताया कि उनकी शादी नहीं हुई है, जिसके बाद दीवान संजय सोनकर और चौकी इंचार्ज घंटाघर शिवानंद यादव (जो वर्तमान में एसओजी प्रभारी हैं) ने कथित तौर पर उनके साथ मारपीट की और गाली-गलौज करते हुए फर्जी मुकदमे में फंसाने और जेल भेजने की धमकी दी। आकाश का आरोप है कि यह पूरी घटना कोतवाली के सीसीटीवी फुटेज में दर्ज है। पीड़ित आकाश तिवारी ने बताया कि वह निराश होकर घर लौट आए। उन्होंने कई बार कोतवाली के चक्कर लगाए, लेकिन हर बार उन्हें गाली देकर भगा दिया जाता रहा। इसके बाद उन्होंने 24 मार्च 2025 और 7 अप्रैल 2025 को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने 29 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के पोर्टल पर भी शिकायत की, पर वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। थक-हारकर उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद CJM ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

## अंतिम छोर तक विकास पहुंचाने को सरकार संकल्पित : राज्यमंत्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पूरे उत्तर प्रदेश में भाजपा का गांव चलो अभियान चल रहा है। इसी क्रम में मण्डल गौना के ग्राम पंचायत भोंड़ी में गांव चलो अभियान का कार्यक्रम हुआ जिसमें राज्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केन्द्र की केन्द्र व प्रदेश सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी विकास की मुख्यधारा से जोडने का काम कर रही है। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। साथ ही वरिष्ठ जनों को सम्मानित भी किया। इस दौरान राघवेन्द्र पटैरिया, शैलेन्द्र प्रताप सिंह बुन्देला, साहब सिंह बुन्देला, राघवेन्द्र भोंडेले, रामकृपाल भोंडेले, लखन भोंडेले, जगदीश वाजपेयी, सुखनंदन तिवारी, सालिकराम दुबे, मनोहर कौशिक, राममिलन तिवारी, रामचरन कुशवाहा, मोतीलाल मगरा, रामदीन पाल, राजकुमार भोंडेले आदि तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूल में बच्चों को यातायात नियम व मिशन शक्ति के प्रति किया जागरूक




**भदोही।** ज्ञानपुर स्थित चाणक्य स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम के दौरान भदोही पुलिस ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं मिशन शक्ति-5 (द्वितीय चरण) के तहत जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में प्रभारी यातायात राकेश कुमार सिंह व महिला थाना प्रभारी सीमा सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा, हेलमेट उपयोग, ट्रैफिक नियमों का पालन तथा महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों व अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम में लोक गायक राजेश परदेशी ने गीतों के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

### होली मिलन में दिखी एकता की रंगत, व्यापारियों ने दिया भाईचारे का संदेश

**गोपीगंज।** नगर के पश्चिम मोहल्ला स्थित चौधरी लॉन में नगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा वार्षिकोत्सव व होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यापारियों ने एक-दूसरे को अबीर- गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। समारोह का शुभारंभ जिला अध्यक्ष डॉ. घनश्याम दास गुप्ता व नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने किया। विधायक विपुल दुबे व समाजसेवी अनिल जायसवाल ने होली के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए आपसी मतभेद भुलाकर सौहार्द बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। अंत में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा किया गया ग्राम सचिवालय एवं डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन




**सुरियावा** 11 अप्रैल 2026 शनिवार को विकास खंड कार्यालय के अंतर्गत ग्राम पंचायत कंचनपुर में भदोही सांसद विनोद कुमार बिंद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष भदोही अनिरुद्ध त्रिपाठी द्वारा नवनिर्मित ग्राम सचिवालय एवं डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया इस मौके पर सांसद द्वारा द्वारा बताया गया कि भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत हर ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय एवं डिजिटल लाइब्रेरी के स्थापना कराई गई है ताकि किसी भी ग्राम पंचायत की जनता को कहीं अन्यत्र न भटकना पड़े सारी सुविधाएं एक साथ यहां पर उपलब्ध मिलेगी भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनता के हित के कार्यक्रमों की जानकारी यहां पर मौजूद कर्मचारियों द्वारा लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी इस मौके खंड विकास अधिकारी ब्रजेश नारायण त्रिपाठी ग्राम प्रधान अर्चना वतन दुबे ग्राम विकास अधिकारी वंदना वर्मा रोजगार सेवक शिव बहादुर तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन समूह की सखियां सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे

### एआरटीओ तथा खनन अधिकारी ने बोल्डर लदे हाईवा ट्रक को पड़कर की कार्रवाई



**हलिया, मीरजापुर।** शनिवार को एआरटीओ एवं खनन अधिकारी की संयुक्त टीम ने हाईवा ट्रक को सीज कर दिया। एआरटीओ महेंद्र पांडेय एवं खनन अधिकारी दीपक कुमार राजभर की टीम हलिया ड्रमंजगज मार्ग पर बोल्डर परिवहन करते हुए चालक से वैध कागजात की मांग की चालक द्वारा कोई भी वैध कागजात नहीं दिखा पाने के कारण संयुक्त टीम द्वारा अवैध खनन तथा अवैध परिवहन करने के संदर्भ में कार्रवाई करते हुए हलिया थाने के सुपुर्द कर दिया। वहीं एआरटीओ ने हथेड़ा गुलाब तिराहे से एक मैजिक वाहन को भी पड़कर चालक से कागजात की मांग की गई कोई कागजात नहीं दिखा पाने के कारण मैजिक वाहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाने में सुपुर्द कर दिया।

# फर्जी ढंग से आधार कार्ड बनाए जाने का लगाया आरोप, पुलिस चार युवकों को पकड़कर ले गई थाने

● ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार का मामला, प्रिंटिंग प्रेस की दुकान में तीन सौ रुपए लेकर बनाया जा रहा आधार कार्ड

**जिला समन्वयक की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुटी**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ड्रमंडगंज।** क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार में एक प्रिंटिंग प्रेस के भीतर फर्जी ढंग से आधार कार्ड बनाए जाने की सूचना पर गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे के करीब पुलिस चार युवकों को पकड़कर थाने ले गई।फिनटेक कन्सल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के जिला समन्वयक अमित मिश्रा की तहरीर पर पुलिस प्रिंटिंग प्रेस पर पहुंची और वहां कार्य कर रहे चार युवकों को पकड़कर थाने ले गई। इस संबंध में जिला समन्वयक अमित मिश्रा ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि ड्रमंडगंज में फर्जी ढंग से एक प्रिंटिंग प्रेस में आधार कार्ड बनाया जा रहा है।जिसकी जांच पड़ताल करने के लिए टीम के सदस्यों के साथ गुरुवार दोपहर प्रिंटिंग प्रेस पर पहुंचा तो वहां फर्जी आईडी पर आधार कार्ड बनाया जा रहा था। तीन सौ रुपए देकर अपने आधार कार्ड में मोबाइल नंबर बदलवाया तब जाकर मामले की पुष्टि हुई। जिला समन्वयक ने सरकार की आंखों में धूल झोंककर कूट रचना कर फर्जी आईडी से आधार कार्ड बनाने वाले के विरुद्ध जनहित में कार्रवाई की मांग की। तहरीर पर एसआई विनोद कुमार सिंह,एसआई रामविशाल,हेड कांस्टेबल नारायण शर्मा प्रिंटिंग प्रेस की दुकान पर पहुंचे जहां से चार युवकों को पकड़कर थाने ले गए। वहीं मुख्य आरोपी पुलिस की भनक लगते ही दुकान छोड़कर भाग निकला।इस संबंध में थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि फिनटेक कन्सल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के जिला समन्वयक की तहरीर पर आधार कार्ड बनाने वाले युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना की जांच की जा रही है।

## जल जीवन मिशन के कर्मचारी के द्वारा शिकायतकर्ता के घर पर जाकर दिया जा रहा धमकी

● शिकायत के बाद कर्मचारी का गुस्सा फूटा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** हलिया लालगंज क्षेत्र के बरौधा गावं निवासी किशन कुमार पुत्र दिलीप कुमार ने जिला अधिकारी से जन सूचना अधिकारी के तहत निम्न लिखित बिंदुओं पर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अधीन अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए आवश्यक कार्य हेतु निम्नलिखित बिंदुओं पर जानकारी चाहता है जो व्यापक जनहित से संबंधित है । वही जल जीवन मिशन के घबडाए हुए कर्मचारि ने शिकायतकर्ता के घर पहुंच कर शिकायतकर्ता को धमकी देने लगे वही मौके पर मौजूद लोगों से बहस भी कर्मचारी से हुआ ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के तहत पानी न मिलने से ग्रामीण आक्रोशित है जिससे कर्मचारि के ऊपर गुस्सा दिखाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि पानी क्यों नहीं आ रहा है कर्मचारियों ने ग्रामीणों से जूझते रहे वहीं ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर अपने आप को सुरक्षित रखते हुए बताया कि आए दिन जल जीवन मिशन के कर्मचारी इसी तरीके से पदसलुकी करते रहते हैं।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, हजारों की फसल जली



**मोंढ़।** क्षेत्र के बरमोहिनी गांव में शॉर्ट सर्किट के कारण दो अलग-अलग स्थानों पर आग लगने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। जानकारी के अनुसार दूधनाथ यादव के खेत में खंभे से तार टूटकर गिरने से खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। वहीं दूसरी ओर रामाशंकर यादव के घर के पास काटकर रखी गई अरहर व सरसों की फसल में भी शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे अनाज जलकर नष्ट हो गया। घटना के दौरान ग्रामीणों ने पास के नाले से पानी लाकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों का आरोप है कि फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बावजूद समय पर संपर्क नहीं हो सका। घटना से क्षेत्र में किसानों में चिंता का माहौल है।

## सानवी को कक्षा में उत्कृष्ट कार्य हेतु किया गया पुरस्कृत



**चुनार, मीरजापुर।** नगर के भारतीय स्टेट बैंक के अवकाश प्राप्त कर्मचारी कमलाकर सिंह की पौत्री सानवी सिंह को सनबीम सनसिटी स्कूल वाराणसी में अपनी कक्षा में उत्कृष्ट कार्य के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डी जी पी उत्तर प्रदेश पुलिस विक्रम सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आई पी एस वैभव कृष्णा भी उपस्थित रहे। सानवी के पिता डॉ रवि सिंह व माता डॉ सोनम सिंह पेशे से चिकित्सक है। डॉ सानवी के सम्मान मिलने पर स्कूल के डायरेक्टर दीपक माधोक और भारती माधोक ने प्रसन्नता व्यक्त की है। सानवी की सफलता पर प्रभारी निरीक्षक यातायात सोनभद्र नरेंद्र कुमार सिंह,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चुनार विजय कुमार वर्मा,विमलेश सिंह,अनिल मिश्रा इत्यादि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सानवी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## संघर्षरत बच्चों के लिए 'बुनियाद' अभियान का आमुखीकरण, 24 दिवसीय विशेष रिमीडियल शिक्षण योजना शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सुरियावां (भदोही)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र सुरियावां में खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह के नेतृत्व में कक्षा 2 एवं 3 के संघर्षरत बच्चों के लिए विशेष रिमीडियल अभियान 'बुनियाद' का आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चों को भाषा एवं गणित की बुनियादी दक्षताओं में सशक्त बनाना है, जो विभिन्न आकलनों, विशेषकर निपुण आकलन में अपेक्षित स्तर से पीछे पाए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि यह अभियान बच्चों को पठन, लेखन एवं गणितीय कौशलों की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके संचालन की जिम्मेदारी कक्षा शिक्षकों को दी गई है तथा इसकी अवधि 24 कार्यदिवस निर्धारित की गई है, जो ग्रीष्मकालीन अवकाश तक प्रभावी रहेगी। प्रतिदिन तृतीय कालांश में भाषा एवं गणित के लिए 30-30 मिनट का विशेष शिक्षण कार्य कराया जाएगा। भाषा शिक्षण के अंतर्गत वर्ण/अक्षर पहचान, मात्रा ज्ञान, शब्द एवं वाक्य पठन तथा लेखन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वहीं गणित विषय में 99 तक की संख्याओं की समझ, स्थानीय मान, दो अंकों के जोड़-घटाव और मानसिक गणना जैसी दक्षताओं का विकास कराया जाएगा।

शिक्षण प्रक्रिया को तीन चरणों में विभाजित किया गया है–दैनिक पुनरावृत्ति, निर्धारित दक्षता पर कार्य तथा कार्यपत्रक आधारित अभ्यास। साथ ही प्रत्येक 8वें, 16वें एवं 24वें दिन पुनरावृत्ति अभ्यास भी कराया जाएगा। शिक्षण कार्य को प्रभावी बनाने के लिए ग्रिड, वर्ण-अक्षर कार्ड, संख्या चार्ट, फ्लैश कार्ड एवं पूर्व उपलब्ध रिमीडियल सामग्री का उपयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि अभियान की प्रगति की निगरानी के लिए ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर एवं अकादमिक रिसोर्स पर्सन द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा। बेहतर कार्य करने वाले विद्यालयों के अनुभवों को बैठकों में साझा किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए सामूहिक सहमति से महत्वपूर्ण निर्णय लेना आवश्यक है। इस पर सभी शिक्षकों ने सहमति जताई। निर्णय लिया गया कि शिक्षक रिमीडियल संदर्शिका का उपयोग करेंगे तथा कार्यपुस्तिका में बच्चों द्वारा किए गए अभ्यास कार्यों के फोटो शिक्षक समूह में साझा करेंगे। इस अवसर पर एलएलएफ से लालचंद यादव, एआरपी देवेंद्र कुमार मिश्र, मनोज प्रभाकर सिंह, भैरवानंद यादव, भास्करा नंद मिश्र, संतोष कुमार सहित शिक्षक योगेश पांडेय, प्रियंकर तिवारी, शशीलता, देवेंद्र कुमार पांडेय, दिनेश चंद्र कलंदर बिंद समेत बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नैडी कठारी विकासखंड हलिया मिर्जापुर**

पत्रांक: मेमो/sBm रा वि अ./के.वि.अ./मनरेगा व अन्य मद/2026-27

दिनांक12/04/2026

अल्पकालीन निविदा

कार्यालय ग्राम पंचायत नैडी कठारी विकासखंड हलिया जनपद मिर्जापुर में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत बहुउद्देशीय स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (पेज-2) के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन योजना वित्तीय वर्ष 2026 -27 मे निम्नलिखित कार्य आर जी एस ए /एस.बी.एम /16 वा वित्त/ छटंवा वित्त/ मनरेगा की धनराशि से होना प्रस्तावित है। निविदा दिनांक 12/04/ 2026 से 17/04/2026 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय पंचायत मवई कला मे निविदा शुल्क जमा कर प्राप्त करें एवं सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी दरें सील बंद लिफाफे में उक्त तिथियां को कार्यालय अवधि में जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांक 17/04/2026 को दिन में 11:30 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष ग्राम पंचायत नैडी कठारी कार्यालय में गठित समितिके द्वारा खोली जाएगी7 जिसमें आपूर्ति की जाने वाली सामग्री ईट,गिट्टी, बालू, सरिया ,सीमेंट, ई -रिक्शा आयरन गेट ,पत्थर, मिट्टी ,आयरन सेट, इलेक्ट्रिक, एवं प्लंबरिंग सामग्री और अन्य सामग्री सहित आवश्यक सामग्री प्राक्कलन के अनुसार 1-नियम व शर्ते उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फार्मो द्वारा वेद प्रमाण पत्र दिखाने एवं जीएसटी की छाया प्रति संकलन करने पर ही निविदा डाली जाएगी सामग्री की आपूर्ति निश्चित समय सीमा में गुणवत्ता के अनुरूप किया जाना है तभी भुगतान संभव है निविदा के साथ 100 का स्टांप पेपर संलग्न करना आवश्यक है निविदा स्वीकृत और सुकृत करने का अधिकार गठित समिति में निहित होगा।

ग्राम प्रधान
देव कुमार
ग्राम पंचायत नैडी कठारी
वि.खं. हलिया मिर्जापुर

सचिव
आलोक भारतीय
ग्राम पंचायत नैडी कठारी वि.खं.
हलिया मिर्जापुर

## पुलिस की तत्परता से बची लाखों की फसल, बड़ा हादसा टला

**भदोही।** जनपद के थाना ज्ञानपुर क्षेत्र में भदोही पुलिस की सतर्कता और मानवीय पहल का सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। लखनो तिराहा के पास यातायात चेकिंग के दौरान गेहूं के खेत में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही यातायात प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बिना विलंब अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। साथ ही एहतियातन फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते किसान की लाखों रुपये की गेहूं की फसल जलने से बच गई। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो तेज हवा के कारण आग बड़े क्षेत्र में फैलकर भारी नुकसान पहुंचा सकती थी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और किसानों ने पुलिस की तत्परता की जमकर सराहना की। लोगों का कहना था कि पुलिस ने केवल कर्तव्य ही नहीं निभाया, बल्कि संकट की घड़ी में किसान के साथ खड़े होकर मानवता की मिसाल पेश की है।

## महिला आरक्षण समय की आवश्यकता: प्राचार्य

**भदोही।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर में 'भारतीय राजनीति में महिला आरक्षण के औचित्य' विषय पर गोष्ठी का आयोजन प्राचार्य प्रो. डॉ. रमेश चंद्र यादव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि महिला आरक्षण अब औचित्य का नहीं, बल्कि समय की आवश्यकता है, क्योंकि स्वतंत्रता के 75 वर्ष बाद भी संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सीमित है। विभागाध्यक्ष डॉ. बालकेश्वर ने कहा कि महिला आरक्षण समाज सुधारकों के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण, समान भागीदारी और समावेशी विकास पर जोर दिया। संयोजिका डॉ. अंशु बाला ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को ऐतिहासिक बताया, जबकि अन्य वक्ताओं ने लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर विचार रखे। गोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## थाना गोपीगंज एएसपी ने सुनी फरियाद, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान कुल नौ मामले प्रस्तुत किए गए, जिनमें आठ मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे जबकि एक मामला पुलिस विभाग से जुड़ा हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन सभी मामलों का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका, जिससे फरियादियों को निराशा का सामना करना पड़ा। समाधान दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी प्रभात राय तथा नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव,कानूनगो सुभाष शुक्ला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बारी-बारी से सभी प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की और संबंधित मामलों की गंभीरता को समझते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने कहा कि प्राप्त सभी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है और उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे प्राथमिकता के आधार पर इनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामलों में तेजी से कार्यवाही की जाएगी ताकि फरियादियों को समय पर न्याय मिल सके। इस दौरान थाना प्रभारी शैलेश राय सहित सभी हल्का इंचार्ज और अन्य पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर समस्याओं के समाधान पर विशेष जोर दिया। समाधान दिवस के अंत में अधिकारियों ने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें और समयबद्ध तरीके से उनका निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे आमजन का प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से 9 किसानों का 21बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई खाक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डोहर गांव में शनिवार को दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग से खेत में काटकर गट्ठर बधा हुआ 9 किसानों का 21 बीघा गेहूं की फसल देखते ही देखते जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची राजस्व टीम तथा पुलिस कर्मियों ने फायर ब्रिगेड को बुलाया तब तक सब कुछ जलकर नष्ट हो गया। लगभग दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड के पहुंचने पर फैल रही आग को बुझाया। जिससे अन्य किसानों के खेत में आग नहीं फैल सकी नहीं तो बड़ा नुकसान हो जाता।

थाना क्षेत्र के डोहर गांव निवासी किसान श्याम सुंदर चौबे का 8 बीघा गेहूं के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई।आग लगने से खेत में रखी फसल धू धू कर जलने लगी इसके बाद हवा तेज होने के कारण पड़ोसी छोटे लाल का पांच बीघे गेहूं की फसल, सुरेश का चार बीघा, गिरधारी का डेढ़ बीघा ,लालचंद का डेढ विघा कमला शंकर का डेढ़ बीघा कृपा शंकर डेढ़ बीघा,भाई लाल का एक बीघा एवं बसंतु का 10 विस्सा गेहूं की खेत में काट कर मड़ाई के लिए खट्टर बाध कर रखी फसल जल कर नष्ट हो गई।

मौके पर पहुंचे लोग चश्मदीद बने देखते रहे। हवा इतना तेज रहा की कोई बुझाने की जहमत नहीं ले सका। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजीव कुमारश्रीवास्तव ,राजस्व निरीक्षक प्रमोद सिंह, लेखपाल अमर बहादुर, आशीष पांडेय ने फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ लोगों के नुकसान का आकलन लिया है। इस संबंध में राजस्व निरीक्षक प्रमोद सिंह ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में नौ किसानों का इक्कीस विघा खेत में बंधी गेहूं की फसल जल गई है। तैयार फसल जलकर राख होने से किसानों के अरमान नष्ट हो गया।

**कार्यालय खंड विकास अधिकारी सीखड़ मीरजापुर**

पत्रांक 751/ लेखाकार/क्षेत्र निधि- अल्पकालिक निविदा/2025-26 दिनांक-10/04/2026

सामग्री आपूर्ति हेतु-अल्पकालिक निविदा सूचना

विकास खण्ड, सीखड़ जनपद मीरजापुर में वितीय वर्ष 2025-20 में पंचम/केन्द्रीय वित्त आयोग की धनराशि से निम्नलिनखित विवरण के अनुसार परियोजनाओं के कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति करने हेतु याणिज्य कर विभाग में पंजीकृत फर्मो से अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती ही। फर्म एक या एक से अधिक कार्यो पर सामग्री आपूर्ति के लिये निविदा निम्न शर्ते पूर्ण कर डाल सकती है। शर्ते- 1- कार्यालय खण्ड विकास अधिराकारी सीखड़ मीरजापुर में दिनांक 13.04.2026 से प्रातः 10 बजे से दिनांक 27.04.2026 तक दोपहर 11.00 बजे तक निविदा फार्म प्राप्त कर लिफाफा बन्द निविदायें डाली जा सकती है। 2-दिनांक 27. 04.2026 को शांम 03:00 बजे अधोहस्तादारी/निविदा समिति के द्वारा फर्मो की उपस्थिति में (जो उपस्थित रहना चाहती हो) निविदायें खोली जायेगी। 3-जिस फर्म की दर सबसे कम होगी उसी की निविदा स्वीकृति की जायेगी। 4-निविदा की दरों में सभी करों को सम्मिलित करके ही दर उपलब्ध कराया जॉग। 5- टेण्डर फार्म के साथ सामग्री अंश का 02 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि का एन.एस.सी./एफ.डी. आदि के रूप में परियोजनावार अलग-अलग अगोहरताधारी के पदनाम बंधक कराकर जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही साथ जी0एस0टी0 को पंजीकरण, पैन कार्ड, आधार कार्ड, की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। 6-टेण्डर स्वीकृति होने के उपनरान्त 08 प्रतिशत धनराशि धरोहर / जमानत के रूप में परियोजनावार एन.एस.सी. / एफ.डी.आदि के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम बन्धक करा कर जमा करना अनिवार्य होगा। 7-निविदा प्रपत्र फर्म की धनराशि रु0 1000.00 मात्र कार्यालय के कार्य दिवस में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। 8 परियोजनाओं पर समाग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है। 9- टेण्डर की कार्यवाही सम्पन्न होने के उपरान्त लिखित रूप में स्वीकृति आदेश जारी होने पर ही परियोजनाओं पर सामग्री की आपूर्ति की कार्यवाही की जायेगी। 10 अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय में किसी भी कार्य में प्राप्त किया जा सकता हैं। 11-अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त किया सक्ती है। 12 जी0एस0टी0 का भुगतान सम्बन्धित फर्म स्वयं करेगी तथा उसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को देगी। साथ ही साथ कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर-प्रदेश लखनऊ के पत्र सं0 705 दिनांक 26.09.2018 के अनुसार 01 प्रतिशत की दर से एस0जी0एस0टी0 एवं 01 प्रतिशत की दर से सी0जी0एस0टी कुल 02 प्रतिशत साथ हीं आयकर 02 प्रतिशत तथा सेस 01 प्रतिशत की कटौती आधोहस्ताक्षरी के द्वारा भी की जायेगी। खनिज आपूर्ति पर एम0एम0 11 देना अनिवार्य होगा अन्यथा नियमानुसार कटौति किया जायेगा। 13- टेण्डर दाता मा0 प्रमुख क्षेत्र पंचायत सीखड़ के रिस्तेदार नहीं होने चाहिये।

परियोजना का नाम

| क. सं. | परियोजना का नाम | सामग्री अंश | प्रा. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत बसारतपुर में लालमन के प्रथमिक विद्यालय तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 3.73 | 4.73 |
| 2. | ग्राम पंचायत धनेता में बाबूलाल के घर से संजय सिंह के खेत तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 7.76 | 9.78 |
| 3. | ग्राम पंचायत मगरहों में चन्द्रमोहन के घर से शीतला हरिजन से होते हुए संजय के घर तक सी0सी0 रोज निर्माण कार्य। | 5,84 | 5,84 |
| 4 | ग्राम पंचायत बटोआ के पूरनपट्टी में कछवां चुनार गार्ग रो श्री राम सिंह के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 7.83 | 9.84 |
| 5. | ग्राम पंचायत रामगढ़ कला में राधे यादव के खेत से इन्द्रपाल सिंह के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 7.86 | 9.95 |
| 6. | ग्राम पंचायत सोनवर्षा में कुशहां मार्ग से शंकरजी के खेत्त तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 5.40 | 6.80 |
| 7. | ग्राम पंचायत सोनवर्षा में कुशहां संपर्क मार्ग से शुशील सिंह के स्कूल तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 8.78 | 9.83 |
| 8. | ग्राम पंचायत सोनवर्षा में कुशहां संपर्कमार्ग से रविन्द्र सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 1.88 | 2.18 |
| 9. | विकास खण्ड सीखड़ में विभिन्न स्थानो पर दो अद्द पोर्टेबल चल शौचालय का आपूर्ति कार्य। | 9.42 | 9.61 |
| 10 | ग्राम पंचायत मगरहाँ में शहंशाहपुर संपर्क मार्ग से सूर्यप्रकाश सिंह के घर तक मिट्टी व खडंजा मरम्मत का आपूर्ति कार्य। | 1.05 | 1.42 |
| 11 | ग्राम पंचायत अदलपुरा में कम्पोजिट विद्यालय में सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | 3.79 | 5.31 |
| 12 | ग्राम पंचायत बसारतपुर के मझवा तरास में शौचालय निर्माण कार्य। | 3.62 | 5.18 |
| 13 | ग्राम पंचायत बसारतपुर के मझवा तरास में मुन्ना घर से जोखू राम के घर तक इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 4.51 | 5.22 |
| 14 | ग्राम पंचायत कुशहां में रिजवान के घर से मिश्रा बस्ती के नाले तक ह्यूम पाइप नाला निर्माण कार्य। | 5.52 | 6.31 |
| 15 | ग्राम पंचायत छितकपुर मर नन्हकू देव के खेत से रामकेश के खेत तक खड़ंजा निर्माण कार्य व मिटटी कार्य। | 8.43 | 9.96 |
| 16 | विकास खण्ड के विभिन्न स्थलों पर पोर्टेबल नलकूप सहित वाटर प्यूरीफायर स्थापना कार्य। | 9.60 | 9.90 |
| 17 | विकास खण्ड के विभिन्न स्थलों पर सोलर हाई मास्क 7 नग स्थापना कार्य। | 9.60 | 9.96 |
| 18 | विकास खण्ड सीखड़ में मनरेगा सेल व ए डीओ कक्ष का मरम्मत कार्य । | 2.10 | 2.80 |
| | कुल योग-- | 101.84 | 121.28 |

आपूर्ति ली जाने वाली सामग्री-जैसे ईट, लोकल बालू, चोपन बालू, पत्थर चौका, सीमेन्ट, गिट्टी, इन्टरलाकिंग, कट स्टोन, साइन बोर्ड, इत्यादि। अन्य सामानों की जानकारी कार्यालय में अवर अभियन्ता (ल0सि0) से प्राप्त किये जा सकते है।

छत्रपति सतेन्द्र कुमार सिंह
ब्लाक प्रमुख
क्षेत्र पंचायत सीखड़, मीरजापुर।

रामजी मिश्रा
खण्ड विकास अधिकारी
सीखड़, मीरजापुर।

## संक्षिप्त खबरें

### वीआईपी ड्यूटी में तैनात दरोगा की मौत, पुलिस जांच में जुटी



**नैनी, प्रयागराज।** वीआईपी ड्यूटी में तैनात दरोगा की शनिवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह बारा थाने में तैनात थे। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को देते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार जनपद के बारा थाने में तैनात दरोगा नकछेद नाथ कनौजिया मूल रूप से अयोध्या के रहने वाले थे। बताते हैं, कि शनिवार को वीआईपी ड्यूटी के लिए उन्हें दिल्ली पब्लिक स्कूल नैनी में लगाया गया था। वहां पर राज्यपाल का हेलीकॉप्टर उतरना था। ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत एकाएक बिगड़ गई। आनन- फानन में इलाज के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को देते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले में जांच- पड़ताल कर रही है।

### केनरा बैंक में गोल्ड लोन घोटाला, 18 लोगों पर दर्ज हुई एफआईआर

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित केनरा बैंक की एमजी रोड शाखा में गोल्ड लोन के नाम पर एक बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। इस मामले में बैंक को लाखों रुपये की चपत लगाने का आरोप सामने आया है। घटना के बाद बैंक प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैंक के अधिकृत गोल्ड अप्रेजरों की मिलीभगत से नकली सोना गिरवी रखकर गोल्ड लोन स्वीकृत करा लिया गया। आरोप है कि इस सुनियोजित फर्जीवाड़े के जरिए आरोपियों ने बैंक को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया। मामले की जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आने की संभावना जताई जा रही है। इस संबंध में बैंक के रीजनल मैनेजर की तहरीर पर सिविल लाइंस थाने में 18 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सभी आरोपियों की भूमिका की गहनता से पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में शामिल लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही बैंक के संबंधित कर्मचारियों और अप्रेजरों की भूमिका की भी जांच की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इस घोटाले में किस-किस की संलिप्तता रही है।

### कैंसर पीड़ित बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने पहुंची टीम स्माइल स्प्रेडर्स



**प्रयागराज।** समाजसेवा की प्रेरणादायक मिसाल पेश करते हुए टीम स्माइल स्प्रेडर्स ने कमला नेहरू अस्पताल के जवाहर वार्ड में भर्ती कैंसर से जूझ रहे बच्चों के बीच एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य गंभीर बीमारी से लड़ रहे नन्हे मरीजों के जीवन में खुशी, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। कार्यक्रम के दौरान टीम के सदस्यों ने बच्चों के बीच स्टेशनरी सामग्री, खेल सामग्री तथा ताजे फलों का वितरण किया। बच्चों को पढ़ाई और रचनात्मक गतिविधियों के लिए कॉपी, पेंसिल, कलरिंग बुक सहित अन्य उपयोगी सामग्री दी गई। साथ ही खेल-कूद से जुड़ी वस्तुएं देकर उनका मन बहलाने और तनाव कम करने का प्रयास किया गया। अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ ने टीम स्माइल स्प्रेडर्स के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहलें न केवल मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि उनके उपचार में भी सकारात्मक प्रभाव डालती हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राहुल बनर्जी, हिना खान, अनुराधा, शिवांगी श्रीवास्तव, चंचल पांडेय, फहीम खान, शहजाद शेख, ज्ञानेंद्र कुशवाहा, मनीष तिवारी, फैज इकबाल एवं प्रशस्थी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पादरी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक; यूपी सरकार से मांगा जवाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने पादरी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। पादरी ने कथित तौर पर ईसाई धर्म को एकमात्र सच्चा धर्म बताया था। अदालत ने इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने रेवरेंड फादर विनीत विंसेंट परेरा की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में इलाहाबाद हाईकोर्ट के 18 मार्च के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाई रद्द करने से इनकार कर दिया था।

पादरी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने दलील दी कि पुलिस ने उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 295 के तहत मामला दर्ज किया है, जो धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से किए गए कृत्यों से संबंधित है। उन्होंने कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ जारी समन और कार्रवाई पर रोक लगाई जानी चाहिए। पीठ ने इस दलील को स्वीकार करते हुए फिलहाल आपराधिक कार्रवाई पर रोक लगा दी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 18 मार्च को पादरी की याचिका खारिज करते हुए कहा था कि भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में किसी एक धर्म को एकमात्र सच्चा धर्म बताना गलत है। अदालत ने कहा था कि ऐसा बयान अन्य धर्मों के प्रति अवमानना का संकेत देता है और प्रथम दृष्टया धारा 295 के दायरे में आ सकता है।

हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया था कि इस स्तर पर यह नहीं कहा जा सकता कि आरोपी के खिलाफ कोई मामला बनता ही नहीं है। साथ ही, मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लेने के दौरान विस्तृत जांच या मिनी ट्रायल की आवश्यकता नहीं होती। उत्तर प्रदेश पुलिस में दर्ज एफआईआर के अनुसार, पादरी ने प्रार्थना सभाओं के दौरान बार-बार ईसाई धर्म को ही सच्चा धर्म बताया, जिससे दूसरे समुदाय के लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। हालांकि जांच के दौरान अवैध धर्मांतरण का कोई सबूत नहीं मिला, लेकिन अन्य धर्मों की आलोचना के आरोप में चार्जशीट दाखिल की गई।

फादर परेरा की ओर से कहा गया था कि उन्हें झूठा फंसाया गया है और उनके खिलाफ धारा 295 के तहत कोई अपराध नहीं बनता। वहीं, राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में तर्क दिया था कि मामला तथ्यों से जुड़ा है, जिसकी जांच ट्रायल के दौरान ही संभव है। अब सुप्रीम कोर्ट के इस अंतरिम आदेश के बाद मामले की आगे की सुनवाई में यूपी सरकार का जवाब अहम माना जा रहा है।

## बिना ठोस कारण के बर्खास्तगी: तीन दशक पुराने आदेश को हाईकोर्ट ने किया रद्द

**ब्यूरो प्रयागराज** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने 1.22 करोड़ रुपये के अतिरिक्त भुगतान मामले में 1999 में पारित तीन दशक पुराने बर्खास्तगी आदेश को रद्द कर दो इंजीनियरों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने पाया कि बर्खास्तगी के पीछे ठोस कारण नहीं थे और आदेश न्यायिक मानकों पर खरा नहीं उतरता।जस्टिस कुलदीप तिवारी ने कहा कि मामला लंबे समय से लंबित था और याचिकाकर्ता अब अपने जीवन के संध्याकाल में हैं। कोर्ट ने कहा कि उनके अधिकृत प्रतिनिधियों को सुनवाई का मौका दिया जाए और छह हफ्ते में नया निर्णय लिया जाए। याचिकाएं होशियारपुर के सेंट्रल वर्क्स डिवीजन के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर शिंगार चंद और एमएस ग्रेवाल ने दायर की थीं। दोनों अधिकारी ब्यास नदी पर उच्च स्तरीय पुल के एप्रोच रोड निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे थे। छह रनिंग बिलों में लगभग 1.22 करोड़ रुपये के अधिक भुगतान का आरोप लगा जिसके आधार पर दिसंबर 1995 में उन्हें निलंबित किया गया और मई 1999 में बर्खास्त कर दिया गया। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि सेवा से हटाने का अधिकार प्रशासनिक होते हुए भी अर्ध-न्यायिक होता है। प्राधिकरण को आरोप, साक्ष्यों और आपत्तियों का सही विश्लेषण करना आवश्यक था, जो नहीं हुआ। हालांकि, अदालत ने कहा कि दोनों अधिकारी अब सेवानिवृत्ति की आयु पार कर चुके हैं, इसलिए उनकी बहाली का प्रश्न अप्रासंगिक हो गया है।

## असंवेदनशील रवैया': सुप्रीम कोर्ट ने गाजियाबाद नाबालिग बच्ची के दुष्कर्म-हत्या मामले पर यूपी पुलिस को लगाई फटकार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** गाजियाबाद में चार साल की बच्ची के दुष्कर्म और हत्या मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने यूपी पुलिस और निजी अस्पतालों के असंवेदनशील रवैये पर नाराजगी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर हैरानी जताते हुए पुलिस आयुक्त को तलब किया। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 13 अप्रैल को जांच अधिकारी को भी तलब किया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राज्य पुलिस और निजी अस्पतालों की उदासीनता और असंवेदनशील रवैये की कड़ी आलोचना की।

नंदग्राम थाना क्षेत्र में 16 मार्च 2026 को घर के बाहर खेल रही चार वर्षीय बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म के बाद निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। आरोपी को कुछ देर बाद ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बच्ची के परिजन नंदग्राम पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। आरोप है कि नंदग्राम पुलिस बच्ची से हुए दुष्कर्म के मामले पर पर्दा डाल रही है और इस दिशा में कोई जांच नहीं की गई। पीड़ित पिता का आरोप है कि उनकी बेटी का अपहरण कर दुष्कर्म किया गया और ईंट से प्रहार कर हत्या की गई। आरोप है कि नंदग्राम पुलिस दुष्कर्म की दिशा में जांच नहीं कर रही है। इस अपराध की जांच करने की मांग की है। आरोप है कि पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनी और न्याय मिलता नहीं दिख रहा है।

16 मार्च को आरोपी गौरव ने चार वर्षीय बच्ची का अपहरण उस समय कर लिया। जब वह घर के बाहर खेल रही थी। आरोप है कि उसे एक सुनसान जगह पर ले जाकर उसने दुष्कर्म किया और ईंट से उसके सिर पर बार-बार वार कर उसकी हत्या कर दी। शव उसके घर से लगभग 500 मीटर दूर झाड़ियों में मिला था। जांच में सामने आया कि अपराध से पहले, गौरव बच्ची को एक स्थानीय बाजार ले गया, जहां समोसा और जलेबी खाई। फिर उसने उसके लिए कुछ लॉलीपॉप खरीदे और घर लौटते समय उसे एक सुनसान जगह पर ले गया। पुलिस ने आरोपी की जेब से कुछ लॉलीपॉप भी बरामद किए थे। मुठभेड़ में आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया था।

# 678 सिविल जज, 408 ADJ... यूपी में 1,086 जजों का ट्रांसफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर बड़े पैमाने पर न्यायिक अधिकारियों के ट्रांसफर हुए हैं. कुछ दिन पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 700 से ज्यादा न्यायिक अधिकारियों का ट्रांसफर किया था. अब एक बार फिर हाई कोर्ट ने एक हजार से ज्यादा न्यायिक अधिकारियों का तबादल कर दिया है. इसका नोटिफिकेशन जारी किया जा चुका है।

जानकारी के मुताबिक,. हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के 1,086 जजों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है. ये ट्रांसफर जिला अदालतों में कामकाज को सुव्यवस्थित करने के लिए किए गए हैं।

इलाहाबाद हाई कोर्ट की तरफ से जारी की गई लिस्ट में 408 एडिशनल डिस्ट्रक्ट एंड सेशन जज (एडीजे), 277 सिविल जज (सीनियर डिवीजन) और 401 सिविल जज (जूनियर डिविजन) रैंक के न्यायिक अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है।

ये सारे ट्रांसफर इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण भंसाली के आदेश पर किए गए हैं. बुलंदशहर के एडीजे वरुण मोहित निगम अब इलाहाबाद हाई कोर्ट के नए रजिस्ट्रार (लिस्टिंग) होंगे। जारी आदेश में साफ किया गया है कि जिन-दिन न्यायिक अधिकारियों का तबादला किया गया है, उन्हें 15 अप्रैल की दोपहर तक अपना कार्यभार नए अधिकारियों को सौंपना होगा और इसके तुरंत बाद अपनी नई तैनाती पर कार्यभार संभालना होगा।

## 12 अप्रैल को महासंघ स्थापना दिवस पर वन्देमातरम् शोभायात्रा का आयोजन

**नैनी, प्रयागराज।** विश्व हिन्दू महासंघ के स्थापना दिवस के अवसर पर 12 अप्रैल को दोपहर 3 बजे वन्देमातरम् शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह शोभायात्रा पत्थर गिरजा, सिविल लाइन से प्रारंभ होगी।कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निर्देशानुसार किया जा रहा है। आयोजकों द्वारा सभी नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। शोभायात्रा की मुख्य अतिथि महामण्डलेश्वर कल्याणी नन्द गिरि होंगी। वहीं, मुख्य वक्ता के रूप में नीलम गिरि उपस्थित रहेंगी।कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र त्रिपाठी मुन्ना एवं प्रेमा श्रीवास्तव द्वारा किया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री श्याम सूरत पाण्डेय करेंगे।आयोजकों ने सभी से समय का विशेष ध्यान रखने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

## मिशन शक्ति फेज5 के अंतर्गत 'मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर परिचर्चा का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में शनिवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश की अध्यक्षता में मिशन शक्ति एवं मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य वक्ता मनोविज्ञान विभाग के विभाग प्रभारी प्रो. महेंद्र प्रसाद रहे। मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, प्रतिस्पर्धा और बदलती जीवनशैली के कारण मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है।उन्होंने योगासन, प्राणायाम, ध्यान तथा नियमित दिनचर्या को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सलाह दी तथा सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास को मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। महाविद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम प्रभारी डॉ. हेमलता के निर्देशन में यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रो. सविता कुमारी श्रीवास्तव, गणित विभाग प्रभारी डॉ. भावना सिंह, राजनीति विज्ञान के असि. प्रो. श्री ऋषि प्रताप सिंह, डॉ. राजेश यादव,डॉ संदीप सहित अन्य अध्यापकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 55 छात्राएं एवं 21 छात्र उपस्थित थे। परिचर्चा के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका संतोषजनक उत्तर मुख्य वक्ता द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के अंत में मिशन शक्ति की प्रभारी डॉ. हेमलता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# इफको द्वारा देशव्यापी नैनो उर्वरक जागरूकता महा अभियान की शुरुआत

**● इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने दिल्ली से 5 नैनो प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको द्वारा देशव्यापी नैनो उर्वरक जागरूकता महा अभियान की शुरुआत। इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने दिल्ली से 5 नैनो प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। श्री संघाणी ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान देश के 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 560 जिलों और 3,477 तहसीलों में व्यापक रूप से संचालित किया जाएगा । उन्होंने बताया किनैनो NPK लिक्विड (8-8-10) और नैनो NPK ग्रेन्युलर (20-10-10) को भारत के उर्वरक नियंत्रण आदेश (FCO) में औपचारिक रूप से शामिल किया गया है।

भारत की सबसे बड़ी उर्वरक सहकारी संस्था, ने आधिकारिक रूप से इफको नैनो उर्वरक जागरूकता महा अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर इफको के अध्यक्ष श्री दिलीप संघाणी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक व्यापक और एकीकृत राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है, जिसका उद्देश्य भारतीय किसानों में नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देना है।

यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अ मित शाह की प्रेरणा से शुरू किया गया है और 'आत्मनिर्भर भारत' तथा 'सहकार से समृद्धि' जैसे राष्ट्रीय मिशनों के अनुरूप है। भारत के राजपत्र के उर्वरक नियंत्रण आदेश (FCO) में नैनो NPK लिक्विड (8-8-10) और नैनो NPK ग्रेन्युलर (20-10-10) को शामिल किया जाना भारतीय कृषि नवाचार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया गया, जो भारतीय सहकारिता के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने आगे बताया कि कोयंबटूर स्थित इफको-नैनोवेंशन्स में इफको का इनोवेशन हब तथा ब्राज़ील में स्थापित होने वाला नैनो उर्वरक उत्पादन संयंत्र – जो जून 2026 तक शुरू होने की संभावना है – कृषि क्षेत्र में नैनो तकनीक के क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक क्षमता का प्रतीक है।

श्री संघाणी ने कहा कि भारत आज एक ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है, जहां परंपरा और तकनीक का संगम हो रहा है, और यही संयोजन भारतीय कृषि को नई दिशा दे रहा है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गठित**

सहकारिता मंत्रालय का संचालन देश के प्रथम सहकारिता मंत्री अमित शाह कर रहे हैं। 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र इस अभियान की भावना को पूर्ण रूप से प्रतिबिंबित करता है और 'आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर कृषि' के लक्ष्य को साकार करता है। श्री संघाणी ने नैनो उर्वरक क्रांति को भारतीय कृषि के लिएपरिवर्तनकारी क्षण बताया। इस नैनो महा अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता और परिवर्तन अभियान के रूप में तैयार किया गया है, जिसके चार मुख्य उद्देश्य हैं–

» नैनो यूरिया प्लस, नैनो DAP, नैनो NPK, नैनो जिंक और नैनो कॉपर का व्यापक प्रचार

» किसानों को मुख्य रूप से फोलियर स्प्रे के माध्यम से सही उपयोग का प्रशिक्षण देना

» पारंपरिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करनासहकारी नेटवर्क के माध्यम से अंतिम स्तर तक पहुंच सुनिश्चित करना।

उन्होंने कहा, 'ग्राम स्तर पर जागरूकता अभियान, प्रत्येक PACS को मजबूत बनाकर और क्षेत्रीय प्रदर्शन के माध्यम से आगे बढ़ाना होगा। जब किसान स्वयं परिणाम देखेंगे, तब विश्वास स्वतः बढ़ेगा। '

अपने संबोधन के अंत में श्री दिलीप संघाणी ने इस अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नैनो उर्वरक केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि भूमि और पर्यावरण की सुरक्षा तथा किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा, 'आइए हम सब मिलकर संकल्प लें – कम लागत, अधिक उत्पादन और स्वस्थ पर्यावरण – हर खेत में नैनो उर्वरक, यही नया भारत है, यही आत्मनिर्भर भारत है। 'इफको ने 218 लाख से अधिक बोतल नैनो यूरिया प्लस लिक्विड और 64.26 लाख से अधिक बोतल नैनो , नैनो NPK, नैनो जिंक और नैनो कॉपर का व्यापक प्रचार लिक्विड की बिक्री हासिल की है। नैनो जिंक



और नैनो कॉपर उत्पादों को भी पहले वर्ष में क्रमशः 57 लाख और 2 लाख बोतलों की प्रभावशाली बिक्री प्राप्त हुई है।

यह उल्लेखनीय है कि नैनो यूरिया प्लस की 208.26 लाख बोतलें पारंपरिक यूरिया के 9.37 लाख मीट्रिक टन के बराबर हैं, जबकि नैनो DAP की 57.89 लाख बोतलें DAP के 2.89 लाख मीट्रिक टन के बराबर हैं, जिससे देश को लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और आयात लागत मेंह्य भारी बचत हो रही है। इफको की नैनो उर्वरक श्रृंखला में नैनो यूरिया प्लस, नैनो DAP , नैनो NPK (लिक्विड और ग्रेन्युलर), नैनो जिंक, नैनो कॉपर और जैव-उत्तेजक 'धरा अमृत' शामिल हैं। 'धरा अमृत' – जो अमीनो एसिड, एल्जिनिक एसिड, ह्यूमिक एसिड, आवश्यक खनिज और केले के रस से समृद्ध है – लॉन्च के बाद से किसानों में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इफको का कर-पूर्व लाभ ?4,200 करोड़ के ऐतिहासिक स्तर से अधिक रहने का अनुमान है। नैनो तकनीक, ड्रोन तकनीक, AI और डेटा विश्लेषण में निरंतर नवाचार के माध्यम से इफको भारत के कृषि-खाद्य क्षेत्र को रूपांतरित कर रहा है और 'सहकार से समृद्धि' के लक्ष्य को आगे बढ़ा रहा है।

श्री संघाणी ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान देश के 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 560 जिलों और 3,477 तहसीलों में व्यापक रूप से संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया किनैनो NPK लिक्विड (8-8-10) और नैनो NPK ग्रेन्युलर (20-10-10) को भारत के उर्वरक नियंत्रण आदेश (FCO) में औपचारिक रूप से शामिल किया गया इस अवसर पर इफको के प्रबंध निदेशक श्री के. जे. पटेल सहित निदेशक मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

## माधव ज्ञान केंद्र में मनाया गया आर्मी सेलिब्रेशन डे



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज** सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में आज आर्मी सेलिब्रेशन डे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विंग कमांडर देव्रतो धर (डिफेंस पब्लिक रिलेशन ऑफिसर, रक्षा मंत्रालय) उपस्थित रहे।अपने संबोधन में विंग कमांडर देव्रतो धर ने विद्यालय के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं को अनुशासन के महत्व, राष्ट्र को सर्वोपरि रखने की भावना तथा असफलता के डर पर नियंत्रण पाने के प्रभावी तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को जीवन में लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने के लिए प्रेरित किया।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अविनाश सिंह (डायरेक्टर, स्ट्रैटेजिक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड) ने कहा कि सेना में वही व्यक्ति सफल हो सकता है, जो अपने से कमजोर साथियों को साथ लेकर चलने की भावना रखता हो। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी परिस्थिति में अंतिम समय तक संघर्ष करने का जज्बा और अहंकार से दूर रहना एक सच्चे सैनिक की पहचान है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक श्री सतीश शुक्ला द्वारा किया गया।इस अवसर पर युगल किशोर मिश्रा (प्रधानाचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर सुल्तानपुर), राधेश्याम तिवारी, संजय कुमार मिश्र सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन और सेवा भावना को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

## SSC जीडी कांस्टेबल परीक्षा 2026 का कार्यक्रम जारी, उम्मीदवारों के लिए परीक्षा सप्ताह का विकल्प उपलब्ध

प्रयागराज। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), एसएसएफ तथा असम राइफल्स में राइफलमैन (जीडी) भर्ती परीक्षा 2026 की समय-सारणी जारी कर दी गई है। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की ओर से जारी सूचना के अनुसार यह परीक्षा 27 अप्रैल से शुरू होकर 30 मई तक देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। **एसएससी के पोर्टल पर प्राथमिकताएं दर्ज करें अभ्यर्थी** परीक्षा प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित एवं अभ्यर्थियों के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से एसएससी ने परीक्षा 'सप्ताह चयन' की सुविधा उपलब्ध कराई है। अभ्यर्थियों को अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा सप्ताह का चयन करने के लिए एसएससी के पोर्टल पर अपनी प्राथमिकताएं दर्ज करनी होंगी। **चार चरणों में होगी परीक्षा** परीक्षा चार अलग-अलग चरणों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के पहले सप्ताह की अवधि 27 अप्रैल से दो मई तक, दूसरे सप्ताह की अवधि चार मई से नौ मई तक, तीसरे सप्ताह की अ धि 18 मई से 23 मई तथा चौथे सप्ताह की अ धि 25 मई से 30 मई निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को सभी परीक्षा सप्ताह के लिए प्राथमिकता क्रम निर्धारित करना अनिवार्य होगा।

# दिल छू लेने वाले फॉर्मेट और बच्चों के जबरदस्त टैलेंट दर्शकों का पसंदीदा शो बना सुपरस्टार सिंगर सीज़न 1

**● सोनी पल पर प्रीमियर, 13 अप्रैल से रात 8:30 बजे।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।




**ब्यूरो प्रयागराज।** कई प्रकार के जॉनर में मनोरंजन से भरपूर और दिलचस्प अनुभव देने के अपने वादे को और मजबूत करते हुए, सोनी पल लगातार पौराणिक, कॉमेडी, रियलिटी और कई तरह के कॉन्टेंट का शानदार मिश्रण पेश कर रहा है। इस रोमांचक लाइन-अप में अब एक और खास कड़ी जोड़ते हुए, *चैनल 13 अप्रैल, 2026* से ओजी सुपरस्टार सिंगर सीज़न 1 का प्रीमियर करने जा रहा है, जो कि सोमवार से शनिवार रात 8:30 बजे प्रसारित होगा।

सुपरस्टार सिंगर सीज़न 1 भारत को स्वयं का 'सिंगिंग का कल' देने वाले शो के रूप में मशहूर है। यही वजह है कि इसके दिल छू लेने वाले फॉर्मेट और बच्चों के जबरदस्त टैलेंट ने इसे दर्शकों का पसंदीदा शो बना दिया। इस शो में सुपर जज के तौर पर अलका याग्निक, हिमेश रेशमिया और जावेद अली हैं, वहीं इसे होस्ट करने का श्रेय जय भानुशाली को जाता है।

नितिन कुमार, ज्योतिका तंगड़ी, सलमान अली और सचिन कुमार वाल्मीकि की कप्तानी में चार दमदार टीमें बनाई गई हैं। शो का फॉर्मेट मेंटर-आधारित है, जो युवा सिंगिंग टैलेंट को निखारने का काम करता है। चार हफ्तों में विभाजित 24 एपिसोड्स के साथ यह सीज़न इमोशन्स और यादगार परफॉर्मेंस से भरपूर एक शानदार म्यूजिकल अनुभव प्रदान करता है।

इसे और खास बनाते हुए इस सीज़न में 'द एपिक 90ज़', 'जय जवान जय किसान', 'शादी स्पेशल', 'मदर्स स्पेशल', 'गणपति स्पेशल' जैसे थीम आधारित एपिसोड्स और कई दिग्गज कलाकारों को दिया गया ट्रिब्यूट भी देखने को मिलेगा, जो इसे हर दौर और हर भावना के संगीत का सच्चा जश्न बनाते हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## कटाल काली मंदिर में वार्षिक गवाली पूजा संपन्न, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**करों, देवघर, झारखंडः-** करों प्रखंड अंतर्गत करोंग्राम स्थित स्थानीय मां कटालकाली मंदिर में शनिवार को कटाल काली की वार्षिक गवाली पूजा भक्ति एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजा-अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा में राय टोला, केवट टोला, साव टोला, आचार्य टोला सहित कमलकरडीह, पंचगड़िया, चांदचौरा एवं बेड़ाजाल आदि गांवों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और मंदिर में माथा टेककर सुख-शांति की कामना की। कार्यक्रम के दौरान प्रधान पुजारी अजीत मिश्रा ने विधि-विधान के साथ यज्ञ, हवन, आरती एवं काली नामावली का पाठ कर पूजा संपन्न कराई। गांवों के कल्याण और समृद्धि के लिए आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस अवसर पर पूजा समिति द्वारा सार्वजनिक रूप से चंदा संग्रह भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कटाल काली पूजा समिति के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ट्रक-बाइक की टक्कर में युवक की मौत, क्षेत्र में मातम का माहौल



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** शनिवार को बरही चौक पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जहां ट्रक और बाइक के बीच टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके परखच्चे उड़ गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को अनुमंडलीय अस्पताल बरही पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे हजारीबाग रेफर कर दिया। घायल की पहचान पंचमाधव कोलंगा निवासी बबलू राणा पिता मनोज राणा के रूप में की गई है। युवक को हज़ारीबाग ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बरही चौक पर कुछ समय के लिए अफरा तफरी का माहौल रहा। इधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## डीएमएफटी योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश, गुणवत्ता व समयसीमा पर उपायुक्त सख्त



**साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट और फोटो अपडेट अनिवार्य, लंबित कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश**

**लातेहार, झारखंडः-** समाहरणालय सभागार में शनिवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) मद से संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से पीसीसी सड़क, पुल एवं पुलिया निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कार्यपालक अभियंताओं को साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट के साथ अद्यतन फोटो अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# 171वीं जयंती के शुभ अवसर पर सिदो-कान्हू की युगल प्रतिमाओं पर विधायक प्रोफेसर स्टेफन मरांडी ने माल्यार्पण कर किया नमन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** महेशपुर विधानसभा विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी ने 171वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर 11 अप्रैल को सिदो-कान्हू मोड़ पर धरती पुत्र सिदो-कान्हू की युगल प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर अमर वीरों को नमन किया। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहकर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित झामुमो कार्यकर्ताओं ने पूर्ण आदिवासी परम्पराओं में विधायक का हार्दिक अभिनन्दन किया। इस मौके पर विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी ने सिदो-कान्हू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 30 जून 1855 को तत्कालीन शासन व्यवस्था और महाजनों के शोषण के विरुद्ध साहिबगंज के भोगनाडीह गांव से सिदो-कान्हू के नेतृत्व में संथाल हूल की शुरुआत हुई थी। जिसका आने वाले दिनों में व्यापक असर देखा गया था। नौ महीने तक संथाल हूल क्रांति चली थी। इसको लेकर अंग्रेजों ने व्यवस्था मजबूत करने के लिए संथाल परगना को अलग जिला बनाया और कई विशेष कानून बनाए गए।

30 जून 1855 को दो भाइयों सिदो-कान्हू के नेतृत्व में साहिबगंज में बरहेट के पास भोगनाडीह से 10 हजार आदिवासियों ने विद्रोह का बिगुल फूंका जो नौ महीने तक धधकता रहा। कहा जाता है कि इसमें 30 से 50 हजार लोग कूद पड़े थे। संथालों ने जनमानस को परतंत्रता की बेड़ी से मुक्त कराने के लिए अपने हूल को विदेशी अंग्रेजों और स्वदेशी महाजनों दोनों दुश्मनों के खिलाफ खड़ा किया था। आज का संथाल परगना क्षेत्र संथाल हूल का प्रतिफल है। इसमें केवल संथाल ही नहीं बल्कि गैर संथालों में कई जाति-समुदाय के लोगों ने भी भाग लिया था। मौके पर जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, प्रखंड सचिव मइनुद्दीन अंसारी, वरिष्ठ देबीलाल हांसदा, प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक भगत, जिला संगठन सचिव मुनीराम मरांडी, निवारण मरांडी, कालीदास टुडू, अरविन्द टुडू, शिवलाल टुडू, अब्दुल बनीज, कुबराज मरांडी, रेफाइल मुर्मू, सुभाषिनी मुर्मू, छोटू भगत, विश्वजीत दास, मुसारफ हुसैन, अख्तर आलम, मैनेजर मरांडी, लालबाबू शेख, नेजाम अंसारी, मंटू भगत, मंजूर अंसारी, दामोदर राय, तोहिदुल शेख, मनोज सोरेन, बुलबुल शेख, एनोस मुर्मू, छोटू दास, रोशन अंसारी, खुदूलाल भगत, परमेश्वर मरांडी, कारण गुप्ता, नरेश हांसदा, रोहित हांसदा, सुनील टुडू सहित पंचायत के अध्यक्ष/सचिव व दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सिदो-कान्हू जयंती पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी श्रद्धांजलि, कहा वीरों की भूमि है झारखंड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-** हूल विद्रोह के महानायक वीर शहीद सिदो-कान्हू की जयंती के अवसर पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मोरहाबादी स्थित सिदो-कान्हू उद्यान पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि झारखंड वीरों की भूमि है, जहां अनेक महान सपूतों ने जन्म लेकर इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि राज्य के आदिवासी और मूलवासी समुदाय ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए उस समय से संघर्ष किया, जब देश में आजादी का सपना भी पूरी तरह आकार नहीं ले पाया था। मुख्यमंत्री ने वीर शहीद सिदो-कान्हू के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अन्याय, शोषण और अत्याचार के खिलाफ ऐतिहासिक बिगुल फूंका था। उनका यह संघर्ष आज भी समाज को साहस, स्वाभिमान और अधिकारों के लिए लड़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर सपूतों ने अलग-अलग समय में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राज्य और समाज के लिए खुद को समर्पित किया है। हेमन्त सोरेन ने आगे कहा कि सिदो-कान्हू जयंती का यह दिन भारतीय इतिहास में विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर लोग उनके संघर्ष, अदम्य साहस और आदर्शों को याद करते हैं। राज्य और देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित उनकी प्रतिमाओं, जन्मस्थलों और शहादत स्थलों पर बड़ी संख्या में लोग श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन न केवल आदिवासी समुदाय बल्कि पूरे देश के लोग गर्व महसूस करते हैं कि ऐसे वीर सपूतों ने इस धरती पर जन्म लिया। उन्होंने समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

## ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अभियुक्त को न्यायालय ने सुनाई सजा

**देवरिया।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रभावी पैरवी के चलते दुष्कर्म और पोकसो एक्ट से जुड़े मामले में एक अभियुक्त को अदालत ने कड़ी सजा सुनाई है। थाना मईल में दर्ज वर्ष 2014 के मुकदमे में आरोपी सचिदानन्द यादव को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। इस मामले में एडीजीसी विपिन बिहारी मिश्रा, कोर्ट मुहर्रिर सोनू यादव, पैरवीकार गोविन्द कुमार यादव और मॉनिटरिंग सेल प्रभारी दुर्गेश कुमार सिंह की अहम भूमिका रही।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ऑपरेशन कन्विक्शन के जरिए लंबित मामलों में तेजी से न्याय दिलाने का प्रयास जारी है।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं जन समस्याएं, कई मामलों में अधिकारियों को फोन के माध्यम से मिले निर्देश, शेष के त्वरित निष्पादन के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जनता दरबार के दौरान प्राप्त आवेदनों पर उपायुक्त द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए कई मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया, वहीं शेष लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नागरिकों द्वारा भूमि मापी, बैंक ऋण माफी, चिकित्सा सहायता, भूमि कब्जा, रोजगार, आवास रोजगार, एनटीपीसी मुआवजा भुगतान, पंचायत भवन निर्माण, म्यूटेशन, पारिवारिक बंटवारा के मामले, सड़क निर्माण सहित विभिन्न सामाजिक एवं जनहित से जुड़े मुद्दे उठाए गए। उपायुक्त श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके साथ ही उन्होंने आवेदनों के निष्पादन की नियमित मॉनिटरिंग करने एवं प्रगति की सतत समीक्षा करने का निर्देश भी दिया, ताकि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# सद्गुणों के संदेश के साथ पहुंचेगा अश्वमेघ ज्योति कलश,भव्य स्वागत की तैयारियां तेज

**●गायत्री परिवार का जनजागरण अभियानः13 को शुकुल बाजार में अश्वमेघ ज्योति कलश का भव्य आगमन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**शुकुल बाजार, अमेठी।** क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक जागरूकता का संदेश लेकर शांतिकुंज हरिद्वार से निकला ज्योति कलश 13 तारीख, सोमवार को शुकुल बाजार पहुंचेगा। इसके आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। स्थानीय श्रद्धालुओं व गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं द्वारा कलश के स्वागत हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। ज्योति कलश के आगमन पर श्रद्धालुजन विधि-विधान से पूजन-अर्चन करेंगे और भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। गायत्री परिवार के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को इस आध्यात्मिक अभियान से जोड़ रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक लोग इस आयोजन का हिस्सा बन सकें।कलश यात्रा के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक वातावरण के साथ-साथ सामाजिक समरसता और एकता को भी बढ़ावा मिलेगा। आयोजन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और इसे एक बड़े जनभागीदारी कार्यक्रम के रूप में देखा जा रहा है।कार्यक्रम के ब्लाक समन्वयक अशोक शर्मा ने बताया कि शांतिकुंज से आने वाला ज्योति कलश केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक सशक्त माध्यम है। इस अभियान के जरिए लोगों को नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, नैतिक मूल्यों के विकास और सद्गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।ब्लॉक मीडिया प्रभारी दीपक पाठक ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को इन मूल्यों की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि ज्योति कलश यात्रा लोगों को सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने और एक जागरूक, स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करेगी।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, संयमित जीवनशैली और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करेगा, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और व्यवहार को भी बढ़ावा देगा।

# चौकीसाल बीच पहाड़ी आरईओ पक्की सड़क हुई क्षतिग्रस्त

**●ग्रामीणों ने विशेष मरम्मतीकरण कराने की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत तेतुलिया और बीच पहाड़ी पंचायत के मिलन बिंदु चौक पारुलिया ग्रामीण चौक से बीच पहाड़ी ग्राम तक जाने वाली आरईओ सड़क पूर्णतः जर्जर हो चुकी है। इसे लेकर ग्रामीणों ने नए सिरे से पथ निर्माण की मांग जनप्रतिनिधियों तथा विभागीय पदाधिकारियों से की है। गुरुवार को दोनों गांवों के ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पथ लंबे समय से जीर्ण अवस्था में है, जिससे आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षतिग्रस्त आरईओ सड़क के संबंध में ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि यह सड़क कई वर्ष पहले बनी थी, लेकिन निर्माण के एक वर्ष के भीतर ही प्रीमिक्सिंग की चिप्स उखड़ने लगी। पिछले कई वर्षों से सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है। महिलाओं ने कहा कि किसी भी सड़क का निर्माण होने के बाद कम से कम पांच वर्षों तक उसकी गुणवत्ता बनी रहनी चाहिए। अच्छी और सुगम सड़कें होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होती है, जबकि खराब सड़कों के कारण परेशानी बढ़ जाती है। ग्रामीणों और महिलाओं ने बताया कि इस जर्जर पथ पर बाइक, साइकिल और पैदल चलना भी कठिन हो गया है। नंगे पांव चलने पर चोट लगने की आशंका बनी रहती है। उनका कहना है कि यदि सड़क अच्छी हो तो ऑटो और टोटो से आवागमन सुविधाजनक और कम समय में संभव हो सकता है, लेकिन वर्तमान में इस जर्जर सड़क पर सवारी वाहनों का संचालन कठिन है और किराया भी अधिक देना पड़ता है। इससे विशेष रूप से महिलाओं को अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## विगत दिनों से अस्वस्थ चल रहे सांसद प्रतिनिधि खुर्शीद आलम का हाल-चाल जानने पहुंचे विधायक



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-**पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत राजपोखर पंचायत के लकड़ापहाड़ी गांव निवासी सांसद प्रतिनिधि सह वरिष्ठ झामुमो नेता खुर्शीद आलम के स्वास्थ्य में सुधार की जानकारी लेने के लिए महेशपुर विधायक माननीय प्रोफेसर स्टीफन मरांडी उनके गांव स्थित घर पहुंचे। विधायक ने खुर्शीद आलम के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। सांसद प्रतिनिधि खुर्शीद आलम कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे हैं। विधायक ने कहा कि खुर्शीद आलम लंबे समय से समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं और झामुमो पार्टी के वरिष्ठ व कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में पार्टी को सुदृढ़ करने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, प्रखंड सचिव मैनुद्दीन अंसारी, कोलोम मुर्मू एवं अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# लातेहार में जनगणना 2027 की तैयारी तेज, फील्ड ट्रेनरों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**●मकान सूचीकरण व गणना कार्य को लेकर प्रशिक्षुओं को दी जा रही तकनीकी व व्यावहारिक जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में शनिवार को डीआरडीबी सभागार में फील्ड ट्रेनरों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जनगणना पदाधिकारी-सह-उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने की। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें फील्ड ट्रेनरों को मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके माध्यम से देश की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति एवं आधारभूत संरचनाओं की सटीक जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के दौरान मिली जानकारी को गंभीरता से आत्मसात कर फील्ड में जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान जनगणना कार्य निदेशालय, झारखंड रांची के सांख्यिकी अन्वेषक सन्नी आनंद ने प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण, परिवारों का डेटा संकलन, डिजिटल उपकरणों के उपयोग एवं डेटा की शुद्धता बनाए रखने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही गणना कार्य के दौरान आने वाली संभावित चुनौतियों और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर जनगणना कार्य की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए निर्धारित समयसीमा में सभी कार्य पूर्ण करें। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं फील्ड ट्रेनर उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उठी मांग, राज्य मंत्री को सौंपा गया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** महरौनी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर शीघ्र सुधार की मांग उठाई है। यह ज्ञापन राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यंत बडौनिया द्वारा सौंपा गया।

ज्ञापन में नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से हो रही परेशानियों को विस्तार से उजागर किया गया है। बताया गया कि नगर महरौनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिनमें गरीब, निराश्रित एवं असहाय वर्ग के लोग अधिक होते हैं। बावजूद इसके, चिकित्सकों की कमी के चलते मरीजों को समय पर उचित उपचार नहीं मिल पा रहा है।

ज्ञापन में विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. के. के. मिश्रा, डेंटल सर्जन डॉ. सपना राठौर एवं गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. कीर्ति जैन की तैनाती महरौनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में है किन्तु इनके अभाव या संबद्धता के कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सर्जरी एवं विशेषज्ञ उपचार की सुविधाएं प्रभावित होने से मरीजों को अन्य शहरों की ओर रुख करना पड़ रहा है।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यंत बडौनिया ने राज्य मंत्री से आग्रह किया कि जनहित को दृष्टिगत रखते हुए उक्त चिकित्सकों की महरौनी स्वास्थ्य केंद्र में तैनाती सुनिश्चित कराई जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। साथ ही जिला चिकित्सालय से संबद्धकरण निरस्त करने की मांग भी रखी गई।

# जैन विद्वत् परिषद् के महामंत्री बने संजीव जैन शास्त्री, महरौनी का बढ़ाया गौरव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** महरौनी नगर के लिए गौरव का विषय है कि शिक्षक एवं जैन दर्शनाचार्य संजीव कुमार जैन को अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत् परिषद् के महामंत्री पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया है। यह चयन 13 अप्रैल 2026 को अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय विद्वत् संगोष्ठी के दौरान साधारण सभा में शताधिक विद्वानों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर आगामी तीन वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत् परिषद् की स्थापना सन् 1944 में पूजनीय क्षुल्लक श्री 105 गणेश प्रसाद जी वर्णी जी की प्रेरणा से हुई थी। यह संस्था देशभर के जैन विद्वानों की प्रतिनिधि संस्था के रूप में कार्य कर रही है। संजीव जैन शास्त्री महरौनी (ललितपुर) के निवासी हैं तथा जैन दर्शनाचार्य (स्वर्ण पदक) से सम्मानित हैं। उन्हें सन् 2003 एवं 2004 में दिल्ली सरकार द्वारा संस्कृत प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त उन्हें श्री वीरचंद राघवजी गांधी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभा पुरस्कार के अंतर्गत छात्रवृत्ति भी प्राप्त हुई है। वर्ष 2022 में श्री श्रमण संस्कृति संस्थान द्वारा स्नातक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्तमान में वे उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत 200 विद्यालयों में संचालित 'लीप प्रोजेक्ट' की समिति के सदस्य भी हैं। यह चयन मुनि श्री प्रणुत सागर जी महाराज के मंगल सान्निध्य एवं परिषद् के तत्वावधान में संपन्न हुआ। संजीव कुमार जैन के इस मनोनयन से क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है तथा उन्हें दिगम्बर जैन पंचायत समिति श्री यशोदय तीर्थ कमेटी श्री शांतिनाथ मंदिर कमेटी श्री चंद्राप्रभु जिनालय कमेटी,श्री सर्वतोभद्र सौशल जैन सोशल ग्रुप सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा बधाइयां दी गई।

# सोने की ईंटें गायब प्रकरणः स्वर्णकार, समाज में आक्रोश

**●गौड़ बब्बा मन्दिर पर हुई बैठक में कार्रवाई की मांग**

**करोड़ो के सोना गायब होने के मामले में रहस्य बरकरार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुनौरी स्थित सवालखिया गौड़ बब्बा स्थान पर खुदाई के दौरान कथित रूप से मिली 'सोने की ईंटों' के गायब होने के मामले में सवालखिया समाज में गहरा आक्रोश है । समाज की बैठक में पुलिस कार्रवाई की मांग की गई।

शनिवार की दोपहर गौड़ बब्बा स्थान पर सवालखिया समाज एवं ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई।जिसमें मामले में ठोस कार्रवाई की मांग उठाई गई। वही इस मामले में मीडिया खबरों के बाद पुलिस अधीक्षक ने जांच पड़ताल के निर्देश दिए। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने सोने की ईंटें निकालने के दौरान संदिग्ध गतिविधि करने बाले एक ग्रामीण को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पकड़े गए ग्रामीण से पुलिस मामले की पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ ही घटनास्थल से जुड़े तथ्यों को खंगाला जा रहा है। फिलहाल, पूरे घटनाक्रम पर क्षेत्रवासियों की नजर बनी हुई है और लोग जांच के निष्कर्ष का इंतजार कर रहे हैं। वहीं देर शाम स्वर्णकार समाज ने कोतवाली पुलिस को सामूहिक रूप से शिकायती पत्र देकर पूरे मामले के खुलासे की मांग की।

**यह था पूरा मामला...**

ग्रामीणों के अनुसार, मंदिर निर्माण के लिए जेसीबी से खुदाई के दौरान कपड़े में बंधी करीब 16 सोने जैसी ईंटें मिलने की चर्चा हुई थी। बताया गया कि ईंटों का पूजन करने के बाद उन्हें पुनः गड्ढे में रख दिया गया, लेकिन देर शाम वे रहस्यमय तरीके से गायब हो गईं। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं और अटकलें जारी हैं। इधर, करोड़ों रुपये मूल्य के सोना गायब होने की आशंका को लेकर सवालखिया समाज में नाराजगी देखी जा रही है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यदि शीघ्र ही मामले का खुलासा करने की मांग की गई।

# संक्षिप्त खबरें

## थाना समाधान दिवस में सीओ ने सुनी शिकायतें




**कोंच(जालौन)-** सीओ परमेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सिर्फ एक ही शिकायत आई जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शनिवार को कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में सीओ ने अधीनस्थ अधिकारियों से साफ तौर पर कहा कि समस्याओं के समाधान में जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस से जुड़े अधिकारी राजस्व विभाग के साथ पर्याप्त समन्वय बनाकर मौके पर जाएं, समस्या की प्रकृति को समझें और उसका गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। इस दौरान केवल एक शिकायत मौके पर आई जिसमें वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार ने दोनों पक्षों से वार्ता करते हुए गंभीरतापूर्वक सुना और मौके पर ही समस्या का समाधान कर दिया। इस दौरान कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह, एसआई अशोक कुमार वर्मा सहित लेखपाल मौजूद रहे।

## बसपा नगर अध्यक्ष पद से हटाए गए महेंद्र, फिरोज खान बने नगर अध्यक्ष



**कोंच(जालौन)-** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष अंतरसिंह पाल ने फिरोज खान को नया अध्यक्ष बनाया है। बहुजन समाज पार्टी की नगर इकाई में फेरबदल किया गया है। बसपा नगर अध्यक्ष रहे सभासद महेंद्र सिंह कुशवाहा को अचानक उनके पद से हटा दिया गया है। पार्टी जिलाध्यक्ष अंतरसिंह पाल ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि झांसी मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी डॉ. ब्रजेश जाटव व मंडल प्रभारी द्वय इकलाख राईन व जितेंद्र दयालु की संस्तुति पर कोंच नगर की कमेटी घोषित की जा रही है जिसमें अध्यक्ष फिरोज खान, उपाध्यक्ष गुड्डन राठौर, महासचिव सुनील खटीक, कोषाध्यक्ष विनीत सौनकिया, सचिव सतीश अहिरवार को बनाया गया है।

## आदि शक्ति स्थल मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए भक्तों सहयोग की अपील



**सोनभद्र/घोरावल** -स्थानीय तहसील घोरावल के सत्तद्वारी गांव में आदि शक्ति विराजमान विग्रह जो अनादि काल से विराजमान थी जिनका चबूतरा लगभग 1995 में बना ।बतादें कि मुंडा मंदिर का निर्माण सन 2001 में हुआ था जिनके जीर्णोद्धार गुंबज का कार्य शिवद्वार मन्दिर प्रबंध समिति शिव पार्वती प्राचीन काशी सेवा समिति के तत्वधान में सार्वजनिक सहयोग से किया जा रहा हैं। समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि माता दुर्गा का विराजमान विग्रह अति प्राचीन हैं माता दुर्गा झूले पर झूला झूलती हुई अपने सखियों के साथ विग्रह में विराजमान हैं। प्राचीन काल पत्थर से बनी हैं जो लगभग 9 वीं शताब्दी के शिल्पकारों के द्वारा बनाई गई थी । जो काफी प्राचीन समय से शिवद्वार मन्दिर से 200 मीटर दूर चयना माता के नाम से भी प्रसिद्ध हैं । उक्त मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य शिवद्वार मंदिर समिति के शकुशल तत्वधान में भक्तों के सहयोग से हो रहा है।जिसमें सभी सनातन प्रेमियों का शारीरिक, मानसिक, आर्थिक सहयोग अपेक्षित हैं अपना यथोचित सहयोग प्रदान कर पुण्य के भागी बने।

## बार थाना दिवस में 4 प्रकरण, एक का मौके पर निस्तारण

### नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में सुनवाई

**बार।** बार थाना परिसर में अप्रैल माह के द्वितीय शनिवार को थाना दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार तालबेहट धीरेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। थाना दिवस में कुल चार प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें से एक मामले का मौके पर ही त्वरित निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों में भूमि विवाद और कब्जे से जुड़े प्रकरण प्रमुख रहे। ग्राम डुलावान निवासी कम्मोद पुत्र जरउवा वंशकार ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि रामचरन पुत्र हरजू झा द्वारा उसकी भूमि पर जबरन कब्जा किया गया है, जबकि संबंधित भूमि की पैमाइश लेखपाल द्वारा पूर्व में की जा चुकी है। इसी प्रकार ग्राम सेमराभागनगर निवासी दिनेश पुत्र शिवदयाल ने आरोप लगाया कि गजराज पुत्र रामप्रसाद एवं रघुवीर पुत्र रामप्रसाद ट्रैक्टर के माध्यम से उसकी जमीन पर जबरन जुताई कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।

# ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में खामी बरतने पर विधायक को दिया शिकायती पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)-** मानकों की अनदेखी कर गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण कार्य होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विधायक से करते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है। उधर, विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए साफ तौर पर कहा है कि जांच में यदि अनियमितता पाई गई तो निर्माण कार्य से जुड़े जिम्मेवारों के विरुद्ध निश्चित रूप से कार्यवाही होगी।

मामले के मुताबिक कोंच ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गुरावती में करीब एक किमी दूरी के संपर्क मार्ग की नई सड़क का 11 लाख रुपए की लागत से पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क का निर्माण कार्य उरई की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामीण सुधीर दुबे एड, अजय पटेल, पप्पू पटेल, प्रमोद, राजकुमार आदि ने शनिवार को क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन के आवास पहुंचकर उन्हें शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में मानकों और गुणवत्ता की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। सड़क पर सही तरीके से पिचिंग नहीं की जा रही है और न ही रोलिंग का काम किया जा रहा है। मात्र एक इंच मोटी जीरा गिट्टी, डामर में मिश्रित कर डाली जा रही है जिससे नई सड़क कुछ ही दिनों में पूर्व की तरह गड्ढों में तब्दील हो जाएगी और सरकारी धन की बर्बादी हो जाएगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए विधायक को बताया कि इस संबंध में विरोध दर्ज कराने के बाद भी निर्माण कार्य से जुड़े लोग उनकी एक नहीं सुन रहे हैं और अपनी मनमर्जी दिखा रहे हैं। उधर, ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने विभागीय जूनियर इंजीनियर को फोन कर तत्काल ही निर्माण कार्य की जांच किए जाने के निर्देश दिए हैं। विधायक ने शिकायतकर्ता ग्रामीणों से साफ तौर पर कहा कि जांच में अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि निर्माण कार्य मानक के अनुरूप ही कराया जाएगा।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**सिद्धार्थनगर** - राजकीय महाविद्यालय डुमरियागंज में शनिवार को कलम सेवा समिति के तत्वावधान स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम के तहत राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय गौराही बुजुर्ग नउवागांव के चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार गौतम का व्याख्यान हुआ। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य जागरुकता एवं उसकी प्रगति रहा। डॉ अशोक कुमार गौतम ने बड़े सहजता एवं व्यवहारिक भाषा में इसके विविध प्रकार एवं अपने अनुभव को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। डॉ अशोक कुमार गौतम ने बताया कि स्वास्थ्य जागरुकता से संभावित खतरे को दूर किया जा सकता है। कोरोना जैसी महामारी को समाप्त करना,इसी जागरुकता का परिणाम रहा। इस अवसर पर डॉ. अमरनाथ, डॉ. शफीकुर्रहमान, डॉ. मालिक राम वर्मा, महेश कुमार गुप्त, अनिल यादव, अमन मिश्रा सहित सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे ।

# क्रय केन्द्रो पर गेंहू बेचने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य - देवेंद्र कुमार सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश-** सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा है कि अप्रैल माह से गेहू खरीद प्रारंभ हो चुकी है ।लेकिन केंद्र पर गेंहू बेचने के पूर्व किसानो को फार्मर रजिस्टरी करानी आवश्यक होगी। सहायक आयुक्त ने बताया कि किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किश्तें केवल उन्हीं किसानों को दी जाएंगी, जिनके पास किसान पहचान पत्र होगा। इसी क्रम में राज्य सरकार ने भी निर्णय लिया है कि कृषि विभाग सहित उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता और लघु सिंचाई विभाग की सभी लाभार्थी योजनाओं में फार्मर आईडी को अनिवार्य किया जाएगा।

प्रथम चरण में कृषि विभाग द्वारा उर्वरक, बीज, कीटनाशी एवं अन्य कृषि इनपुट के वितरण तथा लाभार्थियों के चयन में किसान पहचान पत्र को आधार बनाया जाएगा। इसके साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर गेहूं, धान, दालें, सरसों आदि की खरीद के लिए भी किसान पहचान पत्र अनिवार्य रहेगा। खरीद केंद्रों पर किसानों के पहचान पत्र का सत्यापन करने के बाद ही खरीद की जाएगी। सहायक आयुक्त ने कहा कि प्रदेश में अनुदानित उर्वरकों का वितरण फिलहाल पीओएस मशीनों के माध्यम से आईएफएमएस पोर्टल पर हो रहा है, जिसे मई से फार्मर आईडी और फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाएगा। वहीं खाद्य एवं रसद विभाग और कृषि विभाग द्वारा एमएसपी पर होने वाली सभी खरीद में तत्काल प्रभाव से किसान पहचान पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध मे सभी किसान बंधुओ से अनुरोध है कि तत्काल फार्मर रजिस्ट्री कराकर गेंहू क्रय योजना का लाभ उठायें।

# जागरूक किसान देश की अमूल्य पूँजी है-अभिजीत मौर्य

### ●परसोना मे किसान कारवाँ कार्यक्रम संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घोरावल/सोनभद्र-**घोरावल विकास खंड के परसोना ग्राम मे आज किसान कारवां कार्यक्रम का सफल आयोजन सामुदायिक सभागार मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे कृषि, पशुपालन, पोषण एवं आधुनिक खेती से संबंधित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा किसानों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, सोनभद्र के पशुपालन विषय विशेषज्ञ डॉ. ए.के. यादव, कृषि विज्ञान केंद्र, सोनभद्र की एसएमएस डॉ. रश्मि सिंह, इफको सोनभद्र के क्षेत्रीय अधिकारी अभिजीत मौर्य,स्न्न अवनीश कुमार पाण्डेय, इफको स्ड्ढश्च कृष्णकांत तिवारी,कृषि विभाग के एडीओ तेजराम गंगवार, इफको एमसी के क्षेत्रीय अधिकारी धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं किसानों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, सोनभद्र के पशुपालन विषय विशेषज्ञ डॉ. ए.के. यादव ने पशुओं के स्वास्थ्य एवं टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए किसानों को मुंहपका-खुरपका (FMD) एवं थनैला जैसी गंभीर बीमारियों के लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र, सोनभद्र की एसएमएस डॉ. रश्मि सिंह ने संतुलित पोषण एवं स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा करते हुए महिला एवं पुरुष किसानों को दैनिक जीवन में पोषक आहार अपनाने की सलाह दी तथा पेट संबंधी समस्याओं से बचाव हेतु भोजन बनाने से पूर्व दाल भिगोने जैसी उपयोगी जानकारी साझा की।

इफको, सोनभद्र के क्षेत्रीय अधिकारी अभिजीत मौर्य ने किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के समुचित प्रयोग की विधि समझाते हुए बताया कि इन उर्वरकों का उपयोग फसल की किस अवस्था में करना चाहिए तथा नैनो डीएपी द्वारा बीज एवं फसल उपचार की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

साथ ही उन्होंने सागरिका उत्पाद के लाभ एवं उपयोगिता के विषय में भी किसानों को अवगत कराया। इफको के क्षेत्रीय अधिकारी अभिजीत मौर्य ने कहा कि एक जागरूक किसान अपने परिवार व गांव की ही नही बल्कि राष्ट्र की अमूल्य पूँजी होता है और इफको का संकल्प इस जागरूकता को कायम रखना है। कृषि विभाग के एडीओ तेजराम गंगवार ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व एवं उससे मिलने वाले लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि भविष्य में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं खाद वितरण का लाभ केवल उन्हीं किसानों को प्राप्त होगा जिनकी फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण होगी।

इसके अतिरिक्त इफको एमसी के क्षेत्रीय अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने इफको एमसी की स्थापना के उद्देश्य एवं फसल सुरक्षा हेतु उपलब्ध विभिन्न उत्पादों की जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में प्रगतिशील युवती किसान नेहा सिंह ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि समूह से जुड़कर वह न केवल आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि अन्य महिलाओं एवं युवतियों को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मशरूम उत्पादन के माध्यम से वह अच्छी आय अर्जित कर रही हैं।

यह कार्यक्रम किसानों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, जिसमें आधुनिक कृषि तकनीकों, पोषण, पशुपालन एवं आत्मनिर्भरता के विभिन्न आयामों पर उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

# आरटीसी सोनभद्र में प्रशिक्षु आरक्षियों की परीक्षा सम्पन्न, विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार के नेतृत्व में आरटीसी सोनभद्र में प्रचलित 500 प्रशिक्षु आरक्षी नागरिक पुलिस के आधारभूत कोर्स की अंतिम अंतः कक्षीय एवं बाह्य कक्षीय विषयों की परीक्षा दिनांक 17.03.2026 से 10.04.2026 तक सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराई गई। जिसमें निम्न प्रशिक्षुओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की गई- सर्वांग सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी-

प्रशिक्षु आरक्षी प्रशांत शुक्ला (कुल 1246.1 अंक), बाह्य कक्षीय विषयों में सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी-प्रशिक्षु आरक्षी प्रशांत शुक्ला (572.1 अंक), अंतः कक्षीय विषयों में सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी-प्रशिक्षु आरक्षी नीरज ओझा (685 अंक), अंतः कक्षीय विषयों के समूहवार सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी-प्रथम समूह - प्रशिक्षु आरक्षी नितिन कुमार (64 अंक), द्वितीय समूह - प्रशिक्षु आरक्षी नीरज ओझा (91 अंक), तृतीय समूह - प्रशिक्षु आरक्षी चन्द्रपाल (110 अंक), चतुर्थ समूह - प्रशिक्षु आरक्षी विजय पाण्डेय (95 अंक), पंचम समूह - प्रशिक्षु आरक्षी अनुभव कुमार तिवारी (111 अंक), षष्ठम समूह - प्रशिक्षु आरक्षी अभिषेक तिवारी (86 अंक), सप्तम समूह - प्रशिक्षु आरक्षी हेमन्त राज (92 अंक), अष्टम समूह - प्रशिक्षु आरक्षी सन्तोष कुमार पटेल (73 अंक), बाह्य कक्षीय विषयों में सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी (विषयवार)-शारीरिक दक्षता परीक्षा में - प्रशिक्षु आरक्षी राम कुमार (94 अंक), यू0ए0सी0 में - प्रशिक्षु आरक्षी वरुण कुमार पाण्डेय (36 अंक),

योगासन में - प्रशिक्षु आरक्षी मयंक पाल (28 अंक), पदाति प्रशिक्षण में - प्रशिक्षु आरक्षी अभिनव सिंह (82 अंक), शस्त्र प्रशिक्षण में - प्रशिक्षु आरक्षी अभिषेक कुमार मिश्रा (70.9 अंक), जंगल प्रशिक्षण में - प्रशिक्षु आरक्षी विकास चन्द्र (60 अंक), भीड़ नियंत्रण में - प्रशिक्षु आरक्षी प्रशांत शुक्ला (38 अंक), विशिष्ट तलाशी में - प्रशिक्षु आरक्षी प्रशांत शुक्ला (38 अंक), यातायात प्रशिक्षण में - प्रशिक्षु आरक्षी रविन्द्र प्रताप सिंह (38 अंक)

आतंकवाद निरोधी प्रशिक्षण में - प्रशिक्षु आरक्षी मुकुल सिंह (65 अंक)। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रशिक्षु आरक्षियों को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) द्वारा सम्मानित/प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं जनसेवा के प्रति समर्पित पुलिसकर्मी बनने हेतु प्रेरित किया गया। जनपद पुलिस द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को उच्च स्तर पर बनाए रखते हुए सक्षम, अनुशासित एवं पेशेवर पुलिस बल तैयार करने हेतु सतत प्रयास किए गयें हैं।

## इफको ने शुरू किया नैनो उर्वरक जागरूकता महा अभियान




**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** भारत की सबसे बड़ी उर्वरक सहकारी संस्था इफको द्वारा देशव्यापी नैनो उर्वरक जागरूकता महा अभियान का शुभारंभ किया गया है। इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किसानों को नैनो उर्वरकों के उपयोग के प्रति जागरूक कर कम लागत में अधिक उत्पादन सुनिश्चित करना है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रेरणा से आत्मनिर्भर भारत एवं सहकार से समृद्धि' मिशन के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। इफको सोनभद्र के क्षेत्राधिकारी अभिजीत मौर्य ने बताया कि जनपद के सभी विकास खंडों में कृषि एवं सहकारिता विभाग के सहयोग से इस अभियान को किसानों तक पहुंचाया जाएगा।

# जनपद के समस्त थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

### ● पुलिस अधीक्षक ने सुनी गयी थाना ओबरा पर जनता की समस्याएं , अन्य थानों पर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा सुनी गयी जनता की समस्याएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -शनिवार दिनांक 11.04.2026 को जनपद के समस्त थानों पर 'थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा थाना ओबरा पर जन समस्याओं को सुना गया तथा समस्त राजपत्रित अधिकारीगण/थाना प्रभारीगण द्वारा सम्बन्धित थानों पर जनता की समस्याएं सुनी गयी। समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में से अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि भूमि सम्बन्धी समस्त प्रकरणों का निस्तारण पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित हो सके।जनपद में पूर्व से पुलिस से सम्बन्धित 01 व राजस्व से सम्बन्धित 73 प्रार्थना पत्र लम्बित थे एवं आज के दिन प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्रों में पुलिस से सम्बन्धित कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 04 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व विभाग से सम्बन्धित कुल 81 प्रार्थना पत्रों में से 69 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मीडिया हाउस द्वारा आयोजित नि:शुल्क के स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन

### ●सदर विधायक भूपेश चौबे ने कैम्प का किया निरीक्षण, डॉक्टरों को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**डाला / सोनभद्र** - रामलीला मैदान डाला बाजार में शनिवार की सुबह मीडिया हाउस (संस्था) द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर (मेडिकल कैंप) में 350 लोगों का इलाज किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे रहे। मुख्य अतिथि श्री चौबे ने बताया कि सोनभद्र जनपद आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, डाला खनन क्षेत्र समेत घनी आबादी है,जिसको लेकर कैंप का होते रहना आवश्यक है, सोनभद्र में 2017 के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था मे अत्यधिक सुधार हुआ है, प्रत्येक जिले में मेडिकल कालेज बीजेपी सरकार में ही हो पाया है। जानलेवा महंगी दवाएं मुफ्त मिलने लगी है। विशिष्ट अतिथि अल्ट्राटेक एडमिन हेड पियूष शुक्ला, क्रशर एशोसिएशन अध्यक्ष अजय सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि मेडिकल कैम्प से बहुत लोगों को राहत मिलती है, ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए, संस्था के सहयोग से हर तीन महीने में कैंप को लगाया जाने का प्रयास किया जाएगा।

मीडिया हाउस संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष डा ए के गुप्ता ने बताया कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर मेडिकल कैंप में सम्पूर्ण टीकाकरण, सभी रोग की जांच, मलेरिया की जांच, शुगर की जांच, टीवी की जांच, कुष्ठ की जांच, डेगूं की जांच व आखों की जांच कर मरीजों को मुफ्त दवा बाटीं गई, कैम्प में दंत रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन चिकित्सक ने सैकडों मरीजों का इलाज किया। सभी मजदूरों के लिए ई-श्रम कार्ड आयुष्मान कार्ड बनाया गया, संस्था द्वारा पूर्व में भी कई बार मेडिकल कैम्प का भव्य आयोजन किया गया है, रक्तदान महादान-अभियान के तहत ब्लड डोनेट भी मेडिकल कैंप में कराया गया है जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया।

इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष हनुमान सिंह, चोपन सामुदायिक अधिक्षक डा सुभाष चंद्रा, डा हिमांशु यादव, डा तान्या आनद, डॉ नंदकुमार, डॉ शिव कुमार यादव, डॉ पीयूष सत्यम, डा प्रखर केसरी, डॉ रविंद्र प्रसाद, डा ममता मोर्य, क्रशर एशोसिएशन सचिव अभिषेक सिंह पिंकू, प्रदुमन राय, चंद्रभान राय, मिथिलेश अग्रहरि, शुभम गोयल, छोटू गोयल, सनोज तिवारी, मुकेश जैन, पं ओम प्रकाश तिवारी, अखिलेश पाण्डेय,श्री प्रकाश द्विवेदी, राजवंश चौबे, नीरज पाठक, जगदीश तिवारी, कृपा शंकर पांडेय आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सर्वेश पटेल ने किया।

# मारपीट व धमकी की घटना में पुलिस की तहरीर पर दो दर्जन से अधिक आरोपियों पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों में मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों से जुड़े दो दर्जन से अधिक आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के आरक्षी राहुल यादव व नीरज कुमार बीती दस अप्रैल को दिन में गश्त पर निकले थे। इस बीच जैनपुर में नई कालोनी के तहत भवन निर्माण को लेकर दो पक्षों में भिड़न्त की जानकारी पुलिस को मिली। मौके पर पहुंचे आरक्षियों ने आरोपियों को चिन्हित कर नामजद तथा अज्ञात तहरीर दी। तहरीर पर पुलिस ने एक पक्ष के उदल भारती पुत्र गजाधर, गगन भारती, रिजवान भारती, अरूण भारती पुत्रगण उदल, बिटटन भारती पत्नी उदल, दूजा भारती पत्नी अरूण भारती, पूनम भारती पत्नी गगन व चार से पांच अज्ञात तथा दूसरे पक्ष के अशोक भारती पुत्र गजाधर, पिटल्ली भारती पत्नी अशोक, सघन भारती पुत्र अशोक, अनीषा भारती पत्नी सघन, गोलू भारती पुत्र अशोक, मनोज भारती पुत्र अशोक व मोनू भारती पुत्र अशोक एवं चार-पांच अज्ञात के खिलाफ गालीगलौज व लाठी डंडे व लात घूंसे से मारपीट तथा जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

# अनपरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 9.63 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण में थाना अनपरा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 11.04.2026 को मुखबिर की सूचना पर जीएम ऑफिस ककरी के पास से अभियुक्त सोनू कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी ककरी कालोनी गेट के सामने, ककरी गांव थाना अनपरा जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 19 वर्ष को 9.63 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना अनपरा पर मु0अ0सं0-86/2026 धारा 8/21/27ए/29 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से कुल 9.63 ग्राम अवैध हेरोइन (अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख रुपये),

01 अदद ओप्पो F23 मोबाइल फोन, नकद रुपये सहितएक पल्सर मोबाइल UP64BB8853 बरामद किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह हेरोइन को सूरज कुमार उर्फ सूरज जैक्स निवासी रेहटा थाना अनपरा से प्राप्त कर छोटे-छोटे पुड़िया बनाकर 500 प्रति पुड़िया के हिसाब से बेचता है। बिक्री से प्राप्त धनराशि का आधा हिस्सा सूरज जैक्स द्वारा उसे दिया जाता है। अभियुक्त ने बताया कि उक्त व्यक्ति द्वारा बाहरी स्थानों से हेरोइन लाकर क्षेत्र में सप्लाई की जाती है तथा अन्य लोगों के माध्यम से भी बिक्री कराई जाती है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 बृजेश कुमार दूबे, थाना अनपरा जनपद सोनभद्र, हे0का0 विजय कुमार,का0 सौरभ वर्मा शामिल रहे। जनपद पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध अभियान सतत रूप से जारी है तथा इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही जारी रहेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## आईआईटी कानपुर में वैश्विक साइबर सुरक्षा हैकाथॉन में पुणे की टीम बनी विजेता



**कानपुर।** IIT कानपुर में साइबर हैकाथॉन का ग्रैंड फिनालेः पुणे की टीम 'शैडो बाइट' बनी विजेता कानपुर स्थित आईआईटी कानपुर में आयोजित वैश्विक साइबर सुरक्षा हैकाथॉन 'HACK IITK 2026' का ग्रैंड फिनाले संपन्न हो गया। यह आयोजन साइबर सुरक्षा केंद्र CxiHub द्वारा किया गया। दो दिन तक चले इस हैकाथॉन में AI, पोस्ट-क्वांटम टेक्नोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी से जुड़े इनोवेशन पर प्रतिभागियों ने अपने समाधान प्रस्तुत किए। इस वर्ष की थीम महत्वपूर्ण अवसंरचना (Critical Infrastructure) की सुरक्षा से जुड़ी रही। प्रतियोगिता में देश-विदेश की टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें पुणे की टीम 'शैडो बाइट' विजेता बनी। टीम ने साइबर सुरक्षा से जुड़े नवाचार के जरिए निर्णायकों को प्रभावित किया। आयोजकों के अनुसार, इस तरह के हैकाथॉन का उद्देश्य युवाओं को उभरती तकनीकों के क्षेत्र में नवाचार के लिए प्रोत्साहित करना और देश की साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाना है।

## कानपुर में ससुर की हैवानियतः बहू को घसीट-घसीट कर पीटा, वीडियो वायरल



**कानपुर।** कानपुर के चकेरी थाना क्षेत्र के आनंद नगर में घरेलू हिंसा का गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक ससुर द्वारा बहू को बेरहमी से घसीट-घसीट कर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, पीड़िता मीनाक्षी पांडेय की शादी वर्ष 2020 में हिमांशु दुबे के साथ हुई थी। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला मदद की गुहार लगाती रही, लेकिन आरोपी ससुर उसे लगातार मारता और घसीटता रहा। घटना का वीडियो मोहल्ले के लोगों ने बना लिया, जिसके बाद मामला सामने आया। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर आक्रोश है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस में शिकायत के बावजूद चकेरी थाना में मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी की जा रही है। फिलहाल मामला चर्चा में है और लोगों की मांग है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## कानपुर में पलक झपकते ही बुलेट चोरी, CCTV में कैद वारदात




**कानपुर।** कानपुर के फजलगंज थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की घटना सामने आई है। शातिर चोर ने मिल एरिया चौकी से कुछ ही दूरी पर खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि पूरी वारदात कुछ ही सेकंड में अंजाम दी गई। चोरी की यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें आरोपी साफ नजर आ रहा है। घटना के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी है। वहीं, चौकी के पास ही चोरी होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

## 25000 रुपये का ईनामिया अभियुक्त हुआ गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी फतनपुर मनीष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना फतनपुर के उ0नि0 संतोष कुमार वर्मा मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट थाना फतनपुर प्रतापगढ़ से संबंधित 25000 रुपये का ईनामिया अभियुक्त राजू यादव पुत्र माताफेर यादव उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम गौरा पूरेबदल थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना फतनपुर क्षेत्रान्तर्गत भुजैनी फाटक के पास कहला नहर से के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त राजू यादव पर आपराधिक मामलों में पहले से सात मुकदमे दर्ज है।

# जनगणना में दी गई जानकारी न आरटीआई से सार्वजनिक होगी, न अदालत में बनेगी साक्ष्य : डीएम

● जनगणना अधिनियम देता है गोपनीयता की कानूनी गारंटी

जनगणना में सही जानकारी देकर नीति निर्माण में करें सहभागिता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** जनगणना 2027 को लेकर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जनपदवासियों से सही और पूर्ण जानकारी देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनगणना में नागरिकों द्वारा दी गई व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय रहती है। कानून के तहत यह जानकारी न तो सार्वजनिक की जाती है और न ही किसी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में स्वीकार की जाती है। इसलिए नागरिक बिना किसी आशंका के सही जानकारी उपलब्ध कराएं, क्योंकि जनगणना के विश्वसनीय आंकड़े ही सरकार को वास्तविक स्थिति समझने और भविष्य की योजनाएं बनाने में मदद करते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के अनुसार जनगणना में एकत्र की गई व्यक्तिगत सूचनाओं को पूर्ण गोपनीयता प्रदान की गई है। अधिनियम की धारा 8 के तहत प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह जनगणना से जुड़े प्रश्नों का अपनी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार उत्तर दे, जबकि धारा 15 के अंतर्गत जनगणना के दौरान एकत्रित अभिलेखों और अनुसूचियों में दर्ज व्यक्तिगत जानकारी का अवलोकन किसी व्यक्ति द्वारा नहीं किया जा सकता। इसी धारा के अनुसार जनगणना में दी गई जानकारी को किसी सिविल अथवा आपराधिक न्यायालय में साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, अर्थात नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी किसी न्यायिक कार्यवाही में उनके विरुद्ध प्रयोग नहीं की जा सकती। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना से संबंधित व्यक्तिगत जानकारी सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अंतर्गत भी सार्वजनिक नहीं की जा सकती। इस अधिनियम की धारा 8(1)(ज) के तहत किसी व्यक्ति की निजी जानकारी को सार्वजनिक किए जाने से संरक्षण प्राप्त है। इस प्रकार जनगणना के दौरान दी गई व्यक्तिगत सूचनाएं न तो सार्वजनिक होती हैं, न ही किसी व्यक्ति या अन्य विभाग को व्यक्तिगत रूप में उपलब्ध कराई जाती हैं और न ही न्यायालय में साक्ष्य के रूप में प्रयोग की जा सकती हैं।

## नौबस्ता में सड़ रहा मृत कुत्ता, नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल




**कानपुर।** शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। नौबस्ता क्षेत्र में कई दिनों से एक मृत कुत्ता सड़क किनारे पड़ा सड़ रहा है, लेकिन उसे उठाने के लिए अब तक नगर निगम की टीम नहीं पहुंची। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम की ओर से सफाई के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। गंदगी और दुर्गंध से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे साफ है कि सफाई व्यवस्था कागजों तक ही सीमित रह गई है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सफाई कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो।

# अब दुकानें सड़क पर बढ़ा कर नहीं लगा सकेंगे, यातायात पुलिस ने दुकानों की हद तय की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** आज दिनांक 11.04.2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा सुगम यातायात योजना 'Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme' के प्रभावी क्रियान्वयन के क्रम में जरीब चौकी चौराहा पर विशेष निरीक्षण किया गया । जरीब चौकी चौराहा पर यातायात को सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु रस्सी द्वारा स्पष्ट चिन्हांकन किया गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही निर्धारित लेन में सुनिश्चित हो सके । जरीब चौकी चौराहा पर दुकानों का भी रस्सी द्वारा चिन्हांकन कर दुकानदारों से संवाद स्थापित किया गया । दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के सामने अतिक्रमण न करने, सड़क पर अनावश्यक सामान न रखने तथा ग्राहकों के वाहनों को व्यवस्थित रूप से पार्क कराने हेतु जागरूक किया गया । दुकानदारों से अपील की गई कि वे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें, जिससे चौराहा पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो ।

जरीब चौकी चौराहा पर रूट मार्शल की तैनाती की गयी है । चौराहा पर चिन्हित चोक पॉइंट्स (Choke Points) की पहचान कर उनके कारकों को दूर किया जाएगा जिससे यात्रियों के ट्रैवल टाइम को घटाया जा सके । इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य चौराहा पर अनावश्यक जाम की स्थिति को समाप्त करना, यातायात प्रवाह को निर्बाध बनाए रखना तथा यात्रियों के समय की बचत करना है । महोदय ने संबंधित अधिकारियों एवं यातायात कर्मियों को निर्देशित किया कि चिन्हित रूट व्यवस्था हर समय स्पष्ट एवं अवरोध मुक्त बनी रहे । मौके पर एडीसीपी यातायात कपिल देव सिंह व यातायात निरीक्षक मध्य जोन मोवीन खान मौजूद रहें ।

# कमिश्नरेट कानपुर में समस्त जोन में वाहनों की ताबड़तोड़ चैकिंग, ई-रिक्शा चैकिंग पर विशेष ध्यान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कानपुर।** अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. विपिन ताडा के निर्देशन में कमिश्नरेट कानपुर नगर में चलाये जा रहे विशेष वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में दिनांक 10/11.04.2026 को पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में सेन्ट्रल जोन क्षेत्र में यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सघन चेकिंग की गयी। उक्त अभियान के अंतर्गत नाबालिग ई-रिक्शा/ऑटो चालकों, शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों, निर्धारित रूट के अतिरिक्त अवैध रूप से ई-रिक्शा/ऑटो संचालन करने वालों तथा रात्रि के समय संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम के दृष्टिगत सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान बिना वैध कागजात पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई। साथ ही पूर्व में निर्धारित रूट हेतु आवंटित क्यूआर कोड के माध्यम से वाहनों का सत्यापन भी किया गया। उक्त क्रम में थाना नवाबगंज क्षेत्र स्थित गुरूदेव चौराहा एवं थाना स्वरूपनगर क्षेत्र स्थित गोल चौराहा पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया, जहां पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल महोदय स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर वाहनों की सघन चेकिंग करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते रहे। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूपनगर, संबंधित थाना प्रभारी एवं पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा।

दक्षिण जोन में पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. विपिन ताडा के मार्गदर्शन में कमिश्नरेट कानपुर नगर के दक्षिण जोन में डीसीपी (दक्षिण) दीपेन्द्र नाथ चौधरी के नेतृत्व में थाना गोविंद नगर, बर्रा एवं गुजैनी क्षेत्र में ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र में संचालित रिक्शों की गहन जांच करते हुए यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी वाहन आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त न हो, कोई नाबालिग चालक वाहन का संचालन न कर रहा हो तथा कोई भी चालक नशे की अवस्था में वाहन न चला रहा हो। इसके अतिरिक्त चालकों के दस्तावेजों की भी जांच की गई एवं उन्हें यातायात नियमों का पालन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिण), एसीपी बाबूपुरवा एवं संबंधित थाना प्रभारी निरीक्षक, चौकी इंचार्ज तथा पुलिस बल मौजूद रहे।

# निजी स्कूलों की मनमानी, एनसीआरटी को दरकिनार कर बेची जा रही निजी प्रकाशकों की पुस्तकें

●निजी स्कूलों द्वारा बच्चों के भविष्य से ज्यादा प्रकाशकों और स्कूलों के मुनाफे को दिया जा रहा प्राथमिकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही निजी स्कूल संचालकों की मनमानी और सिंडिकेट का बोलबाला है, जिससे अभिभावकों की जेब पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। शासन के स्पष्ट निर्देशों और कड़े नियमों के बावजूद निजी स्कूलों ने शिक्षा को पूरी तरह से व्यापार बना दिया है। निजी विद्यालयों द्वारा एनसीईआरटी की सस्ती और सुलभ पुस्तकों को दरकिनार कर निजी प्रकाशकों की बेहद महंगी पुस्तकों को पाठ्यक्रम में अनिवार्य कर दिया गया है। अभिभावकों का गंभीर आरोप है कि स्कूल संचालकों और पुस्तक विक्रेताओं के बीच गहरे कमीशनखोरी के खेल के कारण उन्हें प्राइवेट पब्लिशर्स के पूरे सेट खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है। ये पुस्तकें खुले बाजार में कहीं उपलब्ध नहीं होती। बल्कि यह पुस्तक स्कूलों द्वारा निर्धारित कुछ चुनिंदा दुकानों या स्कूल के ईर्द-गिर्द के फिक्स दुकानों व स्कूलों पर ऊंचे दामों पर उपलब्ध है। आलम यह है कि एनसीआरटी के मुकाबले चुनिंदा प्रकाशकों की किताबें करीब चार गुना अधिक दर पर अभिभावकों को मिलता है। साथ ही चुनिंदा प्रकाशकों की किताबें स्कूल प्रबंधन को करीब पचास प्रतिशत से अधिक डिस्काउंट पर मिलता है लेकिन अभिभावकों को एमआरपी की मार झेलनी पड़ती है। सत्र की शुरुआत के साथ ही बुक स्टोरों पर लगने वाली लंबी कतारें और भारी-भरकम बिल मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों की कमर तोड़ रहे हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट सभागार में विद्यालय प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों के साथ बैठक में उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निजी स्कूलों द्वारा शुल्क विनियमन अधिनियम का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। डीएम ने आदेश दिया है कि कोई भी स्कूल कॉपी-किताब या ड्रेस के लिए किसी विशेष दुकान को निर्धारित नहीं करेगा और न ही स्वयं इनका विक्रय करेगा। साथ ही अगले पांच वर्षों तक स्कूल ड्रेस में कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा। पारदर्शिता लाने के लिए जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार, खण्ड शिक्षा अधिकारी और राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की एक त्रिसदस्यीय विशेष जांच समिति गठित की है। यह समिति स्कूलों के पिछले पांच वर्षों के रिकॉर्ड, शुल्क विवरण और ड्रेस-पुस्तकों की सघन जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी। डीएम ने यह भी साफ कर दिया है कि 5 प्रतिशत से अधिक शुल्क वृद्धि करने वाले स्कूलों को नोटिस जारी कर अतिरिक्त वसूली गई फीस को भविष्य के शुल्क में समायोजित कराया जाएगा। प्रशासन की इस सख्ती से जहां स्कूल संचालकों में हड़कंप है, वहीं अभिभावकों ने राहत की उम्मीद जताई है।

# जब बुजुर्ग मां ने डीएम से कहा — मेरी बेटी को घर से हटवा दीजिए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** बुजुर्ग मां-बाप को बेटे या बहू द्वारा प्रताड़ित किए जाने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं, लेकिन कानपुर नगर के एक छोटे से गांव में रिश्तों का समीकरण उल्टा दिखाई दिया। यहां एक वृद्ध मां अपनी ही बेटी से परेशान होकर जनतादर्शन में जिलाधिकारी के सामने पहुंच गई। उसकी शिकायत थी कि जिस बेटी को उसने सहारा देकर अपने घर में जगह दी, वही अब उसके लिए परेशानी का कारण बन गई है। तहसील सदर के ग्राम दूल की रहने वाली लगभग 76 वर्षीय सरस्वती 9 अप्रैल को जनतादर्शन में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के सामने पहुंचीं। वृद्धा ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी पुत्री प्रेमशान्ती आए दिन उनके साथ दुर्व्यवहार करती है और घर में विवाद की स्थिति बनी रहती है। उनका कहना था कि हाल ही में बेटी ने उन्हें ही घर से बाहर निकाल दिया, जिसके बाद वे असहाय स्थिति में प्रशासन की शरण लेने को मजबूर हो गई। उन्होंने जिलाधिकारी से अपनी ही बेटी से घर खाली कराए जाने की मांग की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल जांच के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी सदर अनुभव सिंह राजस्व और पुलिस टीम के साथ ग्राम दूल पहुंचे। गांव में प्रशासनिक टीम के पहुंचने पर नायब तहसीलदार सचेण्डी, थानाध्यक्ष सचेण्डी, राजस्व कर्मी, ग्राम प्रधान तथा गांव के कई संभ्रांत लोग भी मौके पर एकत्र हो गए और पूरे प्रकरण की जानकारी ली गई।

ग्रामीणों से बातचीत में सामने आया कि मां-बेटी के बीच काफी समय से तनाव की स्थिति बनी हुई है। वृद्धा का कहना था कि वह शांति से जीवन बिताना चाहती हैं, लेकिन घर में आए दिन विवाद हो जाता है। दूसरी ओर प्रेमशान्ती ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ससुराल में प्रताड़ना के कारण वह अपनी पुत्री के साथ मायके आकर रहने लगी थी। उसने मां के साथ मारपीट के आरोपों से इनकार किया और कहा कि बेटी की शादी के बाद वह अपने ससुराल लौट जाएगी। गांव के लोगों और स्थानीय अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर बातचीत कराई गई। काफी देर तक चली बातचीत के बाद माहौल शांत हुआ और एक अस्थायी सहमति बन गई। उपजिलाधिकारी अनुभव सिंह ने माँ-बेटी में सुलह करा दिया है। साथ ही क्षेत्रीय लेखपाल और चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि समय-समय पर प्रकरण का संज्ञान लेते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

# सुधीर के कार्यालय अधीक्षक व अमित के टैक्स असिस्टेंट की सफलता पर खुशी का माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसएससी-सीजेएल परिणाम के तहत क्षेत्र के दो मेधावियों के चयन पर शनिवार को यहां खुशी का माहौल दिखा। लालगंज तहसील क्षेत्र के रोहाड़ा निवासी सुधीर तिवारी का चयन आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक के पद पर हुआ है। वहीं लालगंज नगर पंचायत के पूरे हरिकिशुन वार्ड तिकोनिया निवासी अमित यादव का चयन कर सहायक के पद पर हुआ है। मेधावियों की सफलता पर क्षेत्र के लोगों में प्रसन्नता देखी गयी। कार्यालय अधीक्षक के पद पर चयनित सुधीर तिवारी रोहाड़ा निवासी राम हृदय तिवारी के पुत्र हैं। परिजनों के साथ पूर्व प्रधान रामचंद्र तिवारी, रवीन्द्र तिवारी, छोटेलाल सिंह, अजय शुक्ल गुड्डू, सतीश सिंह, पुनीत सिंह, रोहित तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, सतीश पाठक, शीतला प्रसाद मिश्र, कल्लू सोनी, जयप्रकाश जायसवाल, शिवमूरत तिवारी, रामसुमेर सरोज आदि ने इसे गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा है। वहीं अमित यादव नगर के सरस्वती विद्या मंदिर के पुराछात्र होने के साथ विद्यालय के आचार्य लवकुश यादव के पुत्र हैं। अमित के चयन पर निदेशक आचार्य राम अवधेश मिश्र, प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र, सीबीएसई के प्रधानाचार्य महेन्द्र तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी आदि ने अमित की सफलता को मेधा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि कहा है।

# नवाचार, गुणवत्ता शिक्षा की आवश्यकताः कुलपति प्रोफेसर कविता शाह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर-** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा शनिवार को गौतम बुद्ध प्रेक्षागृह में विवि के राजकीय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में नई शिक्षा नीति (एनईपी -2020) के सफल क्रियान्वयन को बढ़ावा देने तथा संस्थागत गुणवत्ता संवर्धन के लिए नवाचार आधारित दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'मैनेजमेंट फॉर इंस्टीट्यूशनल ट्रांसफॉर्मेशनः इनसाइट्स फ्रॉम एनईपी ' विषय पर एक दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रही विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 कविता शाह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विश्वविद्यालय के विकास हेतु नवाचार, गुणवत्ता शिक्षा एवं प्रभावी नेतृत्व की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी -2020) शिक्षा व्यवस्था में समग्र परिवर्तन का आधार है तथा शिक्षकों को छात्र-केंद्रित, कौशल आधारित एवं बहुविषयक शिक्षा को अपनाना चाहिए। उन्होंने अनुसंधान, नवाचार एवं डिजिटल शिक्षा के समन्वय पर भी विशेष जोर दिया।

इसके पश्चात आईक्यूएसी निदेशक प्रो0 सौरभ द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं विषय-प्रस्तावना प्रस्तुत की गई। उन्होंने कहा कि नवीन प्रयोगों के माध्यम से ही शिक्षा में प्रगति संभव है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में गुणवत्ता स्थापित करने, छात्र-शिक्षक को मूल्य आधारित शिक्षा अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में अनुशासन बनाए रखने पर बल दिया।

इसके उपरांत कुलसचिव डॉ0 अश्विनी कुमार ने अपने संबोधन में प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता एवं समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्थान की प्रगति के लिए शैक्षणिक एवं प्रशासनिक तंत्र का समन्वय अनिवार्य है।

इसके अतिरिक्त, एक पैनल चर्चा का आयोजन भी किया गया, जिसमें अकादमिक उन्नयन एवं संस्थागत श्रेष्ठ कार्यपद्धतियों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। इस चर्चा में कुलानुशासक प्रो दीपक बाबू , अधिष्ठाता विज्ञान संकाय प्रो प्रकृति राय एवं प्रो0 कौशलेंद्र चतुर्वेदी सहित अन्य विशेषज्ञों ने सहभागिता की।

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रबंधन विकास कार्यक्रम में हीरा लाल राम निवास महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो बृजेश कुमार त्रिपाठी, बुद्ध पीठ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अभय कुमार श्रीवास्तव जवाहर लाल नेहरू स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अजय कुमार मिश्रा,रतन सेन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष सिंह , राजकीय महाविद्यालय बस्ती के प्राचार्य डॉ अतुल कुमार पांडेय सहित लगभग 30 राजकीय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए । कार्यक्रम का संचालन डॉ शिवम शुक्ला एवं धन्यवाद् ज्ञापन डॉ दीप्ती गिरी ने किया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीता यादव , लक्ष्मण सिंह, डॉ संतोष सिंह , डॉ. मयंक कुशवाहा, डॉ. रक्षा, डॉ. दीप्ती गिरी, डॉ विनीता रावत , डॉ किरण गुप्ता डॉ विमल वर्मा सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# पूर्व अध्यक्ष पर विजिलेंस का शिकंजा, आय से अधिक संपत्ति मामले में ताबड़तोड़ छापेमारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद के बरहज नगर में लखनऊ से पहुंची विजिलेंस टीम ने नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष रेनू जायसवाल के ठिकानों पर छापेमारी कर आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच तेज कर दी। सूत्रों के अनुसार, विजिलेंस टीम ने उनके आवास के साथ-साथ रजिस्ट्री कार्यालय और नगर पालिका के अभिलेखों को खंगालते हुए कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की। कार्रवाई देर शाम तक चलती रही, जिससे पूरे इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

बताया जा रहा है कि रेनू जायसवाल वर्ष 2001 से 2006 तक नगर पालिका गौरा बरहज की अध्यक्ष रही हैं। उनके खिलाफ वर्ष 2002 में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत दर्ज हुई थी, जिस पर अब लखनऊ मुख्यालय से जांच तेज कर दी गई है। विजिलेंस टीम मुख्य सतर्कता अधिकारी कमलेश यादव के नेतृत्व में सबसे पहले उनके आवास पर पहुंची, लेकिन उस समय वह घर पर मौजूद नहीं थीं। इसके बाद टीम ने रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचकर चल-अचल संपत्तियों से जुड़े दस्तावेजों की गहन जांच की। नगर पालिका कार्यालय में भी अभिलेखों की पड़ताल की गई। सूत्र बताते हैं कि फिलहाल जांच प्रारंभिक चरण में है। दस्तावेजों के विश्लेषण के बाद आगे की कार्रवाई तय होगी। यदि आरोपों की पुष्टि होती है, तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की संभावना है।

इस कार्रवाई के बाद बरहज समेत पूरे जनपद में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। खास बात यह है कि वर्तमान में उनकी बहू स्वेता जायसवाल नगर पालिका गौरा बरहज की अध्यक्ष हैं, ऐसे में इस जांच के दूरगामी राजनीतिक असर भी देखने को मिल सकते हैं।

फिलहाल, विजिलेंस की इस कार्रवाई ने एक बार फिर स्थानीय प्रशासन और राजनीति में पारदर्शिता को लेकर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

# एसडीएम विपिन द्विवेदी को शासन ने किया निलंबित, विभागीय जांच शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद के बरहज तहसील क्षेत्र में अधिवक्ता की संदिग्ध मौत मामले में शासन ने सख्त कदम उठाते हुए बरहज तहसील में तैनात विवादित उपजिलाधिकारी विपिन द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, साथ ही उन्हें राजस्व परिषद से संबद्ध करते हुए पूरे मामले की विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए हैं। इस कार्रवाई से प्रशासनिक तंत्र में हलचल मच गई है। मामला बरहज तहसील के लक्ष्मीपुर गांव का है, जहां नाली और नलकूप की जमीन पर सड़क निर्माण को लेकर पैमाइश चल रही थी। इसी दौरान मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी विपिन कुमार द्विवेदी और अधिवक्ता विजेंद्र सिंह के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कहासुनी इतनी बढ़ गई कि विपिन द्विवेदी ने अधिवक्ता को कड़ी फटकार लगाई। आरोप है कि इसके तुरंत बाद विजेंद्र सिंह की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें हृदयाघात आ गया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद अधिवक्ताओं और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। प्रशासन के खिलाफ विरोध तेज हुआ और दोषी अधिकारी पर कार्रवाई की मांग उठने लगी। बढ़ते दबाव को देखते हुए शासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए विपिन द्विवेदी को निलंबित कर दिया।

अब इस पूरे प्रकरण की गहन जांच होगी, जिससे घटना की सच्चाई और जिम्मेदारी तय की जा सके। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

यह घटना एक बार फिर प्रशासन और आम नागरिकों के बीच संवाद के तरीके पर सवाल खड़े कर रही है। फिलहाल सभी की निगाहें जांच के निष्कर्ष पर टिकी हैं।

# इस्लामाबाद मीटिंग के बाद चीन का बड़ा खेल, तेहरान में सैकड़ों टन बम और मिसाइल!

## चीनी कंपनियां ईरान को ड्यूल यूज़ टेक्नोलॉजी देती रही


● चीन और ईरान के बीच ये जो तकनीकी सहयोग है यह पहले से ही रहा है। यह नया नहीं है। सूत्रों का यह भी कहना है कि चीनी कंपनियां ईरान को ड्यूल यूज़ टेक्नोलॉजी देती रही है।

● जिससे ईरान जो है वो अपने हथियार और नेविगेशन सिस्टम को और भी ज्यादा बेहतर बना सके और यह बेहतर बनाता आया भी है। लेकिन अगर सीधे हथियार सिस्टम ट्रांसफर होता है तो यह मदद का एक बिल्कुल ही नया स्तर होगा।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

ईरान, अमेरिका, इजराइल जंग में अब बता दें कि चाइना की एंट्री हो गई है और इस दावे ने पूरी दुनिया को इस वक्त चौंका दिया है, हैरान कर दिया है। बता दें कि इस्लामाबाद में बातचीत हो रही है अमेरिका और ईरान के बीच में लेकिन दूसरी तरफ की जो कहानी है वो सबसे ज्यादा हैरान कर देने वाली है। सीज फायर जरूर हुआ है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ईरान अपने हाथ में हाथ रखकर चुप बैठा रहेगा। इस टाइम को ईरान अपनी सैन्य ताकत को और भी ज्यादा मजबूत करने में जुटा हुआ है। अब जो खबर सामने आई है उसके मुताबिक युद्ध विराम के बीच ईरान खुद को और भी ज्यादा मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। जो खुफिया जानकारी सामने आई है उससे यह पता चला है कि चाइना अगले कुछ हफ्तों में ईरान को नए एयर डिफेंस सिस्टम देने की तैयारी कर रहा है। खुफिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया, यह भी दावा किया गया है कि ईरान सीज फायर का फायदा उठाकर विदेशी दोस्तों की मदद से अपने हथियारों का जखीरा भरना चाहता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हथियारों में आपको बता दें कि सीधे नहीं बल्कि किसी तीसरे देश के रास्ते ईरान तक पहुंचाने की रणनीति बनाई जा रही है। योजना बनाई जा रही है और उस पर काम किया जा रहा है ताकि चीन की भूमिका बिल्कुल भी सामने ना आए। यानी ऊपर से न्यूट्रल रहने की बातचीत हो रही है और अंदर ही अंदर तैयारी कुछ और ही चल रही है।

सूत्रों के मुताबिक बता दें कि बीजिंग सिस्टम को ट्रांसफर करने की तैयारी कर रहा है। वे कंधे से दागे जाने वाले एंटी एयर मिसाइल सिस्टम भेजने की तैयारी कर रहा है। जिन्हें मैनपड्स कहा जाता है। ये ऐसे हथियार होते हैं जो कम ऊंचाई पर उड़ने वाले फाइटर जेट्स और हेलीकॉप्टर के लिए बेहद खतरनाक साबित होते हैं। यह बताया गया कि पांच हफ्तों तक चले युद्ध में ऐसे सिस्टम नीचे उड़ने वाले अमेरिकी एयरक्राफ्ट के लिए एक बड़ा खतरा भी साबित हुए थे और इसी के जरिए उन्हें टारगेट किया गया था। और अगर सीज फायर टूटता है तो यही हथियार चाइना का यही हथियार एक बार फिर अमेरिका और इजराइल के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आएगा। इस बीच बता दें कि एक और बड़ा दावा भी सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह बताया गया कि हाल ही में जिस अमेरिकी स्न1-15 फाइटर जेट को मार गिराया था उसे एक हैंड हेल्ड हीट स्किंग मिसाइल से निशाना बनाया गया था। हालांकि बता दें कि यह साफ बिल्कुल भी नहीं हो पाया है। पुष्टि नहीं हो पाई है कि वो



सिस्टम चीन में बना था या फिर नहीं। लेकिन अगर ऐसा साबित होता है तो यह बीजिंग की सीधी भागीदारी की ओर साफ-साफ इशारा करता है। दरअसल बता दें कि चीन और ईरान के बीच ये जो तकनीकी सहयोग है यह पहले से ही रहा है। यह नया नहीं है। सूत्रों का यह भी कहना है कि चीनी कंपनियां ईरान को ड्यूल यूज़ टेक्नोलॉजी देती रही है। जिससे ईरान जो है वो अपने हथियार और नेविगेशन सिस्टम को और भी ज्यादा बेहतर बना सके और यह बेहतर बनाता आया भी है। लेकिन अगर सीधे हथियार सिस्टम ट्रांसफर होता है तो यह मदद का एक बिल्कुल ही नया स्तर होगा। अब इस पूरे मामले का एक कूटनीतिक एंगल भी सामने आया है। दरअसल बता दें कि अगले महीने जो है बीजिंग में ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात होने की उम्मीद है। ऐसा रिपोर्ट में दावा किया गया है।

ऐसे में यह जो रिपोर्ट सामने आई है यह उस बैठक पर भी साया डाल सकती है। वाइट हाउस ने भी यह संकेत दिया है कि हाल ही में ईरान सीज फायर बातचीत के दौरान अमेरिका और चीन के बीच में एक हाई लेवल [संगीत] बातचीत हुई थी। इंटेलिजेंस से जुड़े सूत्रों का यह मानना है कि चीन इस जंग में खुलकर कूदने का जोखिम बिल्कुल भी नहीं लहना चाहता है। उसे यह पता है कि अमेरिका और जो इजराइल है यह इसके खिलाफ होगा। सीधे टक्कर में जीतना आसान नहीं है।

इसलिए बीजिंग जो है वो एक अलग ही रणनीति पर काम कर रहा है। इस वक्त ऊपर से वो न्यूट्रल रहने की कोशिश कर रहा है और अंदर ही अंदर ईरान के साथ अपने रिश्तों को वो मजबूत कर रहा है। ईरान को यह खुलकर मदद कर रहा है। इसके पीछे एक बड़ा कारण यह भी है कि चीन जो है वो ईरान के तेल पर काफी हद तक निर्भर है। ऐसे में वह तेहरान को बिल्कुल भी नाराज नहीं कर सकता और खुद को उसका पक्का दोस्त भी साबित चाइना करना चाहता है। हालांकि जैसे ही यह रिपोर्ट सामने आई वाशिंगटन में चीनी दूतावास ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। इसे नजरअंदाज कर दिया है। प्रवक्ता ने यह भी कहा है कि चीन ने कभी भी इस लड़ाई में किसी भी पक्ष को हथियार नहीं दिए हैं। यानी कि इस दावे पर चीन की तरफ से रिएक्शन सामने आया है। ऐसे में आरोप बेबुनियाद है। उन्होंने यह कहा और यह सनसनी फैलाने की कोशिश की जा रही है।

# भारत की न्यूक्लियर छलांग पर क्या बोला पाकिस्तान? हर तरफ हो रही चर्चा

काजमी ने यह भी दावा किया कि भारत का यह परमाणु कार्यक्रम अब उसे हर साल 300 परमाणु बम बनाने की ताकत देगा। हालांकि पाकिस्तान की बातों को वैसे भी कोई गंभीरता से नहीं लेता क्योंकि यह हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।



भारत ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में जो कामयाबी हासिल की उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। चीन से लेकर पाकिस्तान तक हर जगह भारत की इस उपलब्धि की चर्चा हो रही है। जहां एक तरफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे बड़ी वैज्ञानिक प्रगति माना जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान में इस खबर को लेकर मायूसी और बेचैनी भी साफ नजर आ रही है। पाकिस्तानी डॉन ने रिपोर्ट में माना कि भारत अब अपने न्यूक्लियर फ्यूल प्रोडक्शन के बेहद करीब पहुंच चुका है। डॉन ने लिखा कि भारत ने अपने स्वदेशी रिएक्टर के जरिए खुद का परमाणु ईंधन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा लिया है। दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश अब 2047 तक अपनी परमाणु क्षमता को 100 गीगावाट तक ले जाने का लक्ष्य रख रहा है। अखबार ने पीएम मोदी के हवाले से बताया कि ये रिएक्टर अपनी खपत से ज्यादा ईंधन पैदा करने की ताकत रखता है। हालांकि डॉन ने जहां यह खबर छापी वहीं पाकिस्तान के आर्म्स कंट्रोल एडवाइजर जाहिर काजमी सोशल मीडिया पर अपना डर छिपा नहीं पाया।

काजमी ने एक तरह से रोते हुए भारत पर आरोप लगाए कि इस रिएक्टर की मदद से भारत अब परमाणु बम बनाने लायक प्लूटोनियम तैयार कर सकता है। काजमी का दावा है कि इस नए रिएक्टर के जरिए भारत अब इतनी बड़ी मात्रा में हथियार ग्रेड प्लूटोनियम बना पाएगा जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती। काजमी ने यह भी दावा किया कि भारत का यह परमाणु कार्यक्रम अब उसे हर साल 300 परमाणु बम बनाने की ताकत देगा। हालांकि पाकिस्तान की बातों को वैसे भी कोई गंभीरता से नहीं लेता क्योंकि यह हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। पाकिस्तान में यह मायूसी इस वजह से भी है क्योंकि भारत ने ऐसा कारनामा कर दिखाया है जिसकी कल्पना पाकिस्तान के यहां की भी नहीं जा सकी। रही बात हकीकत की तो भारत का यह परमाणु कार्यक्रम मुख्य रूप से ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए है और दुनिया भर के बड़े परमाणु इंजीनियर्स ने भारत की इस स्वदेशी तकनीक की तारीफ भी की है। पाकिस्तान का यह डर दरअसल उसकी अपनी असुरक्षा का नतीजा है। वहीं अक्सर भारत की कामयाबी पर अक्सर चुप रहने वाली चीनी मीडिया ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी।

चीनी मीडिया सिवा ने अपने रिपोर्ट में लिखा कि भारत ने अपने परमाणु कार्यक्रम में एक मील का पत्थर छू लिया है। भारत का सबसे उन्नत और स्वदेशी तकनीक से डिजाइन किया गया रिएक्टर अब पूरी तरह सक्रिय होने की स्थिति में आ गया है। चीनी मीडिया ने माना कि भारत अब अपनी तीन चरणों वाले परमाणु कार्यक्रम के दूसरे और सबसे महत्वपूर्ण चरण में सफलतापूर्वक प्रवेश कर चुका है। और देखा जाए तो यह चीन के लिए भी एक संकेत है कि परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत अब आत्मनिर्भरता की उस दहलीज पर खड़ा है जहां से उसे हराना मुश्किल होगा और आपको जानकर हैरानी होगी कि इस तकनीक के मामले में भारत अब दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जिनके पास ऐसी क्षमता है।

## संक्षिप्त खबरें

### गोपालगंज में जदयू संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए जिला अध्यक्ष ने किया भ्रमण- प्रमोद कुमार पटेल



**गोपालगंज,** गोपालगंज जिले में जनता दल यूनाइटेड पार्टी के संगठन की मजबूती और संगठन विस्तार के लिए जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने जिल मे किया भ्रमण और पार्टी के पुराने एवं वरिष्ठ साथियों के साथ किया बैठक श्री पटेल ने कुचायकोट विधानसभा क्षेत्र में दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर जन संवाद किया और मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के द्वारा 20 वर्षों में किए गए विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल के साथ पार्टी के नेता उमाशंकर शर्मा, राधेश्याम साहनी, हरिश्चंद्र प्रसाद पटेल, शैलेश कुमार तिवारी, चंद्रिका प्रसाद कुशवाहा, सुरजी यादव, दुर्गा प्रसाद गोड, संजीत कुमार राम, मुकेश प्रसाद सिंह कुशवाहा, अनिरुद्ध प्रसाद कुशवाहा के साथ अन्य लोग उपस्थित थे !

### डूबे मछुआरे का दो दिन बाद शव उतराया मिला शव

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**गोपीगंज।** रामपुर गंगा घाट पर गुरुवार को मछली पकड़ने के दौरान डूबे मछुआरे रामराज निषाद का शव शनिवार को सुबह जहांगीराबाद घाट के पास उतराया मिला,मौके पर पहुची पुलिस शव को कब्जे में ले लिया। रामपुर घाट निवासी रामराज गुरुवार को देर शाम उस समय गंगा मे डूब गया था जब जाल निकालने के लिए गंगा मे डुबकी लगा रहा था, काफी देर बाद बाहर न निकलने पर स्थानीय गोताखोर तलाश में जुटे थे, शुक्रवार को एनडीआरएफ की टीम भी लगी थी लेकिन प्रयास सफल नही हुआ था। शनिवार को जहांगीराबाद घाट के पास शव उतराया देख उसे बाहर निकाल लिया गया। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### गोपालगंज: शहादत दिवस पर स्व0 महेश प्रसाद नारायण शर्मा को श्रद्धांजलि



**गोपालगंज (बिहार)-** समाहरणालय परिसर में आज स्व0 महेश प्रसाद नारायण शर्मा, भूतपूर्व जिला पदाधिकारी गोपालगंज, के शहादत दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री पवन कुमार सिन्हा ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता श्री राजेश्वरी पाण्डेय, पंचायती राज पदाधिकारी श्री धर्मेंद्र कुमार तथा सामान्य शाखा प्रभारी श्री अजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने स्व0 शर्मा के योगदान और उनके साहसिक कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्व0 महेश प्रसाद नारायण शर्मा ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया, जो सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

### महुआ वृक्षारोपण से छात्रों को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात — जो लिखेगा, वही टिकेगा

**भदोही।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कंसापुर में शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता द्वारा वृक्षारोपण अभियान के 3104वें दिन महुआ का पौधा लगाया गया। इस दौरान छात्रों को महुआ के पर्यावरणीय, आर्थिक व औषधीय महत्व के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि महुआ ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है और मृदा संरक्षण व पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में कई लोगों ने पौधारोपण में सहयोग किया।

## एमएस धोनी की मैदान पर कब होगी वापसी? कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने साफ कर दी तस्वीर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के 18वें मुकाबले में आज चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी मैदान पर नहीं पहुंचे। मुकाबला चेन्नई के होम ग्राउंड एमए चिदम्बरम स्टेडियम में खेला जा रहा है। ऐसे में फैंस को उम्मीद थी कि उन्हें माही के झलक देखने को मिलेगी। धोनी पिंडली की चोट से जूझ रहे हैं और इस सीजन कोई भी मैच नहीं खेले हैं। टॉस के दौरान चेन्नई के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने धोनी की चोट पर अपडेट दिया। साथ ही बताया कि उनकी मैदान पर कब वापसी हो रही है।

**चेन्नई को पहली जीत की तलाश**

टॉस हारने के बाद रुतुराज गायकवाड़ ने कहा, 'पिच थोड़ी सूखी लग रही है। टॉस को लेकर हम असमंजस में थे। हमारा टारगेट आज अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना, पहली जीत हासिल करना और अंक तालिका में जगह बनाना है। पिछले कुछ मैचों में भी हम यही कोशिश कर रहे हैं। जैसा कि मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, हम हर विभाग में सुधार कर रहे हैं। बल्लेबाजी बहुत अच्छी चल रही है, बस कुछ अहम मौकों पर हम चूक गए हैं और हमें उन्हीं क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है। '



**ब्रेविस की वापसी हुई**

गायकवाड़ ने कहा, 'सभी खिलाड़ी अच्छे मूड में हैं और खेलने के लिए उत्सुक हैं। टीम के संतुलन को देखें तो हम अपनी पूरी क्षमता से खेल रहे हैं। ब्रेविस की वापसी से हमें बहुत खुशी है, वह उत्साहित और तैयार हैं। मिडिल ऑर्डर भी मजबूत दिख रहा है। हमने मैट हेनरी की जगह गुरजपनीत सिंह को भी टीम में शामिल किया है। वह अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। '

**वह होटल से सपोर्ट कर रहे**

रुतुराज गायवाड़ से जब धोनी की के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'एमएस धोनी के बारे में पूछने वालों के लिए बता दूं कि वह होटल में बैठकर हमारा मैच देख रहे हैं और हमारा समर्थन कर रहे हैं। लेकिन हां, बहुत जल्द आप उसे मैदान पर खेलते हुए देखेंगे।' दिल्ली के खिलाफ मैच से पहले धोनी ने नेट्स में जमकर पसीना बहाया था। ऐसे में कयास लगाए जा रहे थे कि शनिवार को धोनी मैदान में उतर सकते हैं।

## माया की निद्रा में प्रशासन भागीरथ बने सुदामाबिलुप्त हो रही ................

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

पेज 1 की शेष खबर

**सामाजिक तनाव की वजह भी बनी मनोरमा** प्रदूषण और अतिक्रमण का असर सिर्फ पर्यावरण तक सीमित नहीं। आरोप है कि पिछले दिनों हरैया थाना क्षेत्र के चफवा बाजार में मनोरमा से जुड़े विवाद के कारण साम्प्रदायिक हिंसा फैलते-फैलते बची। प्रशासन के 'हाथ-पांव फूल गए थे '। जब नदी मरेगी तो समाज भी बंटेगा – यह चेतावनी है।

**कुआनो, रामरेखा का भी यही हाल** मनोरमा अकेली नहीं। कुआनो नदी, रामरेखा नदी – सभी पौराणिक धाराएं विलुप्ति की कगार पर हैं। इन्हें एक 'भागीरथ' की जरूरत है। भागीरथ यानी वह जो गंगा को स्वर्ग से धरती पर लाया था। आज जरूरत ऐसे जन-भागीरथों की है जो इन नदियों में फिर से अविरल धारा लाएं।

**नदियों को सफाई तथा स्वच्छ बनाने कीसरकार की योजनाएं कहां है**

1. नमामि गंगे: मुख्यतः गंगा और सहायक नदियों पर फोकस। मनोरमा, कुआनो जैसी छोटी पौराणिक नदियां उपेक्षित।

2. अमृत सरोवर: तालाबों के जीर्णोद्धार की योजना है, पर नदी के कैचमेंट से नहीं जोड़ा गया।

3. मनरेगा गाद निकालने, चेकडैम बनाने के लिए पर्याप्त, पर जिले में इच्छाशक्ति नहीं।

4. *राज्य नदी संरक्षण निदेशालय*: कागज पर गठित, जमीन पर निष्क्रिय।

**जीरो टॉलरेंस का दोहरा चेहरा दिखाई दे रहा है** एक तरफ सरकार 'विरासत भी, विकास भी का नारा देती है। अयोध्या, काशी, मथुरा का विकास हो रहा है। पर राम के जन्म से जुड़ी पुत्रेष्टि यज्ञ की साक्षी मनोरमा मरणासन्न है। यह विरोधाभास है। 'सुदामा' का आरोप है कि भ्रष्टाचार के कारण नदियों के नाम पर आने वाला पैसा 'गर्भ में ही हजम' हो जाता है। यानी योजना बनने से पहले ही बंदरबांट। इसकी उच्च स्तरीय जांच करते हुए नदियों के नाम पर आए हुए धरो की उसूली की जाए अन्यथा भूख हड़ताल पर अपनी जान भी सामाजिक जीवन केलिए दे सकता हूं

**प्रशासन का ढुलमुल रवैया क्यों**

1. जवाबदेही का अभाव: सिंचाई, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, प्रदूषण बोर्ड सबकी जिम्मेदारी, पर जवाबदेही किसी की नहीं।

2. मॉनिटरिंग नहीं: ड्रोन सर्वे, सैटेलाइट मैपिंग, थर्ड पार्टी ऑडिट नहीं।

3. राजनीतिक इच्छाशक्ति: नदी बचाने से तत्काल वोट नहीं मिलता, इसलिए प्राथमिकता में नीचे।

4. ठेकेदारी संस्कृति: गाद निकालने के नाम पर जेसीबी से मिट्टी बेचने का खेल।

**भूख हड़ताल: गांधीवादी रास्ता, पर कब तक**

चन्द्रमणि पांडे 'सुदामा' का भूख हड़ताल पर बैठना बताता है कि लोकतांत्रिक तरीके खत्म हो रहे हैं। ज्ञापन, धरना, प्रदर्शन के बाद जब सुनवाई न हो तो अनशन अंतिम हथियार बचता है। पर सवाल है: क्या जिला प्रशासन किसी जनप्रतिनिधि की जान जोखिम में डालकर ही जागेगा?

आगे का रास्ता: 12 सूत्रीय भागीरथ योजना

1. नदी पुत्र अधिनियम : मनोरमा, कुआनो, रामरेखा को 'जीवित इकाई' का दर्जा, जैसा उत्तराखंड में गंगा-यमुना को मिला।

2. डिमार्केशन: राजस्व नक्शे से नदी की मूल चौड़ाई निकालकर पैमाइश। अतिक्रमण हटाओ अभियान।

3. गाद नीलामी पारदर्शी: निकाली गई सिल्ट की ई-नीलामी, पैसा नदी खाते में।

4. एसटीपी अनिवार्य: नदी में गिरने वाले हर नाले पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट।

5. चेकडैम श्रृंखला: उद्गम से संगम तक हर 5 किमी पर छोटे चेकडैम। मनरेगा + कॉर्पोरेट ष्टस्क्र

6. नदी न्यास: संत समाज, पर्यावरणविद, प्रशासन, जनप्रतिनिधि का संयुक्त न्यास। सुदामा जैसे लोगों को शामिल करें।

7. वार्षिक ऑडिट आईआईटी बीएचयू या बीबीएयू से नदी स्वास्थ्य रिपोर्ट।

8. कल्चरल मैपिंग: मखौड़ा धाम, ऋषि श्रृंगी आश्रम, पुत्रेष्टि यज्ञ स्थल को पर्यटन सर्किट से जोड़ें। इससे संरक्षण को आर्थिक बल मिलेगा।

9. जीआईएस पोर्टल: जनता के लिए लाइव डैशबोर्ड – जल स्तर, प्रदूषण स्तर, खर्च।

10. दंडात्मक प्रावधान: नदी में कचरा/केमिकल डालने पर 1 लाख जुर्माना + 6 माह कैद।

11. जैविक खेती बफर जोन: नदी के दोनों तरफ 100 मीटर तक रासायनिक खाद प्रतिबंध।

12. भागीरथ सम्मान: हर साल नदी बचाने वाले नागरिक को जिला स्तर पर सम्मान, 1 लाख पुरस्कार।

**जिला प्रशासन से 5 तात्कालिक मांगें**

1. डीएम बस्ती 48 घंटे में भूख हड़ताल स्थल पर पहुंचकर वार्ता करें।

2. मनोरमा, कुआनो, रामरेखा की ड्रोन मैपिंग 15 दिन में सार्वजनिक हो।

3. पिछले 5 साल में नदी संरक्षण पर खर्च का श्वेत पत्र जारी हो।

4. चफवा जैसी घटनाएं रोकने के लिए अंतर-धार्मिक नदी संरक्षण समिति बने।

5. मॉनसून से पहले गाद निकालने का टेंडर और थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग शुरू हो।

**निद्रा तोड़ो, वरना इतिहास माफ नहीं करेगा**

मनोरमा सिर्फ बस्ती की नदी नहीं, सनातन आस्था की धमनी है। जिस तट पर राम के जन्म का यज्ञ हुआ, वह आज नाले में बदल जाए – इससे बड़ा सांस्कृतिक अपराध क्या होगा? 'सुदामा' आज भागीरथ प्रयास कर रहे हैं। पर अकेले सुदामा गंगा नहीं ला सकते। प्रशासन, सरकार, समाज – तीनों को जगना होगा। माया रूपी निद्रा सबकी आंखों में है: नेता की, अफसर की, ठेकेदार की, औरहमारी-आपकी भी। अगर अब भी नहीं जागे तो अगली पीढ़ी हमें पूछेगी राम की नदी कहां गई?' और हमारे पास जवाब नहीं होगा।

# टटीरी फिर से: विवाद के बाद बादशाह की वापसी, नए कलेवर में रिलीज होगा गाना

● मशहूर भारतीय रैपर बादशाह (बादशाह) ने अपने हालिया विवादित गाने 'टटीरी ' को लेकर उपजे कड़े विरोध के बाद एक बड़ा कदम उठाया है। गायक ने सोशल मीडिया के जरिए इस गाने के संशोधित संस्करण 'टटीरी फिर से' का ऐलान किया है।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

मशहूर भारतीय रैपर बादशाह (बादशाह) ने अपने हालिया विवादित गाने 'टटीरी ' को लेकर उपजे कड़े विरोध के बाद एक बड़ा कदम उठाया है। गायक ने सोशल मीडिया के जरिए इस गाने के संशोधित संस्करण 'टटीरी फिर से' का ऐलान किया है। उन्होंने प्रशंसकों और अधिकारियों को आश्वासन दिया है कि नए वर्जन से उन सभी हिस्सों को हटा दिया गया है, जिनसे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंची थी।

बाद में, हरियाणा राज्य महिला आयोग सहित कई सरकारी संगठनों और अन्य लोगों की शिकायतों के बाद, हरियाणा पुलिस ने इस गाने से जुड़े सैकड़ों लिंक–जिनमें यूट्यूब वीडियो और इंस्टाग्राम रील्स शामिल थे–हटा दिए। बाद में उन्होंने माफी मांगी और बताया कि यह गाना सभी



प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है। अब, 10 अप्रैल को, बादशाह ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने गाने के एक नए वर्जन 'टटीरी फिर से' का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने गाने से सभी आपत्तिजनक हिस्से हटा दिए हैं और इसे अगले हफ्ते रिलीज़ करेंगे।

शुक्रवार को एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए, बादशाह ने हिंदी में लिखा (जिसका अंग्रेज़ी अनुवाद यह है): 'हरियाणा के लोगों और दुनिया भर में मौजूद मेरे सभी फैंस को मेरा नमस्कार। हाल ही में रिलीज़ हुए गाने 'टटीरी ' को लेकर कई लोगों की भावनाओं को देखते हुए, मैंने कुछ सरकारी अधिकारियों, महिला अधिकारियों, समाजसेवियों और हमारी संस्कृति से जुड़े मामलों में ज़रूरी बदलाव करने का फैसला किया है। इसी आधार पर, हमने ज़रूरी बदलाव किए हैं, और जिन भी हिस्सों से किसी को अपमान महसूस हुआ था, उन्हें हटा दिया गया है। मैं इस घटना के लिए माफी मांगता हूं और उन सभी लोगों की भावनाओं का सम्मान करता हूं जिन्हें ठेस पहुंची है। एक कलाकार के तौर पर, अपने समाज और संस्कृति के प्रति मेरी ज़िम्मेदारी भी उतनी ही अहम है। इसी के साथ, आप सभी से, आपकी भावनाओं से, और आपकी कहानियों व गीतों से मैं तहे दिल से माफी मांगता हूं। 'उन्होंने आगे कहा, ''टटीरी फिर से'- यह सफर अभी शुरू ही हुआ है। आपके सहयोग, आपकी आवाज़ और आपके भरोसे के साथ, इसे आगे बढ़ाया जाएगा। मुझे उम्मीद है कि यह नई ऊर्जा और नया सम्मान लेकर आएगा। यह गाना उन सभी लोगों को समर्पित है जिन्होंने इस विवाद पर अपनी राय रखी। यह एक बातचीत है, और तोड़ने से बेहतर है कि हम कुछ बनाएं। 'टटीरी फिर से' 14.04.26 को सभी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा - इसे सुनें, शेयर करें और फैलाएं।

# 'जना नायकन' लीक पर भड़के विजय देवरकोंड, बोले- कलाकारों के सपनों के साथ खिलवाड़ है पायरेसी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

थलापति विजय की बहुप्रतीक्षित और उनके करियर की आखिरी फिल्म 'Jana Nayagan' के ऑनलाइन लीक होने की खबर ने दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग में हड़कंप मचा दिया है। इस घटना पर तेलुगु सुपरस्टार विजय देवरकोंडा ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए पायरेसी करने वालों को जमकर लताड़ लगाई है।

विजय देवरकोंडा ने थलापति विजय की फ़िल्म लीक होने पर गुस्सा ज़ाहिर किया अपने ङ्क पोस्ट में उन्होंने लिखा, '#JanaNayagan के लीक होने से मुझे गुस्सा आता है। मैंने अपने करियर की शुरुआत में, जब मेरे साथ भी ऐसा कुछ हुआ था, तब मैंने खुद इस दर्द और नुकसान के एहसास को महसूस किया है। थलापति विजय की बहुप्रतीक्षित और उनके करियर की आखिरी फिल्म 'जना नायकन' के ऑनलाइन लीक होने की खबर ने दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग में हड़कंप मचा दिया है। इस घटना पर तेलुगु सुपरस्टार विजय देवरकोंडा ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए पायरेसी करने वालों को जमकर लताड़ लगाई है।

विजय देवरकोंडा ने थलापति विजय की फ़िल्म लीक होने पर गुस्सा ज़ाहिर किया

अपने ङ्क पोस्ट में उन्होंने लिखा, '#JanaNayagan के लीक होने से मुझे गुस्सा आता है। मैंने अपने करियर की शुरुआत में, जब मेरे साथ भी ऐसा कुछ हुआ था, तब मैंने खुद इस दर्द और नुकसान के एहसास को महसूस किया है। आपको लगता है कि आप किसी के निशाने पर हैं, आपकी उम्मीदें टूट जाती हैं; यह सिर्फ़ मेरे बारे में नहीं है, इसमें को-एक्टर्स, डायरेक्टर्स, प्रोड्यूसर्स और बहुत से ऐसे लोग शामिल हैं जिनके सारे सपने इस फ़िल्म पर टिके होते हैं। '

उन्होंने आगे कहा, 'इस मौजूदा मसले को जल्द से जल्द सुलझाया जाना चाहिए और इसके पीछे जो लोग हैं, उनकी पहचान की जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है, तो यह सिस्टम की नाकामी को दिखाता है। यह हमें बार-बार याद दिलाता है कि लोग कितने असंवेदनशील हो सकते हैं, और कुछ लोग बिना सोचे-समझे दूसरों को नुकसान पहुँचाने के लिए किस हद तक जा सकते हैं। मैं फ़िल्म की पूरी टीम के साथ अपनी संवेदनाएँ और बिना शर्त अपना पूरा समर्थन देता हूँ (sic)।' नीचे देखें:

**Pooja Hegde ने Jana Nayagan फ़िल्म लीक होने पर प्रतिक्रिया दी**

शनिवार सुबह, Jana Nayagan की एक्ट्रेस Pooja Hegde ने थलपति विजय की इस आख़िरी फ़िल्म के लीक होने की कड़ी निंदा की। उन्होंने इस घटना को 'दिल तोड़ने वाला' बताया और लोगों से अपील की कि फ़िल्म के ऑफ़िशियल तौर पर रिलीज़ होते ही वे इसे ज़रूर देखें। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज़ में, 'कूली' एक्ट्रेस ने लिखा, 'मेरे प्यारे दर्शकों। एक फ़िल्म अनगिनत घंटों की मेहनत, क्रिएटिव रिस्क, निजी कुर्बानियों और एक ऐसी टीम का



नतीजा होती है, जो हर दिन इस उम्मीद के साथ काम पर आती है कि आपको सबसे बेहतरीन अनुभव दे सके। हमारी फ़िल्म का ऑनलाइन लीक होना बहुत दुख की बात है - न सिर्फ़ मेरे लिए, बल्कि उस हर एक इंसान के लिए जिसने इस पर काम किया है। इसे लीक होते और गैर-कानूनी तरीके से शेयर होते देखना बहुत मुश्किल है - इसलिए नहीं कि इससे फ़िल्म के आंकड़ों पर असर पड़ेगा, बल्कि इसलिए कि यह उस इज़्ज़त को छीन लेता है जिसके हर कलाकार और टेक्नीशियन हकदार हैं... और हाँ, क्या हम सब इस बात के हकदार नहीं हैं कि एक साथ मिलकर विजय सर की आखिरी फ़िल्म को, आखिरी बार, बड़े पर्दे पर सही तरीके से देखें और उसका जश्न मनाएँ? तो चलिए, इसे सही तरीके से ही देखते हैं... थोड़ा इंतज़ार करते हैं। यह सही समय पर रिलीज़ हो जाएगी। ' उन्होंने अपने नोट का अंत इन शब्दों के साथ किया, 'चलिए, पायरेसी को बढ़ावा न दें। इसी तरह सिनेमा और कला ज़िंदा रहेंगे। प्यार, कला। कलाकार। टेक्नीशियन। - PH #jananayagan '